Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/
Established 1865
# पायनियर
नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
www.dailypioneer.com
RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 13 । अंक 78
नई दिल्ली, बुधवार, 22 जनवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10
अमिताभ बच्चन ने 83 करोड़ रुपए में बेचा डुप्लेक्स अपार्टमेंट

# नक्सल विरोधी अभियान में 14 ढेर

**पायनियर समाचार सेवा।** रायपुर/भुवनेश्वर

**छत्तीसगढ़-ओडिशा** सीमा पर केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों के एक संयुक्त दल ने मुठभेड़ में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक शीर्ष नेता सहित 14 नक्सलियों को मार गिराया है तथा इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के दो जवान घायल हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार कहा कि नक्सल मुक्त भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के संकल्प और सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डू भी शामिल हैं। मनोज एक करोड़, तो गुड्डू 25 लाख रुपए का इनामी था। मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था। इसी तरह 1 करोड़ का इनामी नक्सली केंद्रीय कमेटी मेंबर जयराम उर्फ चलपती भी मारा गया है। मरने वालों में महिला नक्सली भी शामिल हैं। अन्य नक्सलियों की पहचान की जा रही है गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट के भालुडिग्गी की पहाड़ियों पर पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ 36 घंटे से जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले सोमवार को इसी अभियान के दौरान मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गई थीं तथा सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़-उड़ीसा सीमा पर मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह फिर से मुठभेड़ हुई, जिसमें 12 और नक्सली मारे गए। इसके साथ ही अभियान में मारे गए नक्सलियों की संख्या 14 हो गई है।गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान माओवादियों की केंद्रीय समिति के सदस्य जयराम उर्फ चलपति के रूप में हुई है, जिस पर एक करोड़ रुपए का इनाम था। राखेचा ने बताया कि शेष मारे गए नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। इलाके में अभी भी रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है तथा मृत माओवादियों की संख्या बढ़ सकती है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), छत्तीसगढ़ से सीआरपीएफ का कोबरा बटालियन और उड़ीसा से विशेष अभियान दल (एसओजी) के सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल इस अभियान में शामिल है। अधिकारी ने बताया कि उड़ीसा के नुआपाड़ा जिले की सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ के कुल्हाड़ीघाट रिजर्व वन में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर 19 जनवरी की रात को अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि सोमवार को अभियान के दौरान दो महिला नक्सलियों को मार गिराया गया और मुठभेड़ स्थल से एक सेल्फ-लोडिंग राइफल सहित बड़ी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और बारूदी सुरंग बरामद किए गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार (केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार) के तहत छत्तीसगढ़ निश्चित रूप से मार्च 2026 तक इस खतरे से मुक्ति पा लेगा। साय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा है, गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक (**शेष पृष्ठ 9**)



## एसटीएफ से मुठभेड़ में चार गैंगस्टर मारे गए

**बिस्वजीत बनर्जी।** शामली

**उत्तर प्रदेश** के मेरठ की स्पेशल टास्क फोर्स ने सोमवाार देर रात मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी वांछित बदमाश समेत चार बाद मार गिराए। इस गोलीबारील में एसटीएफ के एक निरीक्षक को भी गोलियां लगी हैं। शामली जिले के झिंझाना इलाके में उदपुर ईंट भट्ठे के पास मुठभेड़ तब हुई जब एसटीएफ ने डकैती की आशंका में संदिग्धों की गाड़ी को रोका।



पुलिस के अनुसार, एसटीएफ टीम ने जब एक ब्रेजा कार को रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार बदमाशों ने कथित तौर पर गोलियां चला दीं, जिसके बाद दोनों पक्षों में भीषण गोलीबारी हुई। सहारनपुर के गंगोह के मुकीम और मुस्तफा उर्फ कग्गा गिरोह के सदस्य अरशद को गोली लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह शामली, सहारनपुर और हरियाणा के पानीपत में डकैती और हत्या के कई मामलों में वांछित था।

मुठभेड़ में घायल हुए उसके तीन साथियों सोनीपत निवासी मंजीत, हरियाणा के मधुबन निवासी सतीश और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति की भी मौत हो गई। मुठभेड़ में इंस्पेक्टर सुनील कुमार घायल हो गए और उन्हें गुरुग्राम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत पहले से बेहतर है। पुलिस ने घटनास्थल से पिस्तौल और कट्टे बरामद किए हैं। छानबीन में पता चला है कि आजीवन कारावास की सजा काट रहा मंजीत पैरोल पर बाहर आया था। इसके बाद उसने फिर से आपराधिक गतिविधियां शुरू कर दी थीं। बताया जा रहा है कि गिरोह झिंझाना इलाके में एक बड़ी डकैती की योजना बना रहा था, तभी एसटीएफ ने उन्हें पकड़ लिया। डीआईजी अजय साहनी और शामली एसपी रामसेवक गौतम समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मुठभेड़ स्थल का दौरा किया और चल रही जांच की निगरानी कर रहे हैं।






## तुर्किए के होटल में आग लगने से 66 की मौत

**एजेंसी।** अंकारा

**तुर्किए के** गृह मंत्री ने कहा कि एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में एक होटल में आग लगने से कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। अली एरलिकाया ने कहा कि मंगलवार तड़के लगी आग में कम से कम 51 अन्य लोग घायल हो गए। एरलिकाया ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, उन्हें बहुत दुख है। दुर्भाग्य से इस होटल में लगी आग में 66 लोगों की जान गंवा दी। स्वास्थ्य मंत्री कमाल मेमिसोग्लू ने कहा कि घायलों में से कम से कम एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों और मीडिया रिपोटर्स के अनुसार, बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तरां में सुबह करीब साढ़े तीन बजे आग लग गई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने सरकारी अनादोलु एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट में इमारत से कूदने से हुई। निजी टेलीविजन ने कहा कि कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों का उपयोग करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। आयडिन ने बताया कि होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। होटल में स्की प्रशिक्षक नेकमी (**शेष पृष्ठ 9**)



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करते समय पत्रकारों से बात करते हुए।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने नागरिकता आदेश पर किए हस्ताक्षर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अमेरिका के** नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्ष किए हैं, जो संयुक त राज्य अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त कर देगा। 20 फरवरी से प्रभावी होने वाले इस आदेश में कहा गया है कि विदेशी पासपोर्ट धारकों के बच्चों, पर्यटक, छात्र या कार्यवीजा पर देश में कानूनी रूप से रहने वाले बच्चों को भी अब स्वचालित रूप से अमेरिकी नागरिकता नहीं मिलेगी। इस निर्णय के दूरगामी प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, खासकर ग्रीन कार्ड के लिए कतार में लगे दस लाख से अधिक भारतीयों के लिए।

ओवल ऑफिस से बोलते हुए, ट्रम्प ने वर्तमान प्रणाली की आलोचना की, जन्मसिद्ध नागरिकता को बिल्कुल हास्यास्पद कहा और दावा किया कि अमेरिका दुनिया का एकमात्र देश है जो अपनी धरती पर पैदा हुए बच्चों को स्वचालित नागरिकता प्रदान करता है। उन्होंने तर्क दिया कि इस नीति में परिवर्तन आवश्यक और उचित है। उन्होंने बदलाव के लिए बहुत अच्छे आधार का हवाला दिया। आदेश में बताया गया है कि प्रभावी तिथि के बाद अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को तब तक नागरिकता नहीं दी जाएगी जब तक कि पिता अमेरिकी नागरिक या वैध स्थायी निवासी न हो, और देश में माँ की उपस्थिति या (**शेष पृष्ठ 9**)

## भाजपा ने जारी किया विकसित दिल्ली संकल्प पत्र

**संजय राय।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए विकसित दिल्ली संकल्प पत्र का दूसरा हिस्सा जारी कर दिया है। इसमें युवा और असंगठित क्षेत्र के कामगारों को ध्यान में रखकर कई बड़े ऐलान किए गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को संकल्प पत्र का अनावरण करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो जरूरतमंद लोगों के लिए सभीह सरकारी संस्थानों में केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने ऑटो-टैक्सी ड्राइवर्स और घरों में सहायक के तौर पर काम करने वाले लोगों को बीमा देने मुहैया कराने का वादा किया।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15000 की वित्तीय सहायता और आवेदन शुल्क और यात्रा शुल्क के लिए दो बार तक प्रतिपूर्ति की जाएगी। आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए ठाकुर ने कहा कि आप-दा सरकार ने 5 साल में केवल 5 एससी छात्रों को छात्रवृत्ति दी, जबकि मोदी सरकार ने 34.5 लाख अनुसूचित छात्रों को मदद दी है। तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की तैयारी के लिए अनुसूचित जाति के छात्रों को डॉ. बी आर अंबेडकर स्टाइपेंड योजना के तहत 1 हजार रुपए प्रति माह का स्टाइपेंड दिया जाएगा।



नई दिल्ली में आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के दूसरे भाग के लॉन्च के दौरान दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, रामवीर सिंह बिधूड़ी, विजेंद्र गुप्ता के साथ भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर। फोटो : रंजन डिमरी/द पायनियर




अनुराग ठाकुर ने वादों की झड़ी लगाते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके तहत स्वास्थ्य, परिवहन, बिजली, पानी जैसे मुद्दों का समाधान पड़ोसी राज्यों, एमसीडी, एनडीएमसी और केंद्र सरकार के सहयोग से किया जाएगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए डीटीसी, मोहल्ला क्लीनिक, स्कूल, जल बोर्ड आदि में हुए घोटालों की जांच के लिए एसआईटी गठित की जाएगी। तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के लिए सहायता मुहैया कराने के लिए अनुसूचित जाति के छात्रों को आ ई टी आ ई, पॉलिटेक्निक आदि में पढ़ाई के लिए 1,000 मासिक वजीफा।

ऑटो और टैक्सी चालकों के लिए कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा। ऑटो और टैक्सी चालकों का 10 लाख रुपए तक का जीवन बीमा और 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा। बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति। रियायती वाहन बीमा। इसी तरह घरेलू कामगारों के लिए कल्याण बोर्ड कर उनका भी 10 लाख रुपये का जीवन बीमा और 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कराया जाएगा। बच्चों को छात्रवृत्ति। 6 महीने की पेड मैटरनिटी लीव दी जाएगी। पीएम स्वनिधि योजना का विस्तार कर लाभार्थियों की संख्या दोगुनी की जाएगी।

इससे पहले संकल्प पत्र के पहले हिस्से में दिल्ली के विकास और जनकल्याण के लिए किए गए मुख्य वादे इस प्रकार है। गरीब महिलाओं को महिला समृद्धि योजना के तहत 2,500 रुपये की मासिक सहायता। गर्भवती महिलाओं को मुख्यमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत 21,000 रुपये की आर्थिक सहायता और 6 पोषण किट। 500 में एलपीजी गैस सिलेंडर और होली-दीवाली पर मुफ्त सिलेंडर। आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज, साथ ही, 70 साल से अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त ओपीडी और डायग्नोस्टिक सुविधाएं। इसके अलावा 60-70 वर्ष की उम्र के नागरिकों को 2,500 मासिक पेंशन। 70 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 3,000 रुपये मासिक पेंशन। झुग्गी-झोपड़ी में अटल कैंटीन से 5 रुपये में पौष्टिक भोजन आदि वादे किए गए हैं।

## सेंसेक्स 1,235 अंकों का लगाया गोता, सात माह के निचले स्तर पर बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**अमेरिका में** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के साथ ही दुनिया में व्यापार युद्ध गहराने की आशंका और विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहने से घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को धड़ाम हो गए। व्यापक बिकवाली से सेंसेक्स 1,235 अंकों का गोता लगाते हुए सात महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली से भी धारणा प्रभावित हुई। बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,235.08 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 75,838.36 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,431.57 या 1.85 फीसदी फिसलकर 75,641.87 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 320.10 अंक यानी 1.37 प्रतिशत गिरकर 23,024.65 पर बंद हुआ। यह छह जून, 2024 के बाद का सबसे निचला स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 367.9 अंक गिरकर 22,976.85 पर आ गया था। बड़े पैमाने पर बिकवाली होने से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 7,52,520.34 करोड़ रुपए घटकर 4,24,07,205.81 करोड़ रुपए (4.90 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। घरेलू बाजारों में मंगलवार को काफी गिरावट देखी गई, जिसमें अस्थिरता बढ़ गई, इसके बाद ट्रम्प ने अपने शपथ ग्रहण के दिन पड़ोसी देशों पर व्यापार शुल्क लगाने की घोषणा की, जिससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ गई। चालू तिमाही की आय में कमजोर रिकवरी, साथ ही रुपये में के बीच डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट की वजह से भी संस्थागत विदेशी निवेशक (एफआईआई) अधिक निकासी कर सकते हैं। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो के शेयरों में सर्वाधिक 10.92 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई। कमजोर तिमाही नतीजों के बाद जोमैटो के निवेशकों ने बिकवाली का रुख किया। इसके अलावा एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, (**शेष पृष्ठ 9**)

## सैफ अली अस्पताल से घर लौटे

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**बॉलीवुड** अभिनेता सैफ अली खान को मंगलवार शाम को छह दिन बाद लीलावती अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। ज्ञात रहे कि एक हमलावर ने सैफ को उनके बांद्रा स्थित आवास पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। सफेद शर्ट और डेनिम पहने 54 वर्षीय सैफ अस्पताल से बाहर निकलते समय स्वस्थ और प्रसन्न नजर आ रहे थे। उन्होंने अपने प्रशंसकों और मीडियाकर्मियों की ओर हाथ हिलाया और फिर कार में बैठकर अपने घर की ओर चल दिए। उनके साथ कुछ करीबी सहयोगी और निजी सुरक्षाकर्मी भी थे। बॉलीवुड में 'छोटे नवाब' के नाम से मशहूर सैफ को अपने दोस्तों और पड़ोसियों के साथ हाथ मिलाते हुए देखा गया। कुछ मिनट बाद अभिनेता अपने 12वीं मंजिल स्थित अपार्टमेंट में वापस लौटे, जहां पिछले गुरुवार को रात 2 से 2.30 बजे के बीच एक घुसपैठिए ने उन पर चाकू से हमला किया था, जिसमें उनकी रीढ़ की हड्डी पर भी चाकू से हमला किया गया था। घुसपैठिया, जिसकी (**शेष पृष्ठ 9**)



मुंबई में अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद घर जाते अभिनेता सैफ अली खान।

## गणतंत्र दिवस रिहर्सल से दिल्ली में ट्रैफिक जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गणतंत्र दिवस** परेड की रिहर्सल के कारण मंगलवार को मध्य दिल्ली में भारी यातायात जाम देखा गया, जिससे सैकड़ों यात्री विभिन्न मार्गों पर फंसे रहे। यात्रियों ने गणतंत्र दिवस से पहले कड़ी सुरक्षा जांच के कारण मेट्रो स्टेशनों पर लंबी कतारों की भी शिकायत की। आईटीओ के पास बहादुर शाह जफर मार्ग, रिंग रोड की मुख्य सड़कें, आश्रम और आईपी एस्टेट फ्लाईओवर के बीच, मान सिंह रोड, रफी मार्ग, जनपथ रोड, शाहजहां रोड, अकबर रोड, अशोक रोड और कर्तव्य पथ के आसपास के अन्य मार्ग बुरी तरह प्रभावित हुए।

एक यात्री ने मुंडका में ट्रैफिक जाम के वीडियो और तस्वीरें साझा कीं, जिसके बाद दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि ट्रैफिक कंट्रोल रूम को सूचित कर दिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। एक्स पर एक अन्य यूजर ने कहा, काम के लिए बाहर निकलने का मन नहीं कर रहा है। दिल्ली में भयानक ट्रैफिक है। मोटर चालकों ने ट्रैफिक कर्मियों पर ट्रैफिक को ठीक से नियंत्रित न करने का आरोप लगाया और कहा कि ट्रैफिक डायवर्जन के बारे में उचित जानकारी नहीं थी। ऑनलाइन मैप्स की तस्वीर शेयर करने वाले एक यूजर ने कहा, सेंट्रल दिल्ली की ओर जाने वाली सभी सड़कें पूरी तरह से जाम हैं। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए सड़क पर एक घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। कर्तव्य पथ के पास भारी ट्रैफिक की तस्वीर पोस्ट करते हुए एक यूजर ने लिखा, क्या दिल्ली ट्रैफिक पुलिस से ट्रैफिक को मैनेज करने के लिए कहना बहुत ज्यादा है। पूरी सेंट्रल दिल्ली जाम में फंसी हुई है। वहीं कुछ यूजर्स ने बताया कि वे काम के लिए देर से जा रहे थे या दिल्ली की सड़कों पर जाम की वजह से काम पर नहीं जाना चाहते थे। दक्षिणी दिल्ली के कई इलाकों में भी भारी ट्रैफिक जाम की खबर है। एक यात्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि वे एमबी रोड पर दो घंटे तक ट्रैफिक जाम में फंसे रहे। रोजाना अपनी कार से ऑफिस जाने (**शेष पृष्ठ 9**)



गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के कारण रिंग रोड के पास लगा ट्रैफिक जाम फोटो : रंजन डिमरी

# रामायण पर टिप्पणी को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद केजरीवाल को चुनावी हिंदू कहा



**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर रामायण को गलत तरीके से उद्धृत करने और भगवान राम तथा सीता का अपमान करने का आरोप लगाया। पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने केजरीवाल को अधर्मी करार दिया और रामायण की गलत व्याख्या करने के लिए उपवास की घोषणा की।

केजरीवाल ने इस आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा रावण के सम्मान में उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने भाजपा नेताओं को राक्षसी प्रवृत्ति वाले करार दिया। विधानसभा चुनाव के तहत मतदान का दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, भाजपा और आप के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है और दोनों दल एक दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी की 70 विधानसभा सीट के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा। मतों की गणना आठ फरवरी को की जाएगी। सचदेवा ने पहले प्राचीन हनुमान मंदिर का दौरा किया और वहां पूजा-अर्चना के बाद केजरीवाल को चुनावी हिंदू कहा। उन्होंने केजरीवाल द्वारा सीता-राम के प्रति दिखाए गए अपमान के लिए क्षमा याचना की।

उन्होंने कहा, यह खेदजनक है कि अरविंद केजरीवाल चुनावी रैलियों में देवताओं का नाम लेते हैं लेकिन अज्ञानता के कारण गलत कहानियां सुनाकर हिंदू भावनाओं को आहत करते हैं। केजरीवाल ने सोमवार को एक चुनावी सभा में रामायण का हवाला देते हुए कहा था कि सोने के हिरण के रूप में आए रावण ने सीता का अपहरण उस समय किया था जब भगवान राम भोजन की तलाश में बाहर गए थे।


भाजपा नेताओं ने इस पर आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि केजरीवाल ने रामायण को गलत तरीके से उद्धृत किया और कहा कि यह इस महाकाव्य का एक अन्य चरित्र मामा मारीच था, जिसने भगवान राम को भटकाने के लिए सोने के हिरण का रूप धारण किया था और फिर रावण ने सीता का अपहरण किया था। केजरीवाल ने कहा, मैंने कल कहा था कि रावण ने सोने के हिरण का रूप धारण किया था। भाजपा नेता मेरे घर के बाहर धरने पर बैठे हैं कि मैंने रावण का अपमान क्यों किया।

उन्होंने आरोप लगाया, उन्हें रावण से बहुत प्यार है, उनमें राक्षसी प्रवृत्ति है। उन्होंने कहा, मैं झुग्गीवासियों और दिल्ली में गरीबों को आगाह कर देना चाहता हूं कि अगर वे सत्ता में आए तो उन्हें खा जाएंगे। सचदेवा ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि यह वही नेता हैं जिन्होंने अपनी दादी का हवाला देते हुए राम मंदिर विरोधी कहानी गढ़ने की कोशिश की थी और मंदिर की जगह अस्पतालों तथा स्कूलों की वकालत की थी। उन्होंने कहा, हिंदू समुदाय केजरीवाल की भावनाओं को आहत करने के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेगा।

वरिष्ठ आप नेता मनीष सिसोदिया ने भी एक्स पर एक पोस्ट में इस मुद्दे को लेकर भाजपा पर हमला बोला और कहा कि पार्टी नेता रावण का बचाव कर रहे हैं जैसे कि वे खुद रावण के वंशज हों। उन्होंने आरोप लगाया, इनकी राजनीति इतनी नीचे गिर चुकी है कि अब यह रावण जैसे प्रतीक का सहारा लेकर अपनी झूठी बयानबाजी को सही ठहराने में जुट गए हैं। मैं दिल्ली की जनता से कहना चाहता हूं कि इनकी असली मंशा को पहचानें। चुनाव के बाद गरीबों, मजदूरों और झुग्गीवासियों के लिए रावण से भी बड़ा खतरा साबित होंगे। उन्होंने कहा, इनसे सतर्क रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनका असली एजेंडा सिर्फ सत्ता हासिल करना है। झुग्गियां तुड़वाने और जनता की जमीनें कब्जाने की साजिश रच रहे हैं। इनके झूठे नाटकों से सावधान रहें और सही फैसला करें।

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने केजरीवाल पर कसा तंज

**नई दिल्ली/रायपुर।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रामायण पर टिप्पणी को लेकर मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि लोगों का अपमान करना और झूठ बोलना उनकी आदत बन गई है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री सिंह ने कहा, केजरीवाल को राजनीतिक हिंदू भी करार दिया और कहा कि वह राक्षसों से भी ज्यादा भेष बदलते हैं। सिंह ने कहा, लोगों को अपमानित करना, झूठ बोलना और रंग बदलना अरविंद केजरीवाल की आदत बन गई है। वह राक्षसों से भी ज्यादा भेष बदलते हैं। पहले उन्होंने छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश के लोगों को गाली दी। उसके बाद अब वह राजनीतिक हिंदू, चुनावी हिंदू बनकर आए हैं।



उन्होंने कहा, इसके पहले चुनाव में उन्होंने मुसलमानों की मस्जिदों को लाख-लाख रुपए प्रतिमाह देने का काम किया। अब वह हमारे हिंदू धर्म को गाली दे रहे हैं। अब वह राम के चरित्र को गाली दे रहे हैं। वह माता सीता के चरित्र को अपमानित कर रहे हैं। उनमें अगर हिम्मत है तो मोहम्मद साहब के चरित्र को अपमानित करके देखें, सर तन से जुदा हो जाएगा। केजरीवाल तो गिरगिट से भी ज्यादा रंग बदलते हैं और रावण से भी ज्यादा भेष बदलते हैं। केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली में एक चुनावी सभा में रामायण का हवाला देते हुए कहा कि जब भगवान राम भोजन की तलाश में निकले थे, तब रावण ने सोने के हिरण का भेष धारण किया था तथा माता सीता का अपहरण किया था।

## भाजपा चुनाव के बाद गरीबों, मजदूरों और झुग्गीवासियों के लिए रावण से भी बड़ा खतरा साबित होगी : आप प्रमुख



प्रैस वार्ता के दौरान आप प्रमुख केजरीवाल और सांसद संजय सिंह। फोटो: रंजन डिमरी

## भाजपा का घोषणापत्र खतरनाक, बंद हो जाएगी मुफ्त योजनाएं : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी घोषणापत्र को देश के लिए खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि पार्टी मुफ्त स्वास्थ्य सेवा और सरकारी स्कूलों में शिक्षा को खत्म करना चाहती है।

केजरीवाल ने प्रेस वार्ता में भाजपा पर घोषणापत्र में अपने असली इरादे जाहिर करने का आरोप लगाया और मतदाताओं को पार्टी का समर्थन नहीं करने को लेकर आगाह किया। उन्होंने कहा, अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वे मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं खत्म कर देंगे और दिल्ली में गरीबों के लिए जीना मुश्किल कर देंगे। यह आम आदमी के कल्याण पर सीधा हमला है। भाजपा ने पिछले सप्ताह शुक्रवार को दिल्ली के लिए जारी अपने पहले चुनावी घोषणापत्र में महिलाओं को 2,500 रुपए मासिक सहायता, प्रत्येक गर्भवती महिला को 21,000 रुपए की सहायता, 500 रुपए में एलपीजी (घरेलू गैस) सिलेंडर और वरिष्ठ नागरिकों को 2,500 रुपए पेंशन देने का वादा किया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को जारी पार्टी के दूसरे घोषणापत्र में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की जिनमें सरकारी संस्थानों में किंडरगार्टन से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक जरूरतमंद छात्रों के लिए मुफ्त शिक्षा शामिल है।

घोषणापत्र में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और राज्य सिविल सेवा (पीसीएस) जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को वित्तीय मदद देने का भी वादा किया गया है जिसके तहत दो प्रयासों तक 15,000 रुपए की मदद दी जाएगी। केजरीवाल ने भाजपा को अपने घोषणापत्र में सरकारी संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान किए जाने की बात लिखने को लेकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इसका मतलब है कि भाजपा सभी छात्रों के लिए यह सुविधा बंद करने की योजना बना रही है। केजरीवाल ने आरोप लगाया, भाजपा के घोषणापत्र में मुफ्त शिक्षा को केवल जरूरतमंद छात्रों तक सीमित कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अन्य छात्रों के माता-पिता को अपने बच्चों को मुफ्त शिक्षा का लाभ दिलाने के वास्ते अपने नेताओं के पीछे भागना पड़ेगा। यह उनकी असली मंशा है। वे सभी के लिए मुफ्त शिक्षा को खत्म करना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो ने कहा कि उनकी पार्टी के शासन में सरकारी स्कूलों में दी जाने वाली मुफ्त शिक्षा से फिलहाल कुल 18 लाख बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की योजना इन बच्चों को दी जा रही मुफ्त शिक्षा को खत्म कर देगी। केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा ने अपने पहले घोषणापत्र में मोहल्ला क्लीनिक को बंद करने की योजना की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से परिवारों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ेगा क्योंकि उन्हें निजी अस्पतालों और स्कूलों पर निर्भर रहना पड़ेगा जो भारी रकम वसूलते हैं।

उन्होंने कहा, दो बच्चों की निजी स्कूल फीस का खर्च 10,000 रुपए प्रति माह तक हो सकता है। इसके अलावा मोहल्ला क्लीनिक जैसी मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं को सीमित करने की भाजपा की योजना के कारण परिवारों को बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं के लिए हर महीने 5,000-7,000 रुपए का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा। इसका मतलब है कि औसत परिवार को हर महीने 15,000 रुपए अतिरिक्त खर्च उठाने होगा, जिससे दिल्ली में कई परिवारों के लिए खुद का भरण-पोषण करना लगभग असंभव हो जाएगा। उन्होंने तर्क दिया कि भाजपा के प्रस्तावों से दिल्ली के मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की वित्तीय स्थिरता खत्म होने का खतरा है।

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा जारी दोनों घोषणापत्र न केवल दिल्ली के लिए बल्कि पूरे देश के लिए खतरनाक हैं। उन्होंने कहा कि ए घोषणाएं आप सरकार के तहत आवश्यक सेवाओं तक सभी की समान पहुंच सुनिश्चित करने में हुई प्रगति को सीधे सीधे पलटने वाली हैं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि उन्होंने ईमानदारी से अपने असली इरादों और उद्देश्यों को स्वीकार किया है। लेकिन जो कोई भी इन घोषणापत्रों को पढ़ेगा, वह गुस्से से भर जाएगा।

## सिख दंगा : सज्जन कुमार पर फैसला 31 को

● सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों के मौत का मामला

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या के एक मामले में अदालत ने मंगलवार को अपना फैसला टाल दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने अभियोजन पक्ष द्वारा कुछ बिंदुओं पर और दलीलें प्रस्तुत करने के लिए समय मांगे जाने के बाद फैसला 31 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया।

यह मामला सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों के मारे जाने से संबंधित है। वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद कुमार वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए।



जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की 1 नवंबर, 1984 को हुई हत्या से जुड़े मामले में अंतिम दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

शुरुआत में पंजाबी बाग थाने में मामला दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच अपने हाथ में ले ली थी। अदालत ने 16 दिसंबर, 2021 को कुमार के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला पाते हुए उनके खिलाफ आरोप तय किए थे। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का बदला लेने के लिए घातक हथियारों से लैस लोगों की भीड़ ने बड़े पैमाने पर लूटपाट और आगजनी की थी तथा सिखों की संपत्तियों को नष्ट कर दिया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि भीड़ ने घर पर हमला कर जसवंत तथा उनके बेटे की हत्या कर दी तथा सामान लूट कर उनके घर को आग लगा दी थी।

## आचार संहिता उल्लंघन के 439 मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव से पहले सात से 20 जनवरी के बीच आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के कथित उल्लंघन के 439 मामले दर्ज किए। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस अवधि के दौरान आबकारी अधिनियम सहित विभिन्न प्रावधानों के तहत कुल 15,495 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सीमा चौकियों पर सतर्कता बढ़ा दी है और हथियारों, शराब और नशीले पदार्थों की तस्करी सहित अवैध गतिविधियों पर कार्वाई की है। बयान में कहा गया है कि सात जनवरी को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से दिल्ली पुलिस ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 439 मामले दर्ज किए और 238 अवैध हथियार एवं 332 कारतूस जब्त किए। पुलिस ने एक करोड़ रुपए से अधिक कीमत की 38,075 लीटर शराब, 17 करोड़ रुपए से अधिक कीमत के 104.90 किलोग्राम मादक पदार्थ है।

## देवेंद्र उपाध्याय ने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद की ली शपथ

● समारोह में मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने राज निवास में एक समारोह में न्यायाधीश को शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री आतिशी और दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके पहले बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे न्यायमूर्ति उपाध्याय को 14 जनवरी को इस पद पर नियुक्त किया गया था।

उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने सात जनवरी को उनके स्थानांतरण की सिफारिश की थी। उत्तर प्रदेश के मस्कराय में 16 जून, 1965 को जन्मे न्यायमूर्ति उपाध्याय ने लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई पूरी करने के बाद मई 1991 में एक वकील के रूप में नामांकन कराया।

उन्हें 21 नवंबर, 2011 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया और छह अगस्त, 2013 को उन्होंने स्थाई न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। उन्होंने 29 जुलाई, 2023 को बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। पदोन्नति के बाद न्यायमूर्ति मनोहन के सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचने के बाद न्यायमूर्ति विभु बखरू दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे।

## झुग्गियों में बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष

● लोग बोले, पानी के लिए लगती है कतारें

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों को यहां साफ सड़कें, स्वच्छ पेयजल, साफ सफाई की उचित व्यवस्था और स्थाई आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं का इंतजार है। झुग्गियों में रहने वाले लोगों को उम्मीद है कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में उनके मुद्दों का समुचित समाधान किया जाएगा।

विधानसभा चुनाव के तहत पांच फरवरी को मतदान होना है और आठ फरवरी को मतगणना की जाएगी। झुग्गियों में रहने वाले कई लोगों ने मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाले संघर्ष पर निराशा व्यक्त की। लोगों ने कहा, हम एक बाल्टी पानी के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़े रहते हैं, लेकिन वह पानी भी पीने लायक नहीं है। कुसुमपुर पहाड़ी निवासी नरेंद्र (60) अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन की तलाश में 40 वर्ष पहले बिहार से दिल्ली आए थे। लेकिन दशकों बाद भी वह अब तक बुनियादी जरूरतों के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, पानी की कमी हमारी सबसे बड़ी चुनौती है। जब भी पानी का टैंकर आता है, तो इस बात को लेकर लगातार झगड़े होते हैं कि किसकी बाल्टी पहले भरी जाए। यह इलाका इतना गंदा है कि यहां रहना असहनीय लगता है, लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं है।

कुसुमपुर पहाड़ी निवासी पिंकी कपिलो ने कहा, पहले यहां शौचालय नहीं थे। उन्होंने कहा, सरकार ने सार्वजनिक शौचालय तो बनवाए, लेकिन उनकी सफाई कभी-कभार ही होती है। हमने अपने घर में एक छोटा सा शौचालय बनवाया है, लेकिन उचित सीवर व्यवस्था नहीं होने के कारण हमने अपने घर के पीछे एक खुला सीवर खोदा है। यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं है।

## चुनाव में ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ याचिका खारिज

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया और बताया जाता है कि इसके लिए कोई कारण नहीं बताया गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने रमेश चंद्र की अपील को खारिज कर दिया जिसमें एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी गई थी। पीठ ने कहा कि इसमें कोई दम नहीं है। एकल न्यायाधीश ने पिछले साल याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें भारत निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से कोई भी चुनाव कराने से पहले प्रत्एक निर्वाचन क्षेत्र के लिए इसके इस्तेमाल के विशिष्ट कारण बताते हुए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 61-ए का पालन करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

पीठ ने कहा कि कानूनी प्रावधान आयोग को इलेक्ट्रॉनिक मशीनों का इस्तेमाल वोट दर्ज करने की अनुमति देने के लिए करते हैं और जिन निर्वाचन क्षेत्रों में इस तरह की ईवीएम को अपनाना जरूरी है, उसे भी आयोग द्वारा निर्दिष्ट किया जाता है।



कर्तव्य पथ पर रिहर्सल के दौरान सीआरपीएफ की महिला जवान कदमताल करतीं हुई

## संपत्ति विवाद में गोली मारकर व्यक्ति की हत्या

**नई दिल्ली।** संपत्ति विवाद में 54 वर्षीय व्यक्ति की उसके घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारी ने बताया कि धरमवीर रोहिणी सेक्टर तीन में एक सरकारी शराब दुकान में काम करते थे।

सोमवार रात को जब वह घर लौट रहे थे तभी यह घटना हुई। व्यक्ति अपनी कार में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला था और जिस जगह उसे गोली मारी गई थी वहां से खून बह रहा था। पुलिस ने बताया कि पीड़ित के बेटे ने बवाना पुलिस थाने में घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि धर्मवीर को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि हत्या का कारण लंबे समय से चल रहा संपत्ति विवाद था।

## संक्षिप्त समाचार

### टाटा पावर ईवी चार्जिंग का ढांचा विकसित करेगी



नई दिल्ली। बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) ने टाटा पावर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड (टीपीईवीसीएसएल) के साथ मंगलवार को साझेदारी की घोषणा की।बयान के अनुसार, इस साझेदारी का मकसद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्थलों पर सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विकास करना और दिल्ली में लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। ईवी चार्जिंग स्टेशनों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण तथा उन्हें चालू करने के लिए (एसआईटीसी) के लिए एमसीडी ने अपने पार्किंग स्थल मुहैया कराए हैं। टीपीईवीसीएसएल ने पार्किंग स्थलों को अंतिम रूप दे दिया है। एमसीडी ने इन निर्दिष्ट पार्किंग स्थलों को टाटा पावर-डीडीएल को 10 वर्षों के लिए आवंटित किया है। बयान में कहा गया, यह साझेदारी टाटा पावर-डीडीएल के ग्रीन टुमॉरो के दृष्टिकोण के अनुरूप है और 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य का समर्थन करती है। टाटा पावर-डीडीएल और टीपीईवीसीएसएल के बीच दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

### स्टोरीटेलर्स फेस्टिवल में सुनेंगे कथा-कहानी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मौखिक कथा, कहानी और किस्सा सुनने वालों के लिए तीन दिवसीय सुनहरा अवसर मिलने वाला है। आगामी 31 जनवरी से 2 फरवरी के बीच 'कथाकार- इंटरनेशनल स्टोरीटेलिंग फेस्टिवल' के 18वें संस्करण का आयोजन निजामुद्दीन के सुंदर नर्सरी में किया जाएगा। किया जा रहा है। इस फेस्टिवल को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली पर्यटन, दिल्ली सरकार, बाबाजी म्यूजिक, निवेश एवं हैच के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव में देश विदेश के कहानीकार हिस्सा ले रहे हैं। यह जानकारी महोत्सव के मुख्य संरक्षक और भारत में मंगोलिया के सांस्कृतिक राजदूत मोहित चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि इस साल कथाकार महोत्सव का आयोजन चार शहरों दिल्ली, जोधपुर, जयपुर और हिमाचल में किया जाएगा।

## विस चुनाव की दौड़ में 699 उम्मीदवार शामिल

● नई दिल्ली सीट पर सबसे अधिक 23 उम्मीदवार, पटेल नगर और कस्तूरबा नगर सबसे कम पांच रहे

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**




दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को होने वाले चुनाव में कुल 699 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या केवल 672 थी।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, चर्चित सीट नई दिल्ली पर आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के परवेश वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित से कड़ी चुनौती मिलेगी।

नई दिल्ली सीट पर उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक 23 है। कुल 16 उम्मीदवारों के साथ जनकपुरी सीट नई दिल्ली के बाद दूसरे स्थान पर है, जबकि रोहतास नगर, करावल नगर और लक्ष्मी नगर में 15-15 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसके विपरीत पटेल नगर और कस्तूरबा नगर सीट पर उम्मीदवारों की संख्या कम है और इन दोनों सीट से पांच-पांच उम्मीदवार मैदान में उतरेंगे। अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट पटेल नगर में वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या केवल चार थी। सभी 70 विधानसभा क्षेत्र में से 38 सीट पर 10 से कम उम्मीदवार हैं।

तिलक नगर, मंगोलपुरी और ग्रेटर कैलाश जैसे विधानसभा क्षेत्रों में छह-छह उम्मीदवार हैं, जबकि चांदनी चौक, राजेंद्र नगर और मालवीय नगर सीट से सात-सात उम्मीदवार मैदान में हैं। आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने सभी 70 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 68 सीट पर चुनाव लड़ रही है और दो सीट उसने अपने सहयोगियों जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) और लोकजन शक्ति पार्टी (रामविलास) के लिए छोड़ी है।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 69 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। दिल्ली विधानसभा का चुनाव पांच फरवरी को होगा और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

## लोहे के पुल पर एंटी स्मॉक मशीन ने मारी टक्कर, मौत

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

यमुना नदी पर बने लोहे के पुल पर पेंट का काम कर रहे मजदूरों को काम करते वक्त एक एंटी स्मॉक मशीन ने टक्कर मारी, जिसमे एक मजदूर की मौत हो गयी, मजदूरों ने ड्राइवर को मौके पर ही पकड़ लिया लेकिन कुछ लोगों की भीड़ ड्राइवर को वहां से जबरदस्ती ले गयी।

फिलहाल कोतवाली थाना पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान संदीप (32) के रूप में हुई है, वह मूल रूप से इलाहबाद का रहने वाला था और दिल्ली में यमुना पुल के नीचे झुग्गी बनाकर अपने साथियों के साथ रहता था। बीती 19 तारीख को दोपहर करीब 12.30 बजे संदीप, लवकुश, दारा, मितलेश, सुरेमन और सागर यमुना के पुल पर पेंट कर रहे थे तभी एक एंटी स्मोक मशीन ने इनको टक्कर मारी, जिससे संदीप टक्कर के बाद नीचे गिर गया । संदीप को जीटीबी अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। संदीप के साथी ने बताया वह झंडी लेकर खड़ा था उसने एंटी स्मॉक मशीन को झंडी दिखाकर रुकने का इशारा किया था लेकिन ड्राइवर ने गाड़ी नहीं रोकी और टक्कर मार दी, टक्कर लगने के बाद ड्राइवर को पकड़ लिया लेकिन कुछ लोग उसे छुडा कर ले गए। एंटी स्मॉक मशीन के मालिक गौरव गुप्ता ने बताया की जो मजदूर काम कर रहे थे उन्होंने सेफ्टी नियम पूरी तरह फॉलो नहीं किये हुए थे।

# लाल डोरा क्षेत्र में प्रॉपर्टी का सेल्फ सर्टिफिकेशन अनिवार्य: निगमायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गांव ढोरका में सेल्फ सर्टिफिकेशन कैंप में मौजूद निगमायुक्त रेनू सोगन।

नगर निगम मानेसर की ओर से मंगलवार को गांव ढ़ोरका में लाल डोरा स्वामित्व प्रमाण पत्र और सेल्फ सर्टिफिकेशन कैंप आयोजित किया गया। इसमें नगर निगम मानेसर की आयुक्त रेनू सोगन ने शिरकत की।

आयुक्त ने निगम अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि लाल डोरा के भीतर सभी प्रॉपर्टी का सेल्फ सर्टिफिकेशन अनिवार्य है। निगम क्षेत्र के सभी गांवों में इस प्रकार के कैंप आयोजित करके सभी प्रॉपर्टी को सर्टिफाई करना निगम की जिम्मेदारी है। आयुक्त रेनू सोगन ने कहा कि निगम क्षेत्र के प्रत्येक गांव में इस प्रकार के कैंप आयोजित किए जाएंगे। सभी गांवों का रोस्टर बनाकर पूर्व सरपंचों, पंचायत समिति के पूर्व सदस्यों के साथ साझा किया जाएगा। प्रत्येक गांवों में कैंप लगाने से पहले पंचायत सदस्यों के सहयोग से मुनादी करवाई जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग कैंप का लाभ उठा सके। आयुक्त ने क्षेत्रीय कराधान अधिकारी देवेंद्र कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि जिस गांव में कैंप लगाया गया है, वहां की सभी प्रॉपर्टी को सर्टिफाई करने के बाद ही दूसरे गांव में कैंप का आयोजन किया जाना चाहिए।

# छठी कक्षा की छात्रा का इंडिया बुक ऑफ अमेजिंग रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज

- स्वच्छ भारत मिशन के 10 साल पूरे होने पर पत्र लेखन स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा
- यशिका को पीएम, एमसीजी व अभिभावकों से मिली स्वच्छता की प्रेरणा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

कक्षा छठी की छात्रा यशिका रोहिल्ला का इंडिया बुक ऑफ अमेजिंग रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज हुआ है। स्थानीय किटजी पब्लिक स्कूल की यशिका ने यह सम्मान स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित पत्र लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर हासिल किया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम गुरुग्राम और शिक्षा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए किया गया था। जिसमें गुरुग्राम के 270 स्कूलों के 125138 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। यशिका पिछले दो वर्षों से नगर निगम गुरुग्राम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर के रूप में सक्रिय है। स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी से प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं। नगर निगम गुरुग्राम की ओर से प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर कुलदीप हिन्दुस्तानी ने यशिका को रिकॉर्ड से संबंधित प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किया। इस उपलब्धि पर किटजी पब्लिक स्कूल के निदेशक सोनू कटारिया, प्रिंसिपल संगीता कटारिया, क्लास टीचर प्राची खुराना सहित स्कूल के पूरे स्टाफ और विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की। यशिका की इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह और संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) अखिलेश कुमार यादव का धन्यवाद व्यक्त किया।


पुरस्कार के साथ यशिका रोहिल्ला।

### पीएम, एमसीजी व अभिभावकों से मिली स्वच्छता की प्रेरणा

**यशिका रोहिल्ला ने स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाकर समाज में एक मिसाल पेश की है। यशिका का कहना है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नगर निगम गुरुग्राम और अपने अभिभावकों से स्वच्छता की प्रेरणा मिली। यशिका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान ने सफाई का महत्व समझाया। एमसीजी के स्वच्छता अभियानों और जागरुकता कार्यक्रमों से यह सीखा कि व्यक्तिगत प्रयास भी सामुदायिक बदलाव ला सकते हैं। माता-पिता ने मुझे बचपन से ही स्वच्छता को प्राथमिकता देने की सीख दी।**

# मुख्य मार्गों पर स्थापित होंगे ट्रॉमा सेंटर: आरती

## गुरुग्राम में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरुकता कार्यक्रम में बोलीं हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री

- कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा भी रहे मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



एनएचएआई व सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में बोलतीं स्वास्थ्य मंत्री आरती राव।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती राव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने निर्णय लिया है कि मुख्य मार्गों पर हर निश्चित दूरी पर एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान घायल की जान बचाने के लिए पहला एक घंटा अति महत्वपूर्ण माना गया है। इस अवधि में घायल का उचित उपचार शुरू हो जाए तो उसकी जान को बचाया जा सकता है। सड़कों की सुविधा के साथ गुरुग्राम सहित प्रदेश के बाकी हिस्सों में वाहनों की संख्या में इजाफा हुआ है।

यह बात उन्होंने मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत होटल रामाडा में जागरुकता कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती राव के अलावा लोक निर्माण व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने भी नागरिकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया।

मंत्री आरती राव ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में भी 24 घंटे इमरजेंसी की सुविधा उपलब्ध रहती है। इसलिए कोई भी दुर्घटना हो जाए तो सर्वप्रथम घायल को सरकारी अस्पताल में पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा अधिकारियों को सरकार ने निर्देश दिए हैं कि पहले घायल का इलाज शुरू किया जाए, पुलिस कार्यवाही बाद में होगी। जो व्यक्ति घायल को अस्पताल में लेकर आता है, उसको भी रेडक्रास सोसाइटी की ओर से मानदेय दिया जाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह घोषणा की है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले व्यक्ति को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। अटेली से विधायक एवं मंत्री आरती राव ने बताया कि रेवाड़ी में एम्स का निर्माण कार्य जोरों पर है। अप्रैल माह तक उसमें ओपीडी सेवाएं शुरू हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से 700 बिस्तरों का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री के प्रयासों से प्रदेश के सभी 22 जिलों में मेडिकल कालेज बनवाए जा रहे हैं।

### 3700 किलोमीटर की दूरी में लगाई सफेद पट्टी

**लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए धुंध के मौसम को देखते हुए प्रदेश में मुख्य मार्गों पर 3700 किलोमीटर की दूरी में तथा अन्य मार्गों पर 14 हजार किलोमीटर तक सफेद पट्टी बना दी गई है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बेसहारा पशुओं की संख्या को कम करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गौसेवा आयोग का बजट बढ़ाकर अब 400 करोड़ रूपए का कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सड़क निर्माण के कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर डीसीपी ईस्ट गौरव राजपुरोहित और सीएमओ डॉ. वीरेंद्र यादव ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में सुमन दहिया, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी, रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।**

## फुल ड्रेस रिहर्सल को लेकर सीमाएं रहेंगी सील

**फरीदाबाद।** गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। फुल ड्रेस रिहर्सल और गणतंत्र दिवस के दिन दिल्ली में हैवी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्ते से अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ेगा। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान 22 जनवरी को रात 9 बजे से 23 जनवरी, दोपहर 1:30 बजे तथा 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के लिए 25 जनवरी को रात 9 बजे से 26 जनवरी, दोपहर 1:30 बजे तक सभी हैवी वाहनों का फरीदाबाद और दिल्ली में प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी ट्रांसपोर्ट एवं सभी हैवी वाहन चालकों से इस आदेश का सख्ती से पालन करने की गुजारिश है। उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश एवं पलवल की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन चालक अपने गंतव्य तक जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग केजीपी और केएमपी का प्रयोग करें। सुरक्षा के मद्देनजर गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर शहर की सीमाएं सील रहेगी। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस व स्थानीय पुलिस द्वारा नाकाबंदी की जाएगी।

# प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने पर 4 यूनिट की गईं सील

- 3 यूनिटों से जमा कराए 5 लाख 50 हजार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




नगर निगम के कराधान विभाग बल्लभगढ़ जोन में प्रॉपर्टी टैक्स की बड़ी बकाया राशि जमा न कराने वाले प्रॉपर्टी मालिकों की जोन 1 ओल्ड और जॉन 2 में 4 यूनिटें सील की गई हैं। जबकि 2 दुकानदारों और एक फ्लैट मालिक ने अपना टैक्स मौके पर जमा करा दिया। इन यूनिटों पर लगभग लाखों रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था। नगर निगम द्वारा यह सीलिंग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

नगर निगम द्वारा पहले ही प्रॉपर्टी के बकाया टैक्स मालिकों को नोटिस दिए जा चुके थे, जिन्हें सील किया गया है। निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वप्लिन रविंद्र पाटिल ने सभी क्षेत्रीय एवं कर अधिकारियों को इस मामले में दिशा निर्देश दिए हैं कि जिन लोगों के पास प्रॉपर्टी टैक्स की बड़ी राशि बकाया है उन्हें तुरंत प्रभाव से सील किया जाए और यह अभियान लगातार जारी रखें।

### समय पर संपत्ति कर जमा कराएं लोग: निगमायुक्त

**निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास ने आमजन से अपील की कि वह समयानुसार अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराएं ताकि वह निगम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही से बच सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम को प्राप्त होने वाला यह टैक्स शहर के विकास के लिए प्रॉपर्टी मालिकों से लिया जाता है। समय पर टैक्स जमा होगा तो शहर का विकास भी बेहतर होगा।**

## संक्षिप्त समाचार


सिंगल यूज प्लास्टिक व कचरे को लेकर जागरुक करते निगमकर्मी।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के लिए किया जागरुक

**गुरुग्राम।** नगर निगम ने कचरे के स्रोत पृथक्करण को बढ़ावा देने, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने और कूड़ेदानों के उचित उपयोग की वकालत करने के लिए सेक्टर-14 मार्केट में एक व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधि का आयोजन किया। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के हिस्से के रूप में एमसीजी आयुक्त अशोक कुमार गर्ग और संयुक्त आयुक्त अखिलेश कुमार यादव के निर्देशों के तहत इस पहल की अगुवाई की। इस कार्यक्रम में लगभग 250 विक्रेताओं ने भाग लिया। प्लास्टिक कचरे से उत्पन्न पर्यावरणीय खतरों और टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। आईसीयूसी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व में एमसीजी द्वारा नियुक्त एसबीएम सिटी सपोर्ट यूनिट ने सत्र का संचालन किया। डॉ. हेमलता सहल, जितेंद्र खटवालिया, सागर नेहरा, सुरभि राठौर और मोहम्मद आमिर, ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिंदुस्तानी के साथ आरडब्ल्यूए प्रधान संजय और मार्केट सुपरवाइजर, जोन इंचार्ज सहित विशेषज्ञों ने एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक को खत्म करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया।

### शिक्षण संस्थानों की बसों की होगी विशेष चेकिंग: मुनीश

**फरीदाबाद।** जिला में विशेष अभियान चलाकर सभी शिक्षण संस्थानों की बसों की चेकिंग का अभियान चलाया जाएगा और उनकी फिटनेस की भी जांच की जाएगी। यह जानकारी सचिव आरटीए मुनीश सहगल ने दी। सचिव आरटीए मुनीश सहगल ने बताया कि जांच में स्कूल बसों की फिटनेस वैध नहीं पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी और स्कूल वाहन भी जब्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावक व परिजन चाहते हैं कि जैसा सुरक्षित माहौल उनके बच्चों को घर पर मिलता है वैसा ही सुरक्षित माहौल उन्हें विद्यालयों में मिलें ताकि उनके बच्चे सुरक्षित माहौल में अपनी पढ़ाई कर सकें और उनके अभिभावक व परिजन उनकी सुरक्षा को लेकर निश्चिंत रहें। विद्यार्थियों को घर से स्कूल तक सुरक्षित ले जाना व लाना तथा स्कूल में सुरक्षित माहौल प्रदान करना स्कूल प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन की पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की है। स्कूल संचालकों को विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए तय नियमों की पालना हर हाल में करनी होगी, अवहेलना पर कोई माफी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित अवधि पूर्व होने उपरांत भी जिन विद्यालय में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत निर्धारित मानकों व मापदंडों में कमी पाई जाती है तो जिला प्रशासन द्वारा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### न्यायालय परिसर में लगाया या स्वास्थ्य जांच शिविर

**गुरुग्राम।** आमजन को स्वास्थ्य संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने तथा उनके द्वारा पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को जिला न्यायलय परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीजेएम रमेश चंद्र ने बताया कि साक्षी एनजीओ, लुमैक्स चैरिटेबल फाउंडेशन एवं भारतीय कैंसर सोसायटी नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित शिविर में आज करीब 135 लोगों को ब्लड टेस्ट, नाक, कान व गले कि जांच सहित एक्सरे आदि सुविधाओं का लाभ दिया गया। उन्होंने बताया कि इस पूरे आयोजन में विभिन्न समाजसेवी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# 'सरकार ने महिला सरपंचों को ब्रांड एंबेसडर बनाकर बढ़ाया मान'

- विजय परमार बोले, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को मिलेगी मजबूती

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


विजय परमार।

गुरुग्राम नगर निगम के वार्ड-32 से भावी पार्षद उम्मीदवार एवं भाजपा नेता विजय परमार ने हरियाणा में महिला सरपंचों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एंबेसडर बनाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं को सम्मान बढ़ाया है। महिलाओं को महिलाओं का अस्तित्व बचाने, उन्हें समाज में अहम स्थान दिलाने के लिए यह निर्णय प्रेरणा का बड़ा स्रोत बनेगा।

विजय परमार ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को महिला सरपंचों के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जाएगा। यह काम और अधिक मजबूती से हो पाएगा। जनहित, समाजहित के इस काम के लिए सरकार का यह कदम सराहनीय है। यह समाज को एकजुट करने का भी निर्णय है। क्योंकि एक महिला पूरे घर की जिम्मेदारी संभालती है।

# फ्लाईओवर के उद्घाटन के दो साल बाद भी नहीं बना नाला

- अधूरे नाले के कारण सर्विस लेन है बंद
- सेक्टर-9 से बसई चौक की तरफ आने वालों को होती है परेशानी
- कांग्रेस नेता पंकज डावर ने उठाया मुद्दा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम के बसई चौक फ्लाईओवर के नीचे अधूरा पड़ा नाले का निर्माण।

बसई चौक पर फ्लाईओवर के नीचे नाले के अधूरे पड़े निर्माण को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने सरकार और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि नाले के काम को राम भरोसे छोड़ दिया गया है। दो साल से लोग यहां परेशान हो रहे हैं।

पंकज डावर ने कहा कि बसई चौक पर फ्लाईओवर का उद्घाटन शनिवार 5 नवंबर, 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया था। बसई चौक फ्लाईओवर की कुल लंबाई 820 मीटर है। यह फ्लाईओवर उमंग भारद्वाज चौक को सेक्टर-9/9ए से जोड़ रहा है। इस फ्लाईओवर का उद्घाटन हुए दो साल से अधिक का समय बीत चुका है। सेक्टर-9 की तरफ से सर्विस लेन से बसई चौक की तरफ आने वाली सर्विस लेन में एक बड़ा नाला है। इस नाले का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं किया गया है। एक तरह से यहां काम भी बंद पड़ा है। डावर ने कहा कि सेक्टर-9 की तरफ से एक जगह गौशाला के सामने नाला अधूरा पड़ा है। इससे आगे आकर बसई चौक पर नाला खुला पड़ा है। इसकी कनेक्टिविटी आगे नहीं की जा रही। इतना अधिक समय बीत जाने के बाद भी सरकार, प्रशासन यह नाला तक पूरा नहीं कर पाया है। इससे आमजन को काफी परेशानी हो रही है। फ़्लाईओवर के एक तरफ की सर्विस लेने से वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद है। खुला नाला हादसों को भी न्यौता दे रहा है। पंकज डावर ने कहा कि दो साल से अधिक का समय फ्लाईओवर को शुरू हुए हो चुका है। फ्लाईओवर के नीचे नाले को आज तक भी नहीं बनाया गया है।

### फ्लाईओवर पर सड़क का लेवल ठीक नहीं

**पंकज डावर ने बसई चौक फ्लाईओवर को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर के ऊपर सड? का कोई लेवल ही नहीं है। सेक्टर-10 चौक की तरफ से फ्लाईओवर पर जब चढ़ते हैं तो ऊंचाई की ओर जब जाते हुए अचानक गाड़ियों को झटका लगता है।**

# भाजपा फरीदाबाद ने की सभी मंडल अध्यक्षों की घोषणा

- कर्मठ, जुझारू और निष्ठावान कार्यकर्ताओं का ही हुआ चुनाव: वोहरा

**पायनियर समाचार सेवा।** फ़रीदाबाद



संगठन पर्व के तहत मंगलवार को भाजपा के 8 मंडल अध्यक्षों का चुनाव हुआ, जिनको मिलाकर जिले के सभी 29 संगठनात्मक मंडलों में 29 मंडल अध्यक्षों के चुनाव संपन्न हो गए। भाजपा जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर संपन्न चुनाव में तिगांव विधानसभा के 6 मंडल अध्यक्ष और एनआईटी के 2 मंडल अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुने गए। तिगांव में तिलपत मंडल में हरीश बैसला, सराय इन्द्रप्रस्थ मंडल में राजेश चौधरी, सेहतपुर मंडल में मुकेश झा, बसंतपुर मंडल में गौरव चौधरी, खेड़ी मंडल में सुधीर मेहता, तिगांव मंडल से में कृष्ण पहलवान एवं एनआईटी विधानसभा में डबुआ मंडल में गीता शर्मा, गौच्छी मंडल में दीपक दायमा एवं नंगला मंडल में सोनी अरोड़ा को मंडल अध्यक्ष चुना गया।

जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने चुनाव अधिकारी पटौदी के पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता, सह चुनाव अधिकारी प्रवीण जैन एवं जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ की उपस्थिति में मंडल अध्यक्षों की घोषणा की।

# घटना प्रबंधन टीम ने किया आधा दर्जन लापरवाह चालकों का चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

राष्ट्रीय सुरक्षा माह 25 जनवरी के अंतर्गत घटना प्रबंधन टीम ने वहां चालकों को यातयात नियम, सीट बेल्ट और हेलमेट लगाने की जरूरत, फुट ओवर ब्रिज के प्रयोग करने की जरूरत के बारे में जानकारी दी। नियमों का उल्लंघन करने वाले ड्राइवरों का चालान भी किया।

घटना प्रबंधक राजकुमार ने बताया कि जनवरी माह को राष्ट्रीय सुरक्षा माह के रूप में मनया जा रहा है। इस क्रम में घटना प्रबंधन टीम द्वारा हर रोज अभियान चालकों को यातयात नियम और सुरक्षा नियम के बारे में जानकारी दी जा रही है। सेफ्टी मैनेजर अमित पाल ने बताया कि सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा माह में जागरूकता लेन का प्रयास किया जा रहा है, हर रोज घटना प्रबंधन समय द्वार चालकों का समझा जा रहा है, कोहरा में वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं।

# पंप ऑपरेटर उदय व मोनिका दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर होंगे विशेष अतिथि

- डीसी अजय कुमार ने दोनों जल प्रहरियों को दी शुभकामनाएं

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम


जल प्रहरी पंप ऑपरेटर उदय सिंह व मोनिका रानी के साथ डीसी अजय कुमार।

राजधानी नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में गुरुग्राम के जल प्रहरी मोनिका व उदय सिंह विशेष अतिथि होंगे।

जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गुरुग्राम के हरिनगर डूमा निवासी मोनिका व शेखुपुर माजरी निवासी उदय सिंह को जल प्रहरी के रूप में बतौर विशेष अतिथि आमंत्रित किया गया है। डीसी अजय कुमार ने मंगलवार को दोनों जल प्रहरियों से अपने कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मंत्रालय द्वारा जल संरक्षण की दिशा में अपनी सेवाओं से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उपरोक्त दोनों जल प्रहरियों सहित प्रदेश के अन्य जिलों से भी छह जल प्रहरी को बतौर विशेष अतिथि आमंत्रित किया गया है।

### गुरुग्राम में पंप ऑपरेटर हैं जल प्रहरी उदय सिंह

**गांव शेखूपुर माजरी में पंप ऑपरेटर कार्यरत उदय सिंह ने बताया कि वे गांवों में लोगों को जरुरत के अनुसार ही पानी आपूर्ति करते हैं। अगर एक घंटे ट्यूबवेल चलाने की जरूरत है तो एक घंटा ही चलाते हैं। 250 कनेक्शन पर टोंटी लगी हुई है। जिन घरों में पानी की टोंटी नहीं लगाई गई है, उनके घर-घर जाकर टोंटी लगाने के लिए जागरुक करते हैं।**

### स्वयं सहायता समूह चलाती हैं मोनिका रानी

**हरिनगर डूमा निवासी मोनिका रानी ने बताया कि वे नया दिन स्वयं सहायता समूह का संचालन करती हैं। वर्ष 2021 से जल जीवन मिशन से जुड़कर जल संरक्षण के दृष्टिगत जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित कर रही हैं। इस अवसर पर पब्लिक हेल्थ से एसडीओ मेनपाल बेनीवाल, जिला सलाहकार संजय, खण्ड समन्वयक गुरबाज सिंह भी मौजूद रहे।**

## अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों के कब्जा से 169 पेटी व 8 बोतल अवैध शराब पकड़ी गई है। मंगलवार 21 जनवरी को अपराध शाखा सेक्टर-39 गुरुग्राम की पुलिस टीम को अपने विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से अवैध शराब सप्लाई की सूचना मिली। पुलिस ने अवैध शराब सहित दो आरोपियों मुछा शेख निवासी गांव अपशतीबारी जिला कोकराझार (असम) व अजमल हुसैन निवासी गांव कुरमानपुर जिला उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम-बंगाल) को काबू किया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 22 जनवरी, 2025



# हरियाणा के भाजपा नेता दिल्ली में संभालेंगे मोर्चा

## विधानसभा चुनावों में 28 नेताओं की लगाई गई ड्यूटी, राष्ट्रीय राजधानी की 32 सीटों पर करेंगे प्रचार

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह ने ली दिल्ली में बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा भाजपा के 28 नेता दिल्ली चुनाव में प्रचार का जिम्मा संभालेंगे। हरियाणा के नेताओं की दिल्ली के 32 विधानसभा हलकों में डयूटियां लगाई गई हैं। केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में हरियाणा के इन नेताओं ने दिल्ली के आवंटित विधानसभा क्षेत्रों में मोर्चा संभाल लिया है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को हरियाणा भवन में इन नेताओं की बैठक ली और उन्हें सभी 32 विधानसभा सीटों के प्रत्येक शक्ति केंद्रों पर अपने राज्य के नेताओं व कार्यकर्ताओं को बैठाने के निर्देश दिए।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पुनिया, सह प्रभारी सुरेंद्र नागर और विधानसभा चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब हरियाणा के नेताओं को दिल्ली के चुनाव की बारीकियां समझाने में लगे हैं। प्रयागराज के दौरे पर जाने से पहले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अपने दिल्ली आवास पर हरियाणा के नेताओं की बैठक लेकर उन्हें केंद्र व नायब सरकार के अहम फैसलों से दिल्ली के लोगों को अवगत कराने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ दिल्ली के चुनाव पर बातचीत की और मंगलवार को वे दिल्ली के लिए रवाना हो गये।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को भाजपा ने दिल्ली के चुनाव में हरियाणा के नेताओं के प्रवास कार्यक्रम का संयोजक बनाया है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा के नेताओं के साथ बैठक में कहा कि जिन सीटों को जिताने की जिम्मेदारी हमें सौंपी गई है, उन पर बहुत नीचे तक जाकर काम करना होगा। लोगों को दिल्ली में आम आदमी पार्टी की विफलताओं तथा भाजपा की सफलताओं की जानकारी देनी होगी।

बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि प्रत्येक सीट पर अलग-अलग चर्चा हुई है, ताकि रणनीति बनाने में आसानी हो सके। कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने बताया कि हरियाणा में भाजपा की जीत का असर दिल्ली के चुनाव में देखने को मिलेगा। राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी ने कहा कि हरियाणा की तरफ पूरे देश से कांग्रेस पार्टी खत्म होती जा रही है।

### इन नेताओं को सौंपी गई है चुनावी कमान

**चुनाव में हरियाणा के जिन नेताओं की ड्यूटी लगाई गई है, उनमें केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, महिपाल ढांडा, असीम गोयल, ओमप्रकाश धनखड़, कंवरपाल गुर्जर, जेपी दलाल, सुभाष सुधा, डा. कमल गुप्ता, कैप्टन अभिमन्यु, सुभाष बराला, किरण चौधरी, संजय भाटिया, डा. बनवारी लाल, विशंभर वाल्मीकि, संजय सिंह, मनीष ग्रोवर, ओमप्रकाश यादव, कमलेश ढांडा, डा. अभय सिंह यादव, सुनीता दुग्गल, रामचंद्र जांगड़ा, सीमा त्रिखा, ज्ञानचंद गुप्ता, रामबिलास शर्मा, डीपी वत्स, विजेंद्र दलाल, कृष्ण लाल पंवार और कृष्ण कुमार बेदी शामिल हैं। इनके अलावा विपुल गोयल, डा. अरविंद शर्मा और राजेश नागर भी प्रचार कर रहे हैं। भाजपा ने दिल्ली की सीटों के जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए इन नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है।**

## गाय सेवा के साथ-साथ मानव सेवा भी कर रही है श्री कृष्ण कृपा गौशाला

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में संचालित श्री कृष्ण कृपा गौशाला गौवंश की सेवा के साथ-साथ मानव सेवा में भी लगी हुई है। इस गौशाला में जहां बेसहारा गौवंश का आश्रय दिया जाता है, वहीं प्रत्येक बृहस्पतिवार को गौशाला की ओर से लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में उपराधीन लगभग 300 मरीजों और उनके सहायकों को भोजन भी वितरित किया जाता है। श्री कृष्ण कृपा गौशाला के चेयरमैन हंसराज सिंगला तथा प्रधान सुनील वत्स ने बताया कि इस गौशाला में लगभग 600 से अधिक गौवंश है, जिनमें अनेक अपाहित गाय भी हैं। सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश को गौशाला में आश्रय दिया जाता है और उनके लिए श्रद्धालुओं के सहयोग से पौष्टिक आहार की व्यवस्था की जाती है। गौशाला द्वारा प्रत्येक बृहस्पतिवार को सिविल अस्पताल में जाकर उपचाराधीन मरीजों के लिए भोजन वितरीत करना भी शुरु किया है। इस प्रकार यह गौशाला मानव सेवा के लिए भी कार्य करती है। सिंगला व वत्स ने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी का जीवन गाय व गीता के लिए समर्पित है।

# विद्युत लाइन ठीक कर रहे लाइनमैन की करंट से मौत

- दो मिनट ही हुए थे ट्रांसफार्मर पर चढ़े हुए पीछे से चालू कर दी गई लाइन
- बिजली विभाग की लापरवाही से हुआ यह बड़ा हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

मंगलवार को गांव सिकंदरपुर बढ़ा में विद्युत लाइन ठीक करने ट्रांसफार्मर पर चढ़े लाइनमैन की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। उसे ट्रांसफार्मर पर चढ़े हुए मात्र दो ही मिनट हुए थे और पीछे से लाइन चालू कर दी गई। आरोप है कि यह हादसा लापरवाही के कारण हुआ। बिजली बंद करने का परमिट होने के बाद भी बिजली चालू कर दी गई थी। मृतक के पिता की शिकायत पर खेड़की दौला थाने में विभाग के खिलाफ लापरवाही की एफआईआर दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार लाइनमैन तेजपाल निवासी गांव मिर्जापुर जिला गुरुग्राम वह दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) का कर्मचारी था। सिकंदरपुर-बढ़ा गांव में लाइनमैन तेजपाल ट्रांसफार्मर पर चढ़कर बिजली ठीक कर रहा था। बिजली ठीक करने की सूचना दे दी गयी थी और जेई तसलीम से बिजली बंद करने का परमिट भी ले लिया गया था। लाइनमैन तेजपाल को ट्रांसफार्मर पर चढ़े अभी दो मिनट ही हुए थे कि किसी ने लापरवाही से बिजली लाइन चालू कर दी। चंद सेकेंड में ही करंट से उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और पुलिस को बुलाया गया। मृतक लाइनमैन के परिजन भी मौके पर पहुंच गये।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कर्मचारी तेजपाल को ट्रांसफार्मर पर काम करते हुए मात्र दो मिनट ही हुए थे और पीछे से बिजली चालू कर दी गई। मृतक के पिता ने पुलिस को शिकायत दी कि उनके बेटे की मौत लापरवाही के कारण हुई है। खेड़की दौला पुलिस स्टेशन में डीएचबीवीएन के खिलाफ लापरवाही की प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच चल रही है।

# नूंह में गोकशी करते मामी-भांजा गिरफ्तार

- पॉलीथीन में पैक कर रहे थे गौमांस
- एक आरोपी मौके से हो गया फरार
- 180 किलोग्राम मांस किया गया बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह/गुरुग्राम

नूंह में गोकशी का एक मामला सामने आया है। एक मामी व उसका भांजा गोमांस के साथ पुलिस ने काबू किए हैं। वे पॉलीथीन में गोमांस पैक कर रहे थे। पुलिस को देखकर एक आरोपी मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को पुलिस की एक टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुख्ता जानकारी मिली कि खानपुर घाटी का रहने वाला अताउल्लाह, उसका भांजा खोह गांव जिला डीग राजस्थान निवासी अशफाक एक अन्य युवक मिलकर अपने घर पर गोकशी करके पॉलीथीन में पैक कर रहे हैं। इस सूचना पर बिना देरी किए पुलिस ने गांव के सरपंच को साथ लेकर छापेमारी की। आरोपी कुल्हाड़ी व छुरी से गोवंश के टुकड़े करके पॉलीथीन में पैक कर रहे थे। पुलिस को देखते ही वे भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने मौके से अशफाक व महिला रुकसीना को पकड़ लिया। आरोपी अताउल्लाह दीवार कूदकर फरार हो गया।

पिनगवां थाना प्रभारी सुभाष चंद के मुताबिक मौके से 180 किलोग्राम ताजा गोमांस, एक कुल्हाड़ी, दो दरांत, दो गुटका, एक यूपीआई स्कैनर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और पॉलिथीन में पैक गोमांस व अन्य सामान कब्जे में ले लिया गया। जिस बाइक पर आरोपी गोमांस सप्लाई करते थे, उस बाइक को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। एक महिला सहित तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## प्रतिभावान विद्यार्थी है स्कूल की पहचानः सचदेवा

**कुरुक्षेत्र।** किसी भी संस्थान के प्रतिभावान छात्र उसकी पहचान होते हैं। छात्रों की प्रतिभा के दम पर ही संस्थान का नाम होता है और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अपने विद्यार्थियों पर गर्व है। यूनिवर्सिटी स्कूल के छात्र जहां भी जाते हैं वे विवि को गौरवान्वित करते हैं। यह विचार कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों को सम्मानित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, स्कूल की वाईस चेयरपर्सन प्रो. सुनीता दलाल व स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह उपस्थित थे।

# सरकार के सौ दिन पूरे होने पर शुरू होंगी कई योजनाएं

- कल मंत्रिमंडल की बैठक में लिए जा सकते हैं अहम फैसले
- लाडो लक्ष्मी योजना पर सीएम करेंगे अहम ऐलान
- मुख्य सचिव लगातार कर रहे हैं बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा सरकार के कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने पर 24 जनवरी को प्रदेश की जनता को कई नई योजनाओं की सौगात मिल सकती है। इससे पहले 23 जनवरी को सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक बुला ली है। जिसमें कई अहम फैसले लिए जाएंगे। मंगलवार को मुख्य सचिव कार्यालय से लेकर सीएमओ के अधिकारी तक इस बैठक की तैयारी में जुटे रहे।

हरियाणा में भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने पर 17 अक्टूबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। जिसके बाद अब सरकार ने सौ दिन पूरे होने पर प्रदेश में कई परियोजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए जाएंगे। जिसमें कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड ट्रैक, पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय कुटैल (करनाल), पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय भिवानी के उदघाटन किए जाएंगे। इसके अलावा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय जींद, दिल्ली-अमृतसर-कटरा परियोजना और ग्राम सूचना प्रौद्योगिकी के लिए भारत-नेट परियोजना की सेवाओं का विस्तार शामिल है। इसी प्रकार, जिला सिविल अस्पताल गुरुग्राम तथा करनाल-यमुनानगर रेल लाइन परियोजना का शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री खुद इन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

इस आयोजन से पहले बृहस्पतिवार को हरियाणा सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक बुला ली है। इस बैठक में हरियाणा की सबसे चर्चित एवं सरकार की प्रतिष्ठित लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने पर चर्चा होगी। 24 जनवरी को मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता के समक्ष यह ऐलान करेंगे कि यह योजना प्रदेश में कब से लागू की जाएगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी यह योजना चर्चा का विषय बनी हुई है। जिसके तहत प्रदेश की महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा पिछले दिनों ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे की घोषणा सरकार कर सकती है।

34 स्थानीय निकायों के चुनावों पर सरकार के स्तर पर निर्णय लिया जा सकता है। कैबिनेट बैठक में ही विधानसभा के बजट सत्र की तिथि पर भी मुहर लगेगी।

# नूंह में दबंग ने साथियों के साथ घर में घुसकर की मारपीट

- महिलाओं से छेड़छाड़ का भी आरोप
- शराब पीने से रोका तो आरोपी ने दी गालियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह/गुरुग्राम

नूंह दंगों के एक आरोपी ने नूंह में ही दबंगई दिखाते हुए एक युवक से घर में घुसकर मारपीट की। उस पर आरोप है कि उसने महिलाओं के साथ भी छेड़छाड़ की। पीड़ितों ने कहा, वह बोल रहा था मैं यहां का राजा हूं।

जानकारी के अनुसार नूंह में समुदाय विशेष के एक युवक ने दूसरे समुदाय पर अपनी दबंगई दिखाते हुए हमला कर दिया। महिलाओं ने अपने घर पर उस युवक को शराब पीने से मना किया तो उसने दबंगई दिखाई। उसने महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की। साथ ही अपने साथियों को वहां बुलाकर मारपीट भी की। परिवार पर हमला बोल दिया। इस घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही वहां से फरार हो गए। नूंह थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की।

एक पीड़ित महिला ने पुलिस के समक्ष बयान दिया कि शाहरुख नामक युवक नशे में उनके घर में घुसा और गाली-गलौच करने लगा। जब उसे ऐसा ना करने और वहां से जाने के लिए कहा तो उसने हमला बोल दिया। शोर सुनकर जब घर की दूसरी महिलाएं वहां पहुंची तो आरोपी ने उनसे भी मारपीट की। महिला के मुताबिक आरोपी शाहरुख के बुलावे पर उसके पिता साबिर व उसका भाई साबिर करीब एक दर्ज लोगों के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने उसका गला दबाया। महिला के भाई ने उसे बचाया। महिला ने आरोपी पर जातिसूचक शब्द बोलकर यहां से भगाने की भी धमकी दी।

पीड़ित महिला के मुताबिक जब वह पुलिस को सूचना दे रही थी तो आरोपी शाहरुख ने उससे मोबाइल फोन छीन लिया। जब इस घटना की वह वीडियो बनाने लगी तो आरोपी शाहरुख दबंगई दिखाने लगा। वह बोला, मैं यहां का राजा हूं जितनी वीडियो बनानी है बनाओ। पीड़ित परिवार के अनुसार, 31 जुलाई 2023 को ब्रजमंडल यात्रा में हुई हिंसा का वह आरोपी है। उस पर केस चल रहा है। सिटी थाना प्रभारी नरेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि इस घटना की शिकायत मिलने पर वह मौके पर पहुंचे। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

# वीटा उत्पादों की संख्या में होगी बढ़ोतरी, ब्रांडिंग पर रहेगा जोरः मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

- जींद के घी प्लांट की क्षमता बढ़ाने पर भी चर्चा
- करनाल में खाद्य उत्पादों की जांच के लिए बनेगी प्रयोगशाला
- डॉ. अरविंद शर्मा ने ली हरियाणा डेयरी सहकारी फेडरेशन की बैठक



सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि वीटा अब शुगर फ्री प्रॉडक्ट भी बनाए, ताकि मधुमेह से पीड़ित लोगों को भी इनकी उपलब्धता हो सके। उन्होंने हरियाणा डेयरी विकास फेडरेशन को निर्देश देते हुए कहा कि वीटा उत्पादों की संख्या में इजाफा करते हुए उनकी भरपूर ब्रांडिंग करे, ताकि यह उत्पाद जन-जन के दिल में अपनी गुणवत्ता के लिए स्थान बनाएं। उन्होंने जींद के घी की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए प्लांट क्षमता में बढोतरी करने व घी के प्रचार-प्रसार में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

आज हरियाणा सिविल सचिवालय में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने हरियाणा डेयरी विकास फेडरेशन के एमडी रोहित यादव, महाप्रबंधक व 6 वीटा प्लांटों के सीईओ के साथ समीक्षा बैठक की। तकरीबन दो घंटे चली समीक्षा बैठक में कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सिलसिलेवार तरीके से वीटा उत्पादों, वीटा प्लांटों के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वीटा उत्पादों की रेंज को बढ़ाया जाएगा, ताकि आमजन को अधिक से अधिक गुणवत्ता से परिपूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो सकें।

मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए शुगर फ्री प्रॉडक्ट बनाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जींद प्लांट के घी की जनता में लगातार बढ़ रही मांग के आधार पर प्लांट की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ घी की ब्रांडिंग की जाए। वीटा प्लांटों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाते हुए सभी उत्पादों की जानकारी प्रदर्शित की जाए।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि खाद्य उत्पादों की जांच के लिए करनाल में केंद्र सरकार की योजना में राष्ट्रीय डेयरी विकास प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश स्तरीय प्रयोगशाला करनाल के हरियाणा कॉपरेटिव एक्पोर्ट हाउस, एग्रो मॉल करनाल में स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर फेडरेशन के एमडी रोहित यादव, जीएम एसएस कोहली, संजय सेतिया, सीईओ विशंबर सिंह, चरण सिंह, राकेश काद्यान, नरेंद्र धानिया, सुखदेव राज, कामिनी आदि उपस्थित रहे।

## सरस्वती तीर्थ स्थल को स्वच्छ बनाने को चलेगा अभियानः धुमन सिंह

**पिहोवा।** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से पिहोवा की पावन धरा पर इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव सात दिवसीय होगा। महोत्सव के दौरान रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सायं के समय तीर्थ स्थल पर आरती का आयोजन भी किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि बार ऐसोसिएशन, राईस मिल ऐसोसिएशन, श्रीकृष्ण कृपा गऊशाला के साथ-साथ अन्य संस्थाओं के सांझे प्रयासों से पिहोवा शहर को रंग-बिरंगी लाईटों के साथ सजाया जाएगा।

# नशीले पदार्थ को ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी ने आग के हवाले कर किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में बरामद किए गए मादक पदार्थों को आज पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता की देखरेख में आग के हवाले कर नष्ट किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 जनवरी को जिला ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने पुलिस के विभिन्न थानों के 217 मुकदमों में बरामद 381.433 किलोग्राम गांजा, 282 ग्राम चरस, 34 किलोग्राम चुरा डोडा पोस्त, 7 ग्राम रू हेरोइन 17.35 ग्राम, 162 नशीले इंजेक्शन व 34 कैप्सूल मादक पदार्थों को गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना में नष्ट किया गया। कमेटी में पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता (चेयरमैन), पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल (सदस्य) व सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्यालय अभिमन्यु गोयत(सदस्य) है।

# देशभक्ति से ओतप्रोत होगा गणतंत्र दिवस समारोह

**दयाराम वशिष्ठ।** पलवल



जिला नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में भव्य व देशभक्ति से परिपूर्ण रिहर्सल कराई गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की टीमों द्वारा सांस्कृतिक व देशभक्ति से ओतप्रोत शानदार प्रस्तुतियां दी गई।

मंगलवार को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के शानदार आयोजन के लिए पलवल के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल की अध्यक्षता में मार्च पास्ट, डंबल लेजियम व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमों की रिहर्सल करवाई गई। इसमें जिला के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल शहर, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल कैंप, विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल, एसएनडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल, जीवन ज्योति स्कूल के बच्चों की टीमें शामिल रहीं। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, बीआरसी दयानंद रावत, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बघौला के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# युवा संगम के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय के छात्र मप्र रवाना

- विश्वविद्यालय कुलपति ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



युवा संगम फेज-पांच के अंतर्गत केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के विद्यार्थी मंगलवार को मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर से विद्यार्थियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अंतर्गत विद्यार्थी मध्य प्रदेश के पर्यटन, परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और पारस्परिक संपर्क के माध्यम से बहुआयामी अनुभव मिलेगा। कुलपति ने इस अवसर पर आयोजन के लिए भारत सरकार विशेषकर शिक्षा मंत्रालय के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

विश्वविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के नोडल ऑफिसर डॉ. आर.पी. मीणा ने बताया कि इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का सहयोगी संस्थान है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित युवा संगम फेज पाँच के अंतर्गत इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश के नेतृत्व में विद्यार्थियों के समूह ने बीते दिनों हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व हरियाणा के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कर हरियाणा के इतिहास, कला व संस्कृति को जाना समझा।

इसी क्रम में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मध्य प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। विश्वविद्यालय से रवाना दल में शामिल विद्यार्थी प्रो. आशीष माथुर व डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा, डॉ. जितेंद्र कुमार व डॉ. तनवी भाटी के निर्देशन में यह यात्रा करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि मध्य प्रदेश की कला, संस्कृति और प्रगति को करीब से जानने का यह एक अच्छा अवसर है।

कार्यक्रम के अंत में प्रो. आशीष माथुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रो. माथुर ने कहा कि अवश्य ही यह यात्रा युवा संगठन के उद्देश्य की प्राप्ति में मददगार साबित होगी। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. रूपेश देशमुख, डॉ. देवेंद्र राजपूत, डॉ. विद्युलता रेड्डी, डॉ. विष्णु कुचरिया, पवन कुमार, डॉ. मोहित, प्रेरणा, अन्नु, हेमलता, मोनिका सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थी, शोधार्थी उपस्थित रहे।

## मादक पदार्थ मदों का किया गया निष्पादन

**पलवल।** दक्षिण हरियाणा के पुलिस महानिरीक्षक रेवाड़ी अशोक कुमार की अध्यक्षता में 77 मदों से संबंधित मादक पदार्थ मदों का गुरुग्राम स्थित बायोटेक वेस्ट लिमिटेड कंपनी मे निष्पादन किया गया। यह निष्पादन कार्य पुलिस महानिदेशक की अनुमति के उपरांत किया गया है। इस मौके पर चंद्र मोहन पुलिस अधीक्षक एवं अनिल कुमार डीएसपी मुख्यालय कमेटी मेंबर भी मौजूद रहे। निष्पादन की गई 77 मदों में 608.229 किलोग्राम पोप्पी हस्क,631.654 किलोग्राम गांजा,786 ग्राम स्मैक, तथा बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां जिनमें 349-पिल्स, 1536- कैप्सूल, 183- इंजेक्शन तथा 1270- बोतल शामिल है सहित कुल 1420.649 चत्र नशीला मादक पदार्थ है। नष्ट की गई मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत लगभग 3करोड़ रुपए है।

# 30 लाख छात्रों को कंप्यूटर साइंस में किया प्रशिक्षित

- वंचित वर्ग को मुख्य धारा में लाने के लिए 500 छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




देश के दूसरे टियर शहर के वंचित वर्ग के छात्रों को कंप्यूटर साइंस में 30 लाख छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम किया है। यह पहल अमेजन ने अपने फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम के पहले 'करियर ऑफ द फ्यूचर' सम्मेलन में की।

अमेज़न इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने कहा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में युवा महिलाओं को और सशक्त बनाने के लिए, कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग या संबंधित क्षेत्रों में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाली महिला छात्राओं को चार साल में 2 लाख रुपये मूल्य की 500 योग्यता-आधारित छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा। फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम के इंडिया हेड अक्षय कश्यप ने बताया 2021 में कंपनी ने फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम को लॉन्च किया जो देश आठ राज्यों के 272 जिलों के सरकारी स्कूलों में चल रहा है।

## विजयपाल संयोजक और छाबड़ा एक राष्ट्र-एक चुनाव समिति के सह संयोजक

**चंडीगढ़।** भाजपा ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर आमजन को जोड़ने की मुहिम शुरू कर दी है। लोकसभा में विधेयक पारित होने के बाद अब भाजपा ने एक चुनाव-एक राष्ट्र समिति का गठन किया है, जोकि कार्यकर्ताओं से इस पर रायशुमारी करेगी। मंगलवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने एक राष्ट्र-एक चुनाव समिति का विजयपाल एडवोकेट को संयोजक और कुरुक्षेत्र निवासी मदन मोहन छाबड़ा को सह संयोजक नियुक्त किया है। छाबड़ा ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया व अर्चना गुप्ता का आभार जताया।

## इसरो की उपलब्धि

### अंतरिक्ष में डाकिंग

**इसरो** के अंतरिक्ष डाकिंग ने देश की तकनीकी प्रगति रेखांकित कर भावी अंतरिक्ष खोजों का मार्ग प्रशस्त किया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो के नेतृत्व में चलने वाले भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि पहले सफल अंतरिक्ष डाकिंग प्रयोग के रूप में प्राप्त की है। यह उपलब्धि देश की अंतरिक्ष खोज यात्रा में एक प्रमुख उपलब्धि है। इससे वैश्विक अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में प्रमुख पक्ष के रूप में इसरो का सम्मान और मजबूत हुआ है। अंतरिक्ष डाकिंग दो अंतरिक्षयानों को कक्षा में एक दूसरे से जोड़ना है जिससे अंतरिक्ष यात्रियों, उपकरणों या ईंधन का हस्तांतरण संभव होता है। यह विकसित अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है जिसमें अंतरिक्ष स्टेशनों का निर्माण, अंतरिक्ष की कक्षा में ही मरम्मत तथा अंतर-ग्रहीय यात्रा शामिल हैं। अंतरिक्षयान के डाकिंग की क्षमता अंतरिक्ष की खोज करने वाले देशों के लिए महत्वपूर्ण है जो अंतरिक्ष में जटिल कार्रवाइयां करने की क्षमता प्रदर्शित करती है। इसरो के डाकिंग प्रयोग में दो छोटे स्वदेशी विकसित अंतरिक्षयान शामिल थे जो कक्षा में चक्कर लगा रहे थे। इस मिशन ने स्वायत्त कार्यवाही की क्षमता प्रदर्शित की है जब दो अंतरिक्षयान एक दूसरे के निकट पहुंचे, सटीक रूप से एक दूसरे से जुड़े तथा उनके बीच ऐसे समय डाकिंग सफल हुई जब वे उच्च गति से धरती की कक्षा में चक्कर लगा रहे थे। इस आपरेशन के लिए सटीक नियोजन तथा अद्यतन तकनीकों का विकास जरूरी है जिनमें नौवहन, कंट्रोल व्यवस्थायें तथा रोबोटिक व्यवस्थायें शामिल हैं।



इस डाकिंग प्रयोग ने अपने माड्यूलर अंतरिक्ष स्टेशन विकसित करने की भारत की महत्वाकांक्षा का आधार तैयार किया है। यह परियोजना अगले दशक में मूर्त रूप लेगी। अंतरिक्ष डाकिंग तकनीक भविष्य में चंद्रमा और मंगल के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है। इससे अंतरिक्ष में बड़े अंतरिक्षयानों को जोड़ने तथा पुन: ईंधन सप्लाई व अंतरिक्षनाविकों के हस्तांतरण की क्षमता प्राप्त होती है जो लंबी अवधि तक चलने वाले मिशनों के लिए जरूरी है। डाकिंग तकनीक में महारत से भारत अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में संभावित साझीदार के रूप में विकसित हुआ है जिनमें 'ल्यूनर गेटवे' या अन्य सहयोगी अंतरिक्ष पहलें शामिल हैं। इस सफलता से इसरो की देश में संवेदनशील तकनीकें खोजने और उनको विकसित करने की क्षमता स्पष्ट होती है तथा बाहरी समर्थन पर निर्भरता घटती है। सफल डाकिंग कोई आसान काम नहीं है। इसरो को इसके लिए अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है जिनमें उच्च सटीकता वाले नौवहन और कंट्रोल सिस्टमों का निर्माण शामिल है जो स्वत: निर्णय लेने में सक्षम हों। 28,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रहे दो अंतरिक्षयानों के बीच समन्वय इसरो के सफल अंतरिक्ष डाकिंग प्रयोग का केन्द्र है। इसने भारत को अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के क्षेत्र में एक कदम आगे बढ़ाया है। यह संगठन के धरती की निकटस्थ कक्षाओं और उससे आगे जाने का दृष्टिकोण स्पष्ट करता है। इस उपलब्धि से भारत की अंतरिक्ष क्षमताओं में विश्वास पैदा होता है कि देश गगनयान, मानव अंतरिक्ष मिशन, चंद्र मिशन तथा अंतरग्रहीय मिशनों जैसे मिशन पूरे करने में सक्षम है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय ने इसरो की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए इसे महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि के रूप में स्वीकार किया है। इससे उभरती अंतरिक्ष शक्ति के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होती है जो चुनौतीपूर्ण तथा अत्यधिक उच्च महत्व वाले अंतरिक्ष मिशन पूरे करने में सक्षम है। भारत इस समय अंतरिक्ष में नई-नई संभावनाओं की सीमायें तोड़ रहा है, ऐसे में इसरो का यह डाकिंग प्रयोग आने वाले वर्षों में और भी बड़ी उपलब्धियों का मार्ग खोलता है। इस प्रकार हर नए कदम के साथ भारत अंतरिक्ष खोज में लगे अग्रणी देशों की कतार में अपना स्थान मजबूत करता जा रहा है। अब तक केवल अमेरिका, रूस और चीन ही डाकिंग में सफलता प्राप्त कर सके हैं।

# सांस्कृतिक व आर्थिक प्रगति का प्रतीक

**महाकुंभ का यह आयोजन न केवल दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की विकसित होती आर्थिक शक्ति व सांस्कृतिक महत्व का भी प्रतीक है।**



**नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी'**
(लेखक, उप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं)



महाकुंभ के पहले दिन 3 करोड़ से अधिक देशी विदेशी श्रृद्धालुओं ने प्रयागराज में पवित्र स्नान किया। इससे पिछले कुछ महीनों से लगाए जा रहे हमारे अनुमान सही सिद्ध हुए हैं। व्यापकता और महानता के पैमाने पर महाकुंभ का यह आयोजन न केवल इस ग्रह के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन के रूप में इतिहास में दर्ज किया जाएगा, बल्कि यह बहुत लंबे समय तक बेजोड़ भी बना रहेगा। हमारा अनुमान है कि पहले के आयोजनों से बहुत अधिक लगभग 400 मिलियन तीर्थयात्री इसमें हिस्सा लेंगे। यदि आगंतुकों की संख्या इससे बहुत आगे निकल जाए तो यह भी आश्चर्य की बात नहीं होगी। इन श्रृद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्थायें की गई हैं।

ये व्यवस्थाएं इतनी व्यापक हैं कि इनका अनुमान लगाना कठिन है। इस विशाल और महान आयोजन की व्यवस्थाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन में विश्व-स्तरीय सुविधायें प्रदान करने के लिए 540 से अधिक परियोजनायें मंजूर की हैं जिन पर लगभग 7,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कोई भी प्रयागराज जा कर नए शहर का विस्तार देख सकता है जो 4000 हेक्टर से अधिक क्षेत्र में फैला है। इसमें 1.5 लाख टेंट लगाए गए हैं तथा उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं व बिजनेस स्थलों समेत सभी मूलभूत सुविधायें जुटाई गई हैं। इस पवित्र स्थल पर श्रृद्धालुओं की सेवा करने में अनेकानेक उद्योगपति लगे हैं जिनके नाम उपभोक्ताओं के दिमाग में बने हुए हैं। कुल मिला कर हमारी उम्मीद है कि यहां 2 लाख करोड़ या 24 बिलियन डालर से अधिक की आर्थिक गतिविधियां होंगे।

यह आंकड़ा अपने आम में अत्यधिक आश्चर्यजनक है। इस व्यापक आयोजन के लिए सुरक्षा ढांचे में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस-एआई को शामिल किया गया है जो एक अतिरिक्त उपलब्धि है। हम यहां एक ऐसा स्थल बनाना चाहते हैं जहां सर्वोच्च स्तर के धार्मिक आयोजन के साथ ही सर्वोत्तम आधुनिक सुविधायें भी उपलब्ध हों। तीर्थयात्रियों की प्रारंभिक प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट है कि वे इन व्यवस्थाओं से लगभग पूर्णत: संतुष्ट हैं। यह कहना अतिरंजना नहीं होगी कि हमने इस महान धार्मिक आयोजन को सफल तथा अपने चरित्र से बेजोड़ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पहले ही दिन से हमारा ध्यान इस बात पर था कि नियोजन के स्तर पर हमें इस बार महाकुंभ से सारी दुनिया को एक महत्वपूर्ण संदेश देना है। प्रतीकात्मक रूप से यह आयोजन ऐसे समय हो रहा है जब भू-राजनीतिक उथलपुथल काफी स्पष्ट है और धार्मिक असहिष्णुता दुनिया के अनेक हिस्सों में सिर उठा रही है। ऐसे में प्रयागराज का महाकुंभ ऐसा एक और अवसर है जिससे हम अपनी सनातन विरासत की समृद्धि सारी दुनिया के सामने प्रकट कर सकते हैं जिसकी जड़ें शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व व संपूर्ण मानवजाति के कल्याण के दर्शन में निहित हैं।

इस आयोजन में हजारों विदेशी श्रृद्धालु शामिल हुए हैं। इनमें केवल अनिवासी भारतीय ही नहीं, बल्कि दूसरी राष्ट्रीयताओं और धर्मों के भक्त भी शामिल हैं। वे पवित्र स्थल पर पहुंच कर भारत की धार्मिक शक्ति की विशालता और व्यापकता का अनुभव करना चाहते हैं। इस आयोजन से पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट होता है कि हमारा प्राचीन समाज पुन: अपनी सांस्कृतिक-धार्मिक विरासत को उभारने के लिए प्रयासरत है।

यह आयोजन हमें अनेक क्षेत्रों में सारी दुनिया का नेता बनने के दावे की पुष्टि करता है। इस बार महाकुंभ के आयोजन के माध्यम से हम दुनिया को एक और

**व्यवस्थाएं इतनी व्यापक हैं कि इनका अनुमान लगाना कठिन है। इस विशाल और महान आयोजन की व्यवस्थाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन में विश्व-स्तरीय सुविधायें प्रदान करने के लिए 540 से अधिक परियोजनायें मंजूर की हैं जिन पर लगभग 7000 करोड़ रुपये खर्च होंगे।**

महत्वपूर्ण संदेश देना चाहते हैं। इसका संबंध उत्तर प्रदेश की बढ़ती आर्थिक शक्ति से है। उत्तर प्रदेश को पहले परेशान 'बीमारू' राज्य के रूप में वर्गीकृत किया जाता था। हालिया दशक तक इसकी यही स्थिति थी। प्रदेश की स्थिति और उसके आर्थिक भविष्य में अब आया परिवर्तन सबको दिखाई दे रहा है। हमें यह विकास प्रयागराज में महाकुंभ के स्थल पर भी दिख रहा है जिसके निर्माण में हमने कोई कसर नहीं छोड़ी है।

महाकुंभ से लौटने वाले करोड़ों तीर्थयात्री उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के बारे में सकारात्मक छवि लेकर जाएंगे। उनको अनुभव होगा कि आज उत्तर प्रदेश का लक्ष्य एक आधुनिक व जीवन्त अर्थव्यवस्था बनाना है। हमने वर्ष 2017 से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के सारे प्रयास किए हैं। हम देश के राज्यों में अग्रणी स्थिति तक पहुंचना चाहते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों तथा नियामक हस्तक्षेपों ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। हम इस समय देश में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गए हैं और राष्ट्रीय जीडीपी में हमारा शानदार योगदान 8 प्रतिशत है। पिछले सात-आठ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था 11 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है जो देश में सबसे अधिक है। चारों ओर भूमि से घिरा राज्य होने के बावजूद राष्ट्रीय निर्यातों में हमारा हिस्सा लगभग 5 प्रतिशत है। इसने हमारी मार्केटिंग विकास सहायता योजना को आगे बढ़ाने में सुविधा प्रदान की है।

इस वर्ष हम प्रदेश की नई निर्यात नीति की घोषणा करने जा रहे हैं जिसमें हम अगले पांच साल में नए बिजनेस अवसरों को रेखांकित करेंगे जो हमारे अत्यधिक उत्कृष्ट ढांचागत संरचना आधार से विकसित हो रहे हैं। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है, देश के एक्सप्रेसवे में हमारा हिस्सा 38 प्रतिशत है तथा हमारे पास चार अंतरराष्ट्रीय व न धरेलू हवाईअड्डे हैं। इसके साथ ही सात नए हवाईअड्डों का निर्माण हो रहा है जिनमें विश्व स्तरीय जेवर हवाईअड्डा भी शामिल है जो जल्द ही काम करने लगेगा। जमीनी स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं को ऊर्जान्वित करने के लिए उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण योजना 'एक जिला एक उत्पाद' योजना है।

2018 में शुरू की गई इस योजना में 75 जिलों के खास यूएसपी उत्पादों की पहचान कर स्थानीय पक्षों को इनका बिजनेस उच्च स्तर पर ले जाने को प्रेरित किया गया है। इसके लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा प्रशिक्षण से लेकर मार्केटिंग तक पूरा समर्थन दिया गया है। योजना शुरू होने के समय से हमने राज्य भर के 1,33,472 कारीगरों की सहायता की है। इन प्रयासों से राज्य की अर्थव्यवस्था निर्णायक रूप से प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रही है। इससे अर्थव्यवस्था को अच्छे लाभ हुए हैं और इससे अर्थव्यवस्था को और आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता मजबूत हुई है।

हम निकट भविष्य में ही राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं। यह हमारी आर्थिक प्रगति का प्रमुख लक्ष्य है जिस पर पिछले कुछ साल से चल रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार महाकुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों व श्रृद्धालुओं को उत्तर प्रदेश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था का अनुभव होगा।

# शिक्षकों की रूपांतरणकारी भूमिका

**"शिक्षा एक गतिशील क्षेत्र है, और शैक्षणिक प्रगति, सांस्कृतिक बदलाव और तकनीकी नवाचारों के साथ अपडेट रहना आवश्यक है।"**

**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



शिक्षा केवल ज्ञान का हस्तांतरण नहीं है। यह दिमाग को आकार देने, विकास को बढ़ावा देने और इससे भी अधिक क्षमता को विकसित करने का काम है। शिक्षकों के रूप में, भूमिका व्याख्यान देने या असाइनमेंट को ग्रेड करने से कहीं आगे तक फैली हुई है। इसमें व्यक्तियों को महत्वपूर्ण विचारक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए मार्गदर्शन, प्रेरणा और सशक्त बनाना शामिल है। अपनी भूमिकाओं पर चिंतन करने से हम अपनी जिम्मेदारियों को अधिक सचेत रूप से अपना पाते हैं और शिक्षार्थियों और समाज की बदलती जरूरतों के अनुकूल ढल पाते हैं। समकालीन शिक्षा में, शिक्षक की भूमिका ज्ञान के एकमात्र स्रोत से बदलकर सीखने के सूत्रधार की हो गई है। यह परिवर्तन छात्रों को खोज करने, सवाल करने और उनकी समझ बनाने के लिए मार्गदर्शन करने के महत्व को रेखांकित करता है। यह एक ऐसा वातावरण बनाने के बारे में है जहां छात्र अपने विचारों को व्यक्त करने, गलतियां करने और उनसे आगे बढ़ने में सुरक्षित महसूस करें। बोर्ड के छात्रों के साथ काम करते समय शिक्षक की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। जब उनके बारे में बात की जाती है, तो शिक्षक की प्राथमिक जिम्मेदारी पाठ्यक्रम की मजबूत समझ सुनिश्चित करना है, जिसमें जटिल अवधारणाओं को तोड़ना, ज्ञान अंतराल की पहचान करना और उन्हें संबोधित करना और प्रभावी अध्ययन रणनीतियां प्रदान करना शामिल है।

शिक्षण सामग्री से परे, शिक्षकों को छात्रों को दबाव में आत्मविश्वास से प्रदर्शन करने के लिए समय प्रबंधन और परीक्षा तकनीक विकसित करने में मदद करनी चाहिए। भूमिका विषय विशेषज्ञता और परीक्षा प्रारूप और रुझानों के बारे में गहरी जागरूकता की मांग करती है। आज, बोर्ड के छात्रों के लिए आधुनिक शैक्षिक परिदृश्य में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएँ और सीखने में प्रौद्योगिकी के तेजी से एकीकरण जैसी चुनौतियाँ शामिल हैं। शिक्षकों को अनुकूलनीय बने रहने की जरूरत है, सीखने को आकर्षक और सुलभ बनाने के लिए डिजिटल उपकरणों का लाभ उठाते हुए उन जरूरतों को पूरा करने के लिए रणनीतियों का उपयोग करना और यह सुनिश्चित करना कि हर छात्र शामिल और मूल्यवान महसूस करे। इसके अतिरिक्त, छात्रों की विविध सीखने की जरूरतों को स्वीकार करना और जब भी संभव हो निर्देश को वैयक्तिकृत करना भी उनकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि छात्र अपनी शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं जो अक्सर उनके भविष्य के शैक्षिक और करियर पथ को निर्धारित करती हैं। इस संदर्भ में शिक्षकों के रूप में हमारी भूमिकाओं पर विचार करने से एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता का पता चलता है जो अकादमिक कठोरता, भावनात्मक समर्थन और जीवन-कौशल विकास को जोड़ता है।



एक शिक्षक की सबसे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में से एक आजीवन सीखने वाला होना है। शिक्षा एक गतिशील क्षेत्र है, और शैक्षणिक प्रगति, सांस्कृतिक बदलाव और तकनीकी नवाचारों के साथ अपडेट रहना आवश्यक है। व्यक्तिगत विकास के लिए यह प्रतिबद्धता न केवल शिक्षण प्रभावशीलता को बढ़ाएगी बल्कि छात्रों के लिए निरंतर सीखने के मूल्य का मॉडल भी बनाएगी। आलोचनात्मक सोच, सहयोग और अनुकूलनशीलता जैसे शिक्षण मूल्य छात्रों को परीक्षा हॉल से परे चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

इस बात पर जोर देना आवश्यक है कि शिक्षा उन्हें जीवन के लिए कौशल से लैस करने के बारे में है, न कि केवल रिपोर्ट कार्ड पर अंक देने के बारे में। शिक्षकों के रूप में हमारी भूमिकाओं पर विचार करने से युवा जीवन को आकार देने में हमारे पास मौजूद अपार जिम्मेदारी और अवसर पर प्रकाश डाला गया है। इसके लिए अकादमिक विशेषज्ञता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और अटूट समर्पण की आवश्यकता होती है।

न केवल बुद्धि बल्कि अपने छात्रों की भावना का पोषण करके, हम शिक्षकों के रूप में उन्हें उनकी परीक्षाओं में और सबसे महत्वपूर्ण रूप से जीवन में सफलता की ओर ले जा सकते हैं। अपनी बहुमुखी भूमिकाओं को जुनून और उद्देश्य के साथ अपनाकर, हम अपने विद्यार्थियों के लिए परिवर्तनकारी अनुभव सृजित कर सकते हैं तथा ज्ञान और बुद्धिमत्ता की एक स्थायी विरासत छोड़ सकते हैं।

## आप की बात

### कर्ज की चुनौती

**डोनाल्ड** ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के एक दिन बाद ही अमेरिका में डेट सीलिंग यानी कर्ज की सीमा का संकट फिर सिर उठाने लगा है। यह समस्या तब उत्पन्न होती है जब अमेरिकी सरकार का कर्ज एक निश्चित सीमा से अधिक हो जाता है, जिसे कांग्रेस द्वारा निर्धारित किया जाता है। अमेरिका की निवर्तमान वित्त मंत्री जेनेट येलन ने कुछ दिन पहले चेतावनी दी थी कि अमेरिका 21 जनवरी को अपनी डेट लिमिट पर पहुंच जाएगा। इसके बाद वित्त विभाग असाधारण उपाय करना शुरू देगा, जैसे कि कुछ बिलों का भुगतान नहीं करना या प्राथमिकता के आधार पर भुगतान करना। इस समस्या के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यदि अमेरिका अपने कर्ज का भुगतान नहीं कर पाता है, तो यह दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता का कारण बन सकता है। इसके अलावा, अमेरिकी नागरिकों को भी इसका नकारात्मक प्रभाव झेलना पड़ सकता है, जैसे कि सोशल सिक्योरिटी बेनिफिट्स में कटौती या अन्य सरकारी सेवाओं में कमी। इस समस्या का समाधान करने के लिए, अमेरिकी सरकार को अपने कर्ज को कम करने और अपने वित्तीय संसाधनों को प्रबंधित करने के लिए कुछ कदम उठाने होंगे। इसके लिए, सरकार को अपने खर्चों में कटौती करनी, करों में वृद्धि करनी, और अपने राजस्व स्रोतों को बढ़ाने के लिए उपाय करने होंगे।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### भ्रष्टाचार पर दोहरा रवैया

**देश** में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो गई हैं। हर विभाग से भ्रष्टाचार की खबरें आती हैं। हालांकि सरकार द्वारा गठित लोकायुक्त और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा भ्रष्ट लोगों को पकड़ा भी जाता है। लेकिन यह भ्रष्टाचार रूपी पेड़ से कुछ पत्ते तोड़ने जैसा होता है । पेड़ की जड़ पर प्रहार नहीं किया जाता है। इसी कारण यह फल फूल रहा है। दरअसल भ्रष्टाचार को लेकर सरकार द्वारा दोहरा रवैया अपनाया जाता है। पहला यह कि रिश्वत लेने को जमानती अपराध माना गया है। पकड़े जाने पर थाने से ही तुरंत जमानत हो जाती है। दूसरा कोढ़ में खाज यह कि भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार द्वारा वर्षों तक आरोपी के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी जाती है, जिससे मामला लंबित रहता है। कई आरोपी कर्मचारी तो अपना पूरा कार्यकाल कर लेते हैं, तब तक स्वीकृति नहीं दी जाती है। यदि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना है तो इसे गैर जमानती अपराध बनाने की पहल करनी होगी। दूसरा यह कि व्यवस्था ऐसी हो कि रिश्वत लेते पकड़े जाने पर कर्मचारी के तुरंत निलंबन के साथ ही अभियोजन की स्वीकृति हो, ताकि मामला अदालत में जा सके। जमानत नहीं होने से जेल में विचाराधीन आरोपी को अपने गुनाह का अहसास तो हो सके।

– **मोहन जोशी**, इंदौर

### महाकुंभ में आग

**महाकुम्भ** की आग ने उन सनातन विरोधियों के मनों की आग को कुछ ठण्डक ज़रूर पहुंचाई होगी जिनके मन महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता से कुण्ठित थे। जिनमें अखिलेश यादव और राहुल गांधी मुख्य रूप से रात- दिन इसी उलझन में थे कि किस प्रकार महाकुम्भ की सफलता पर कोई दाग़ कैसे लगे? अत: जब महाकुम्भ के कुछ छ टैंटों में आग का समाचार संचार माध्यमों से प्रसारित हुआ तुरन्त सबसे पहली प्रतिक्रिया अखिलेश यादव और कांग्रेस की तरफ से आई। अखिलेश यादव तो यह भी भूल गए कि उनकी सरकार में 2013 में जब कुम्भ लगा था तो प्रयाग रेलवे स्टेशन पर ही भगदड़ में 42 लोग मारे गए थे। जो कि पूरी तरह शासन और प्रशासन के कुप्रबंधन का परिणाम था। जबकि महाकुम्भ में लगी आग का दोष सरकार पर मंढना इसलिए उचित नहीं क्योंकि टैंट में आग मानवीय भूल के कारण लगी न कि सरकारी कुव्यवस्था के कारण। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने तो आग के लिए पूरी तरह योगी सरकार को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। अजय राय तो अभी मौनी अमावस्या के स्नान पर आस लगाए बैठे हैं कि उस दिन भी कुछ अशुभ हो। तमाम विपक्ष नहीं चाहता कि 2025 का कुम्भ सफलता पूर्वक सम्पन्न हो जाए। ये सब चाहते हैं कि कुम्भ में कुछ अशुभ हो और ये फाग मनाएं।

– **डॉ नरेंद्र टोंक**, मेरठ

### अदालत का संदेश

**दिल्ली** दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एक गहरी और सार्थक टिप्पणी की। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने कहा, अब तो जेल में बैठकर चुनाव लड़ना और जीतना आम हो गया है। यह चिंताजनक है। जेल में बंद सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। यह बयान न केवल राजनीतिक तंत्र पर, बल्कि समाज में नैतिकता और शुचिता की आवश्यकता पर गंभीर प्रश्न उठाता है। क्या आपराधिक आरोपों में घिरे व्यक्तियों को जनप्रतिनिधित्व का अधिकार मिलना चाहिए? यह सवाल आज के दौर में विचारणीय है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि जनता की सेवा और विश्वास अर्जित करना होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी राजनीतिक व्यवस्था को स्वच्छ और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक सशक्त संदेश है। यह समय है कि देश का हर नागरिक इस विषय पर मंथन करे और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करे कि हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली में नैतिकता और ईमानदारी की नींव सुदृढ़ बनी रहे।

– **आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 22 जनवरी 2025



# जनता की समस्याओं पर तत्काल लें एक्शनः मुख्यमंत्री

## कड़ाके की ठंड में भी सीएम योगी ने आयोजित किया जनता दर्शन, सुनीं 100 लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**कड़ाके** की ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल एक्शन लें। इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले।



मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। एक महिला के इलाज संबंधी फरियाद पर उन्होंने अफसरों से कहा कि मेडिकल कॉलेज या किसी अन्य उच्च स्तरीय अस्पताल में इलाज कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए।

### सीएम योगी ने गुरु की पूजा और गोवंश की सेवा भी की



**गोरखनाथ** मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। मंगलवार प्रात:काल गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ समय बिताया और गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गोवंश को खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और गोशाला के कार्यकर्ताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री ने फतेहपुर में हुए सड़क हादसे का लिया संज्ञान

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने फतेहपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने हादसे में मृत छात्रा के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने छात्रा के पीड़ित परिजनों को तत्काल दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने के दिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बुलंदशहर में गैस रिसाव की दुर्घटना पर दुख जताते हुए राहत कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने उक्त दुर्घटना में असमय काल-कवलित हुए व्यक्तियों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की है, साथ ही, घायल लोगों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

# पूरे मंत्रिमंडल के साथ आज संगम में डुबकी लगाएंगे सीएम योगी

● अरैल के त्रिवेणी संकुल में आयोजित होगी कैबिनेट बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ महाकुम्भ नगर


**प्रयागराज** महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी। बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। जानकारी के मुताबिक सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

# बौद्ध पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जारी रहेगी धम्म यात्राः जयवीर सिंह

● नौ देशों के बौद्ध भिक्षुओं को कराया जा रहा बुद्ध सर्किट का भ्रमण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश पर्यटन के संयुक्त तत्वाधान में नौ देशों के बौद्ध भिक्षुओं का दल राज्य भ्रमण के लिए आया है। बौद्ध भिक्षु 18 से 30 जनवरी तक बुद्ध सर्किट से जुड़े गंतव्यों का दर्शन करेंगे। यह दल 19 जनवरी को राजधानी लखनऊ पहुंचा। इनके सम्मान में 20 जनवरी की देर शाम शांति उपवन बौद्ध विहार में संगोष्ठी और स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यह दल 21 जनवरी को श्रावस्ती के लिए रवाना हुआ, जो कुशीनगर, सारनाथ और कौशांबी में भ्रमण करेगा। इसके बाद सभी भिक्षु श्रावस्ती के लिए रवाना हो गए। यह दल 22-23 जनवरी को श्रावस्ती, 24-26 जनवरी को कुशीनगर, 27-28 जनवरी को सारनाथ और 29-30 जनवरी को कौशाम्बी पहुंचेगा।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन और लाइट ऑफ बुद्ध धर्म फाउंडेशन इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धम्म यात्रा में कम्बोडिया, थाईलैंड, वियतनाम, म्यांमार आदि थेरवादी बौद्ध देशों के वो विशिष्ट भिक्षु सम्मिलित हैं, जो प्रतिदिन कम से कम 30 किलोमीटर चारिका करने के अभ्यस्त हैं। साथ में ब्राजील, पुर्तगाल, अमेरिका, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों के श्रद्धालु बौद्ध उपासक भी उत्तर प्रदेश के बौद्ध पर्यटन में सम्मिलित हैं। भिक्षुओं का दल प्रत्येक स्थान पर बुद्ध पूजा-पाठ भी करेंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि राजधानी लखनऊ के शान्ति उपवन बुद्ध विहार, आलमबाग में 20 जनवरी 2025 को विश्व शान्ति के लिए बुद्ध के वचनों के संग्रह धम्मपद का अखंड पाठ, नृत्य नाटिका, फिल्म प्रदर्शन, संघदान आदि किया गया। इस दौरान अमेरिका से आए डॉ. वांगमों डिक्सी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार बुद्धिस्ट सर्किट का निरंतर विकास कर रही है, जो कि बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थल जीवंत विरासत के रूप में मौजूद हैं। यह दल पाली, तिब्बती, संस्कृत आदि भाषाओं में उन स्थलों को सक्रिय करेंगे। धम्म यात्रा में लाइट ऑफ बुद्ध धर्म फाउंडेशन इंटरनेशनल की कार्यकारी निदेशक डॉ. वांगमो डिक्सी के साथ बॉलीवुड के सिनेमेटोग्राफर एरिक, ब्राजील से नेल्सन फिल्फो छमा आदि गणमान्य लोग भी चारिका में सम्मिलित हैं। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विश्व में भगवान बुद्ध को मानने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या है। इनके लिए प्रदेश में महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल हैं। पर्यटन विभाग इन स्थलों का निरंतर विकास कर रही है, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें। बौद्ध पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आगे भी धम्म यात्रा जारी रहेगी।

# भाजपा ने बस्तियों व विद्यालयों में चलाया 'संविधान गौरव अभियान'

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भाजपा** लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी के नेतृत्व में लखनऊ महानगर में 'संविधान गौरव अभियान' चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर विद्यालयों में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पश्चिम विधानसभा में सिटी मॉडर्न स्कूल में बुधवार को मुख्य अथिति राम औतार कन्नौजिया, विशिष्ठ अतिथि अंजनी श्रीवास्तव प्रत्याशी विपिन सोनकर अध्यक्ष अनु. सू. मोर्चा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

मध्य विधानसभा के अंतर्गत विद्या मन्दिर डिगड़िया में रजनीश गुप्ता, अनुचित जनजाति सदस्य रमेश तूफानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में क्रमश: प्रिया रावत, सौम्या पाल एवं कार्तिकेय को पुरस्कार वितरित किए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे संविधान गौरव अभियान के क्रम में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा ने संयुक्त रूप से विद्यालयए महाविद्यालय में संपर्क कर पत्रक वितरण किया गया। जिसके माध्यम से सभी को अवगत कराया गया की आजादी से अब तक कांग्रेस के द्वारा व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण कितनी बार संविधान में संशोधन किया गया साथ में बाबा भीमराव अंबेडकर जी का भी नेको बार अपमान किया गया!

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि अनुसूचित मोर्चा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा द्वारा बस्तियों में भी अभियान चलाया गया जिसमें अनुसूचित मोर्चा ने पश्चिम विधानसभा के अंदर फ्रीदीपुर बस्ती जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के विचारों के विषय में क्षेत्र वासियों को जानकारी दी और संपर्क कर संबंधित पत्रक वितरण किया। राम औतार कनौजिया, अंजनी श्रीवास्तव, विपिन सोनकर अध्यक्ष अनुसूचित, विमल चौधरी मण्डल अध्यक्ष, नगर महामंत्री अनुसूचित मोर्चा, कुन्दन गौतम, विश्वनाथ भारती कुन्दन गौतम, गोविंद रावत, डॉ मनमोहन रावत, शीतल रावत, सनी रावत, सुमित गुप्ता, गौरव सिंह धानुक, दिलीप साहू, मोहित द्विवेदी, जिला प्रतिनिधि जय प्रकाश शर्मा एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# होमगार्ड्स मंत्री ने 63 करोड़ की लागत से बनने वाली 8 इकाइयों का किया शिलान्यास

● प्रशासनिक, प्रशिक्षण एवं आवासीय भवन किए जाएंगे निर्मितः धर्मवीर प्रजापति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**होमगार्ड्स** एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बुधवार को विभिन्न आवासीय प्रशिक्षण कार्यालय एवं प्रशासनिक भवनों का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के कार्यकाल में अनेकों कार्य कराये गये हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यालय स्तर पर कार्य करने वाले तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए कोई विभागीय आवासीय भवन नहीं था। कर्मचारियों की आवश्यकताओं को देखते हुए जी. 11, टाइप ए टाइप बी के 24 नग बहुमंजिला भवन के निर्माण हेतु शिलान्यास किया जा रहा है। इससे उनके रहने की व्यवस्था अच्छे से हो जायेगी और उन्हें काफी राहत मिलेगी। प्रजापति ने इसके साथ ही जनपद कौशाम्बी, महराजगंज में जिला कार्यालय, जनपद बांदा, शामली, वाराणसी में जिला मण्डल कार्यालय, जनपद गोरखपुर में मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में बनने वाले भवनों का भी आज शिलान्यास किया। बनने वाली उक्त भवनों के निर्माण में लगभग 63.84 करोड़ रूपये की लागत का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि विभाग के गठन के बाद यह पहला अवसर है जब कर्मचारियों के लिए आवासीय निर्माण का शिलान्यास किया जा रहा है। गोरखपुर में बनने वाले प्रशिक्षण भवन के निर्माण से होमगार्ड्स जवानों के टेऊनिंग में सुविधा होगी और विभाग को कुशल जवानों की आवश्यकता पूरी होगी।

# अपराधियों पर कार्रवाई के बजाए निर्दोषों को प्रताड़ित कर जान ले रही पुलिसः अखिलेश

● सपा मुखिया ने कहा, भाजपा सरकार में चरम पर है अन्याय और अत्याचार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। हत्या, लूट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। अपराधी दिनदहाड़े हत्याएं कर रहे है। अपराधियों में पुलिस का डर नहीं है। पुलिस अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के बजाय निर्दोषों को प्रताड़ित कर उनकी जान ले रही है। भाजपा सरकार में लोग सुरक्षित नहीं है।

अखिलेश ने कहा कि अमरोहा में सोमवार को समाजवादी पार्टी के नेता इशरत अली की दिन दहाड़े बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। कासगंज में रिटायर्ड एडीएम राजेन्द्र प्रसाद कश्यप की हत्या हो गयी। गाजियाबाद में बदमाशों ने रूपये से भरा बैग लूट लिया। पूरे-प्रदेश में हर दिन अपराध की सैकड़ों घटनाएं हो रही है। सरकार का कानून- व्यवस्था और पुलिस का अपराध पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। भाजपा सरकार में पुलिस से जनता का भरोसा उठ गया है। इस सरकार में पुलिस मदद के बजाय लूट रही है। कानपुर में डायल 112 पर मदद के लिए फोन मिलाने पर पहुंचे पुलिस वालों ने पीड़ित की ही पिटाई कर पैसे छीन लिए। इसी तरह से भाजपा सरकार में हिरासत में मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा सरकार में पुलिस रक्षक की जगह भक्षक बन गई है। सम्भल में घर से पूछताछ के नाम पर घर से ले गये युवक की हिरासत में मौत हो गयी। युवक की मौत के बाद जनआक्रोश भड़क गया। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है।

इस सरकार ने हिरासत में मौतों के मामले में यूपी को नम्बर एक बना दिया है। याद रहे अन्याय करने वाली भाजपा सरकार अब अपने अंतिम दौर में है। जनता भाजपा के अन्याय, उत्पीड़न को देख रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से हटाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी। न्याय और कानून का शासन स्थापित होगा।

# पिछड़े वर्ग के छात्रों की उच्च शिक्षा में अब नहीं आएंगी आर्थिक बाधाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● छात्रों के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2024-25 शुरू

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा और युवाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है। इसी दिशा में, अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना 2024-25 को संचालित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपनी शैक्षिक यात्रा को निर्बाध रूप से जारी रख सकें।

योगी सरकार ने शिक्षा को सशक्तिकरण का माध्यम मानते हुए प्रदेश के हर छात्र तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, विशेष रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए, उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। उच्च शिक्षा में आने वाली आर्थिक बाधाओं को दूर कर ही समाज के कमजोर वर्गों को मुख्य धारा में से जोड़ने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। इस योजना की विस्तृत प्रक्रिया और समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। योजना के तहत सभी चरणों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, ताकि छात्रों को शीघ्रता से लाभ पहुंचाया जा सके। योजना के तहत मास्टर डाटा सत्यापन और लॉक करने की प्रक्रिया 20 जनवरी को पूरी कर ली गई है। इसके बाद, 22 जनवरी यानि आज विश्वविद्यालयों, एफिलिएटिंग एजेंसियों और जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा छात्रों की फीस और अन्य विवरणों का सत्यापन किया जाएगा।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी 25 जनवरी तक सभी डेटा की जांच पूरी करेंगे। छात्रों के लिए आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित की गई है। शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रों के आवेदन का सत्यापन 3 फरवरी तक किया जाएगा। इस दौरान विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों के रिजल्ट और सीट सत्यापन भी होगा। 10 फरवरी तक राज्य एनआईसी द्वारा डेटा की स्क्रूटनी पूरी की जाएगी।

# बीबीएयू के रजिस्ट्रार डॉ. अश्वनी कुमार सिंह के निलंबन पर रोक

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**बाबा** साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ (बीबीएयू) के रजिस्ट्रार डॉ. अश्वनी कुमार सिंह के निलंबन आदेश पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अंतरिम रोक लगा दी है। पीठ ने इसके साथ ही बीबीएयू से जवाबी हलफ़नामा तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी।

जस्टिस मनीष माथुर की एकल पीठ ने यह आदेश डॉ. अश्वनी कुमार सिंह की याचिका पर दिया है। याचिका में 19 दिसंबर 2024 को कुलपति द्वारा पारित निलंबन आदेश तथा 30 दिसंबर 2024 को जारी बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के पत्र को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट से बिना अधिकार प्राप्त किए कुलपति ने निलंबन आदेश जारी किया है तथा 30 दिसंबर के पत्र द्वारा उक्त आदेश की पुष्टि की गई। परंतु मिनट्स ऑफ मीटिंग से स्पष्ट है कि बैठक का कोरम पूरा नहीं था। याचिकाकर्ता के विरुद्ध पूर्व में भी निलंबन आदेश जारी किया गया था। परंतु 28 नवंबर 2024 को एकल पीठ ने यह कहते हुए कि कार्यवाहक कुलपति के पास रजिस्ट्रार के खिलाफ जांच आदेश पारित करने का अधिकार नहीं था, निलंबन आदेश पर रोक लगा दी थी। तब एकल पीठ के इस आदेश को बीबीएयू द्वारा दो जजों की पीठ के समक्ष विशेष अपील द्वारा चुनौती दी गई थी। जिस पर पीठ ने 10 दिसंबर को रजिस्ट्रार के खिलाफ पूर्व में जारी जांच आदेश को वापस लेने और कथित अनियमितताओं की जांच के लिए नया आदेश पारित करने की अनुमति बीबीएयू को दी थी।

# सहजन के उपयोग से एनीमिया पर वार करेगी राज्य सरकार

● वृक्षारोपण और उपयोग के नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सिफ्सा और एनएचएम चलाएगा अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार महिलाओं और किशोरियों में एनीमिया की चुनौती से निपटने के लिए सहजन के उपयोग को बढ़ावा देने जा रही है। इसके लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से कुपोषण से जुड़े विषय पर जागरूकता बढ़ेगी और महिलाओं, किशोरियों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहजन के उपयोग को प्रोत्साहित करते रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते गोरखपुर, वाराणसी व झांसी के 35 ब्लॉकों में अभियान को गति देते हुए सहजन के वृक्षारोपण और उसके उपयोग से जुड़े नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा। राज्य परिवार नियोजन सेवा अभिनवीकरण परियोजना एजेंसी (सिफ्सा) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सहयोग से राज्य स्तर पर इस परियोजना की शुरुआत पोषण माह के दौरान परियोजना के लोगो के अनावरण के साथ अधिशासी निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने किया था। राष्ट्रीय पोषण माह में सघन ऑनलाइन जागरूकता अभियान चलाया गया और सहजन से जुड़ी जानकारी और सुझाव के लिए 9569703306 व्हाट्सएप हेल्पलाइन लांच की गई। इसका उद्देश्य लोगों को सहजन के फायदे और उपयोग के बारे में जानकारी देना है। सिफ्सा के उपमहाप्रबंधक दिग्विजय त्रिवेदी ने बताया कि इन तीनों जिलों में पोस्टर, बैनर के माध्यम से सहजन के उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी। जिलों के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और 100 चिन्हित स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहजन के लाभों पर केंद्रित वॉल पेंटिंग होगी, जिससे किशोरियों और ग्रामीण जनता तक जानकारी पहुंचेगी। नवविवाहित दंपति को दी जाने वाली 'शगुन किट' में परिवार नियोजन सामाग्री के साथ सहजन के फायदे वाला लीफलेट शामिल किया जाएगा, जिससे गर्भावस्था के दौरान सहजन के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना जनपद के तीन चिह्नित विकास खंड में सर्वाइवल दर पर एवं नवाचार पर संपूर्ण परियोजना जनपद पर प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था है। इन श्रेणियों में प्रतिभागियों की वरीयता क्रम के आधार पर प्रथम, द्वितिय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ कुछ सांत्वना पुरस्कार जनपद स्तर पर दिया जाएगा। समुदाय स्तर पर गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और जिलों के अनुभव साझा करने के लिए मासिक/ त्रैमासिक ऑनलाइन बैठक की जाएगी, जिसमें आशा संगिनियों, बीसीपीएम, सम्बंधित विभागों, यूनिसेफ सहित कार्यशील सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### यह हैं सहजन के फायदे

**सहजन** चमत्कारी आरोग्य वृक्ष है। अत्यधिक पौष्टिकता और औषधीय गुणों के कारण यह कई तरह की पोषण कमियों और बीमारियों से निपटने की क्षमता रखता है। खासकर एनीमिया जैसी समस्या जो महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को खास तौर पर प्रभावित करती है। सहजन के पत्ते, फल और बीज सभी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमें आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करने और रक्त निर्माण में मदद करती है। हाल के अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि सहजन का नियमित सेवन एनीमिया के लक्षणों को कम करने में सहायक होता है। उपमहाप्रबंधक के मुताबिक सहजन की 100 ग्राम पत्तियों से दही से 9 गुना ज्यादा प्रोटीन, संतरे से 7 गुना ज्यादा विटामिन सी, गाजर से 4 गुना ज्यादा विटामिन ए, केले से 15 गुना ज्यादा पोटैशियम, पालक से 25 गुना ज्यादा आयरन, दूध से 17 गुना ज्यादा कैल्शियम मिलता है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 22 जनवरी 2025



# मिशन मैदानः डीएम ने तीन परिषदीय विद्यालयों में देखी खेल मैदानों की प्रगति, परखी शैक्षिक गुणवत्ता

● यूपीएस पतरासी के खेल मैदान में गुणवत्ताविहीन काम पर डीएम खफा



**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तहसील सदर, ब्लॉक नकहा के परिषदीय विद्यालय रवही मुबारकपुर, सेवकहा और पतरासी का निरीक्षण कर मिशन मैदान के तहत निर्माणाधीन खेल मैदान की प्रगति देखी और विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों में शैक्षिक गुणवत्ता को भी परखा। यूपीएस पतरासी के खेल मैदान में गुणवत्ताविहीन काम पर डीएम बेहद खफा नजर आई। ग्राम सेक्रेटरी/ सचिव प्रिया वर्माए प्रधानाध्यापक बंदना सिंह का स्पष्टीकरण तलब किया। वही बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी शिथिल पर्यवेक्षक पर फ्टकार भी लगाई।

डीएम ने डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी संग ब्लॉक ने कहा के क्रमश: परिषदीय विद्यालय रवही मुबारकपुर, सेवकहा और पतरासी पहुंची, जहां उन्होंने संविलियन विद्यालय रवही मुबारकपुर और यूपीएस पतरासी में बृहद खेल मैदान और झूले आदि का निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि विभिन्न खेलों के लिए बनाए गए खेल मैदानो में व्हाइट पट्टी के बीच हरी घास लगवाए। निर्देश दिए कि लगाए गए पोल्स के बीच बच्चों की हाइट के अनुसार नेट बंधवाई जाए। ताकि सुगमता से बच्चे खेल सके। उन्होंने लगाए जा रहे झूलों की गुणवत्ता भी परखी। प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि खेल सामग्री का प्रॉपर रखरखाव सुनिश्चित करते हुए झूलों की क्रियाशीलता को सुनिश्चित कराया जाए। संविलियन रवही मुबारकपुर खेल मैदान स्तरविहीन पाया और पाथवे के निर्माण में कमियां मिली। बीडीओ को शिथिल पर्यवेक्षण पर फ्टकार लगाकर पाई गई कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

डीएम ने पठन.पाठन की गुणवत्ता, साफसफाई, छात्र.छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। क्लासेज में जाकर शैक्षिक गुणवत्ता भी जांची। मौजूद नौनिहालों से प्रश्न किया सही जवाब देने पर उत्साहवर्धन करते हुए टॉफियों का वितरण किया। निर्देश दिए कि पठन.पाठन के साथ खेल भावना को भी विकसित किया जाए। विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में मौजूद शिशुओं को दुलारा। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय सेवकहा पहुंचकर विद्यालय की छत पर बनाए जा रहे रूफ्टॉप इनडोर गेमिंग जोन का औचक निरीक्षण किया और तय समय पर गुणवत्ता के साथ गेमिंग जोन के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर, इलाज के दौरान मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** सड़क किनारे खड़े युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम निवादा निवासी ओमप्रकाश तिवारी ने पुलिस को बताया कि बीते 18 जनवरी को शाम में ऊसका पुत्र सौरभ तिवारी अपने रिश्तेदार के साथ बाईक से निकला था तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए छानी और फ्रि जिला अस्पताल के बाद कानपुर के रीजेंसी अस्पताल ले गए जहां पर उसकी मौत हो गई।

## किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** परिजनों के साथ घर में सो रही किशोरी रहस्यमय तरीके से गायब हो गई, परिजनों ने एक युवक पर नामजद मुकदमा दर्ज कराया है, सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम खदरा डेरा निवासी रामरूप ने थाने में बताया कि बीते 17 जनवरी को रात में उसकी नाबालिग पुत्री घर में सो रही थी।

# शासकीय भवनों पर 26 जनवरी की पूर्व संध्या पर की जाए प्रकाश व्यवस्थाः जिलाधिकारी

● जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस व मतदाता दिवस के सफल आयोजन हेतु की बैठक, दिए निर्देश



**कानपुर देहात।** आगामी मतदाता दिवस व गणतंत्र दिवस के सफ्ल आयोजन हेतु डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गणतन्त्र दिवस का गरिमामय रूप में भव्यतापूर्ण आयोजन सुनिश्चित कराया जाए। गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर सभी शासकीय भवनों पर प्रकाश की व्यवस्था की जाए, साथ ही साथ सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्यालय में अभियान चलाकर साफसफाई करायें। 26 जनवरी के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने.अपने कार्यालय में नियत समय पर झण्डा रोहण करेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि वे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ प्रभात फेरी, पेंटिंग, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन विद्यालयों में करायें। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी ने अवगत कराया की पूर्व वर्षों की बात इस वर्ष भी 26 जनवरी को महिला एवं पुरुष साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कार्यक्रमों का सफ्लतापूर्वक आयोजन करेंगेए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। डीएम द्वारा मतदाता दिवस के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। सीडीओ लक्ष्मी एन. एडीएम प्रशासन अमित कुमार, समस्त एसडीएम, उपायुक्त उद्योग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने बन रहे आंगनवाडी केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

● मानक विहीन एवं गुणवत्ता का ध्यान रखे बिना कराया जा रहा था निर्माण कार्य ●सचिव, ग्राम प्रधान, अवर अभियंता का वेतन रोकते हुए कारण बताओं नोटिस किया जारी, जांच कराकर कार्यवाही किये जाने के दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** सीडीओ लक्ष्मी एन. ने विकासखंड अकबरपुर कि ग्राम पंचायत ज्योतिष के मजरे पालनगर एवं कजनार बगिया में बन रहे आंगनवाडी केन्द्रों का औचक निरिक्षण किया, निरिक्षण के समय ग्राम प्रधान दीपक यादव ग्राम विकास अधिकारी अरविन्द गौतम एवं अवर अभियंता आलोक यादव मौके पर मिले मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्माणाधीन आंगनवाडी केन्द्रों को बारीकी से देखा गया वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य को देखने पर पाया गया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त की गयी सामग्री मानक विहीन है इसके अतिरिक्त कराये जा रहे कार्य को मानक के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है। यह निर्माण कार्य मनरेगा अंतर्गत कराया जाना था परन्तु इस कार्य का सम्बंधित सचिवएग्राम प्रधान एवं अवर अभियंता द्वारा डत;मस्टर रोलद्ध जारी नहीं कराया गया है उन्होंने सम्बंधित को निर्देश दिए कि ग्राम विकास अधिकारी अरविन्द गौतमए अवर अभियंता अलोक यादव का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया साथ ही इनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही प्रचलित की जाए एवं ग्राम प्रधान दीपक यादव को उनके पद से हटाये जाने एवं वित्तीय अधिकारी सीज कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिए।

# जनपद में जल संरक्षण का कार्य प्राथमिकता में कराये जाने हेतु सीडीओ ने सम्बंधित को दिए निर्देश

● मुख्य विकास अधिकारी की पहल से प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण हेतु अप्रयुक्त हैंडपंप बोर का पुनः प्रयोग किए जाने का प्रयास



**कानपुर देहात।** जनपद में जल संरक्षण कार्य को प्राथमिकता में कराये जाने हेतु सीडीओ लक्ष्मी एन0 द्वारा कई विशेष पहल की गयी उनमे से एक पहल यह भी है कि अब जनपद की ग्राम प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण हेतु अप्रयुक्त हैण्डपम्प के बोर का प्रयोग रिचार्ज सॉफ्ट बनवाये जाने में किया जाएगा। वर्तमान में जल जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु करसा ग्रे.वाटर मनेजमेंट के तहत वाटर रिचार्ज हेतु 24000 लीटर/ दिन की कैपेसिटी का वॉटर पिट बनाया गया है जो कि उस ग्राम में स्थित घरों एवं नलियों से निकलने वाले गंदे पानी फ्ल्टिर किए जाने उपरांत उसे एकत्र करेगाए प्रथम चरण में यह कार्य जनपद की 100 ग्राम पंचायतों में पूर्ण कर लिया गया है। आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्व से ही जनपद के 199 पुराने तालाबों एवं 129 नए तालाबों में बारिश के पानी से तालाबों में पानी भरे जाने हेतु तैयारी पूर्ण की जा रही है उनकी यह अपेक्षा है कि इस वर्षा ऋतु में कोई भी तालाब सूखा न रहे।

सीडीओ/अति. जिला कार्यक्रम समन्वयक, लक्ष्मी एन. ने समस्त खंड विकास अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी को अवगत कराया है कि जनपद में 10 विकास खण्ड में से 7 विकास खण्ड एनआरएम घोषित कर दिये गये है। उदेदश्य अकशुल श्रमिको को कार्य उपलब्ध कराने के साथ.साथ जल संरक्षण का कार्य प्राथमिकता में कराया जाना है जिससे वाटर रिचार्ज हो सके तथा जलस्तर का लेवल ऊपर आ सके। अधिकतम ग्राम पंचायतों में हैण्डपम्प लगे हुये है जिनमे से प्रत्येक वर्ष अनेको हैण्डपम्प खराब होने के कारण रिबोर कराये जाते है। हैण्डपम्प रिबोर कराने के उपरान्त पूर्व का बोर अप्रयुक्त हो जाता है। उक्त अप्रयुक्त हैण्डपम्प के बोर का प्रयोग रिचार्ज साफ्ट बनवाने में किया जा सकता है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 व 2024-25 में रिबोर कराये गये हैण्डपम्प की सूची तैयार कराले तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 01 अप्रयुक्त हैण्डपम्प के बोर को रिचार्ज साफ्ट के रूप में बनवाना सुनिश्चित करें एवं रिचार्ज साफ्ट बनवाने से पूर्व का जियो टैग फोटोग्राफ तथा रिचार्ज साफ्ट बनने के बाद (कार्य पूर्ण) का जियो टैग फोटोग्राफ सुरक्षित रखा जाये।

## कीटनाशक दवा के दो कंपनियों के निर्माताओं को कोर्ट ने किया फरार घोषित

**हमीरपुर।** बत्तीस साल पहले कीटनाशक का फेल हुये सैंपल में कोर्ट में कोई पैरवी न करने पर कीटनाशक दवा की दो कंपनियों के निर्माता को सीजेएम कोर्ट ने फ्रार घोषित कर दिया है। इसी मामले में एक अभियुक्त की मुकदमा दौरान मृत्यु हो चुकी है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी इंद्रेश कुमार गौतम ने बताया कि वर्ष 1993 में कीटनाशक दवा का सैंपल जांच में फेल पाया गया था उसी दौरान जिला प्रबंधक पीसीएफ महोवा, मौहर सिंह भंडारनायक पीसीएफ महोवा, प्रोजेकेवीएम आनंद इंडस्ट्रियल स्टेट गाजियाबाद, एसएन केमिकल्स इंडस्ट्रीज एमका हाउस अंसारी रोड नयी दिल्ली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी जिसमे मुकदमा दौरान पीसीएफ महोवा की मृत्यु हो चुकी है और मौहर सिंह ने जुर्म कबूल करने के बाद उनका मुकदमा निस्तारित किया जा चुका है।

## क्विक न्यूज

### दो लोगों ने गवांई सड़क हादसों में जान

**संडीला (हरदोई)।** अलग.अलग हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की दुखद मौत हो गयी। पहली घटना संडीला गौसगंज मार्ग पर घटी। 50 वर्षीय गुड्डू निवासी ग्राम कासिमपुर साइकिल से गौसगंज जाने की बात कहकर घर से निकले थे। जब वे ग्राम जैतनगर खजौना के पास पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उठाकर सीएचसी लाया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। दूसरी दुर्घटना संडीला मल्लावां मार्ग पर सईनदी के पुल के पास हुई। बताया जाता है कि ग्राम तेरवा दहंगवा निवासी 35 वर्षीय राजेन्द्र कुमार बाइक से ग्राम नयागांव में एक विवाह समारोह में गए थे। विवाह समारोह से वापस लौटते समय सईनदी के पुल के पास सामने से आ रही एक तेज रफ़्तार कार से बचने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक पेड़ से टकरा गयी जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें घायल अवस्था में देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें सीएचसी मल्लावां ले जाकर भर्ती कराया लेकिन उनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्ज़े में लेकर उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

### पूर्व सीएम के करीबी रजा की दो करोड़ की सम्पत्ति जब्त

**फ्तेहपुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले वरिष्ठ सपा नेता हाजी रजा की लगभग दो करोड़ रूपए की सम्पत्ति को गैंगेस्टर एक्ट के तहत जब्त किया गया है। इससे पूर्व भी लगभग बीस करोड़ की लागत से बन रहे अर्द्धनिर्मित मॉल पर योगी का बुलडोजर चलाकर धराशाई कर दिया गया था। लगातार हो रही इस कार्रवाई से माफ्यिाओं के बीच हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को सदर कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित शातिर अभियुक्त हाजी रजा मोहम्मद उर्फहाजी मोहम्मद रजा पुत्र मोबीन निवासी मोहल्ला पनी थाना कोतवाली की थरियांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसवा स्थित लगभग दो करोड़ रूपए की भूमि को जब्त किया गया है। एक्सिस बैंक व आईसीआईसीआई बैंक के खातों में जमा धनराशि एक लाख सोलह हजार पांच सौ पैंसठ रूपए भी जब्त कर लिए गए हैं। इस कार्रवाई में सीओ सिटी सुनील कुमार दुबे की अगुवई में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। एसपी ने कहा कि भूमाफ्यिाओं पर इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए वह कृत संकल्प हैं। बताते चलें कि सपा नेता हाजी रजा पर प्रशासनिक शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी के बाद से हाजी रजा पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इससे पूर्व शहर के बाकरगंज मुहल्ले में बीस करोड़ रूपए की लागत से अर्द्धनिर्मित मॉल पर भी प्रशासन ने बुल्डोजर चलवाकर धराशाई कर दिया था।

### फंदे में लटका मिला गर्भवती का शव, हत्या का आरोप

**बिंदकी (फतेहपुर)।** घर के अंदर गर्भवती महिला का शव संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे में लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक महिला के पिता ने महिला के पति व सास के खिलाफदहेज हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के तेंदुली गांव में मंगलवार को दिन में करीब 01 बजे संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर गर्भवती महिला कौशल्या देवी उम्र 28 वर्ष पत्नी अरविंद का शव फांसी के फंदे मई लटका मिला। पुलिस मौके पर पहुंची शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इटरौरा पिलखनी थाना कल्यानपुर तेंदुली निवासी मृतका के पिता शिव प्रकाश गांव पहुंचे। शिव प्रकाश ने पुलिस को एक तहरीर दिया जिसमें देहज हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### सीएम ने जताया शोक, दी आर्थिक सहायता

**फतेहपुर।** फतेहपुर जनपद के औंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत छिवली नदी पुल के समीप खड़े सरिया लदे ट्रेलर में पीछे से छात्राओं को लेकर विजिट को जा रही प्राइवेट बस घुसने से कक्षा ग्यारह की छात्रा नसरा फ्तिमा की मौत हो जाने व कई घायलों व अध्यापिकाओं के घायल होने की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा दुख प्रकट किया। उन्होने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि घायलों का समुचित निःशुल्क उपचार कराया जाए। साथ ही मृतक छात्रा के परिजनों को दो लाख रूपए की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**फतेहपुर।** हथगांव ब्लॉक के अंतर्गत स्थित देवराजपुर के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार पति पत्नी दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र कटवाल गांव निवासी जय प्रकाश अपनी पत्नी कांति देवी के साथ बाइक में सवार होकर बाजार जा रहे थे। तभी देवराजपुर मोड के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन से जा टकराई जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## डीएम ने आरईएस के सहा. अभियंता का रोका वेतन

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग विकास कार्यों के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि गलत डाटा फीड करने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित होगी तो संबंधित विभागीय अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। एनआरएलएम विभाग द्वारा विभागीय कार्यों में तेजी लाई जाए तथा विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ब्लॉक मिशन मैनेजरो को सेवा से बर्खास्त किया जाए। विभागीय कार्यों में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर उसके संबंध में रिपोर्ट दिया जाए। गौवंशों के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बार एसो. का चुनाव मॉडल बाईलॉज के नियमों उपनियमों के तहत कराने हेतु दिए गए निर्देश

**कानपुर देहात।** एकीकृत बार एसोसिएशन का चुनाव मॉडल बाईलॉज के नियमों उपनियमों के तहत कराने हेतु संस्था के सदस्यों के वरिष्ठता क्रम में एकीकृत बार संघ की एल्डर्स कमेटी गठित करने व बार संघ का चुनाव निष्पक्ष कराने हेतु बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने संस्था के महामंत्री व अध्यक्ष को निर्देशित किया है। यह जानकारी एकीकृत बार एसो. अध्यक्ष राधेश्याम कटियार व महामंत्री संजय सिंह सिसोदिया ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। अध्यक्ष राधेश्याम कटियार ने कहा कि कुछ लोगों ने संस्था की गरिमा को ताक में रखकर न सिर्फ गैर कानूनी ढंग से संस्था का चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया था बल्कि उसे बार कौंसिल से मान्यता दिलाने के लिए बार कौंसिल अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ से चुनाव के सम्बन्ध में एक गलत आदेश 12 जनवरी को करा लिया थाएजिसे अब बार कौंसिल अध्यक्ष द्वारा वापस ले लिया है और विवादित एल्डर्स कमेटी को आदेशित किया है कि वह संस्था के चुनाव में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी न उसमें कोई निर्णय लेगी।

महामंत्री संजय सिंह सिसोदिया ने कहा कि बार कौंसिल अध्यक्ष द्वारा जारी नए आदेश की लिखित सूचना जिला जज ए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात को संस्था की तरफ से दे दी है, फ्रि भी यदि कोई संस्था के विरुद्ध विधि विरूद्ध कार्य करता है तो उसके विरुद्ध संस्था अनुशासनात्मक कार्यवाही स्वयं व बार कौंसिल स्तर पर प्रारंभ करेगी। संजय सिसोदिया ने बताया कि संस्था सदस्य 30 जनवरी तक अपना बकाया चंदा संस्था में जमा कर सकते है तथा इस बीच जिन सदस्यों के नाम कट गए है वह बायलॉज के नियमों के तहत अपने नाम जुड़वा सकते है। वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि अधिवक्ता केवल कानून के जानकार नहीं, बल्कि समाज के मार्गदर्शक और लोकतंत्र के संरक्षक भी हैं।

# रफ्तार का कहरः ट्रेलर से भिड़ी बस, छात्रा की मौत

● हादसे में 11 छात्राओं समेत 02 अध्यापिकाएं व 01 कर्मी घायल



**बिंदकी (फतेहपुर)।** जिले में मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। छात्राओं को विजिट में ले जा रही बस कानपुर-प्रयागराज हाईवे में सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। इस हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दो महिला और पुरुष टीचर समेत 14 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सभी घायलों को नजदीकी पीएचसी और सीएससी में भर्ती कराया गया। वहीं घटना में गंभीर रूप से घायलों को कानपुर रेफ्र किया गया है।

जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को सुबह करीब 9 बजे विजिट में लेकर कानपुर के आईआईटी के लिए तीन बसें रवाना हुईं थीं। तीनों बसों में कुल टीचर समेत 240 छात्राएं सवार थीं। बताया जा रहा है कि इस बीच दो बसें आगे निकल गई थी। वहीं पीछे चल रही एक बस में 60 छात्राएं बैठी थीं। जैसे ही यह बस औंग थाना क्षेत्र के छिवली नदी के पास पहुंची, तभी पहले से एनएच-2 हाईवे पर खड़े ट्रेलर के पीछे भीड़ गई। बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा होते ही बस में सवार सभी लोगों में चीख पुकार मच गई।

उधर राहगीरों से घटना की जानकारी पर आनन-फ्नन मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन करते हुए बस में फंसें सभी घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में घायल करीब सभी 14 लोगों को औंग पीएचसी और बिंदकी सीएचसी पहुंचाया गया जबकि गंभीर रूप से अन्य घायलों को कानपुर रेफ्र किया गया है। हादसे में मुगलाही बिंदकी निवासी शकील अहमद की 17 वर्षीय पुत्री नसरा फ्तिमा की मौत हो गई। जबकि लक्ष्मी पुत्री राजेश, प्रियंका पुत्री वीरेन्द्र, अर्चना पुत्री विनोद, राधिका पुत्री शिवमोल सिंह, मुस्कान पुत्री राजेश, अनामिका पुत्री दिनेश, तृप्ति पुत्री राजकुमार अवस्थी, साफ्यिा पुत्री असलम, खुशबू पुत्री बशीर अहमद, अनन्या पुत्री मनोज, रागिनी निवासीगण बिंदकी के अलावा अध्यापिका मोनिका, प्रियंका व कर्मचारी वीरेन्द्र का इलाज चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि छात्राओं को कानपुर आईआईटी विजिट में लेकर जा रही बस सड़क हादसे का शिकार हो गई है। घटना में एक छात्रा की मौत हुई है। वहीं अन्य घायलों को कानपुर इलाज के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# तमंचो व कारतूस सहित नगदी के साथ युवक को दबोचा

● पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम नें कार्रवाई को दिया अंजाम



तमंचा तस्कर के मामले का खुलासा करते एसपी व अन्य।

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ के नेतृत्व में, छिबरामऊ प्रभारी निरीक्षक व एसओजी एवं सर्विलांस टीम ने छापेमारी कर युवक के पास से भारी मात्रा में देशी अवैध तमंचे व कारतूस एवं नगदी बरामद कर हिरासत में लिया गया है। मंगलवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार नें घटना का खुलासा करते हुये बताया कि मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी थाना छिबरामऊ, निरीक्षक त्रदीप सिंह प्रभारी सर्विलान्स सेल व उपनिरीक्षक कमल भाटी प्रभारी एसओजी की संयुक्त टीम हेड कांस्टेवल सुधीर कुमार, रविन्द्र कुमार, तेज प्रताप सिंह, मनोज सिंह, दुष्यन्त यादव, अजय सिंह, कांस्टेवल शिवराज यादव, मनीष कुमार सिंह, विकास अग्रहरि, शुभम, दीपक, यगन, निरीक्षक चन्द्र प्रकाश तिवारी, उपनिरीक्षक राम मनोज द्विवेदी, कांस्टेवल हाकिम सिंह, विपिन कुमार, अर्जुन सिंह द्वारा मुखविर की सूचना पर थाना छिबरामऊ क्षेत्र में पापा होटल के पास जीटी रोड से अभियुक्त लालाराम उर्फ हरीशंकर उर्फ पिन्टू पुत्र स्व0 रामनिवास निवासी ग्राम फ्तेहपुर थाना अलीगंज जनपद एटा को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 19 देशी अवैध तमंचे 315 बोर, 08 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 3500 रूपये व एक रियलमी मोबाइल फोन एवं एक माटेर साईकिल बरामद गयी। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मै यह तमंचा सुनील शाक्य निवासी ग्राम परौली थाना जैथरा जनपद एटा से सस्ते दामों पर खरीद कर लाता हूँ तथा जनपद कासंगज, फर्रुखाबाद, एटा, कन्नौज में ज्यादा दामों में बेचता हूँ जो रुपये मिलता है उससे अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण करता हूँ। बरामदगी के आधार पर थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** एनपीएनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सीएमओ ऑफ्सि सभागार में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। जिसमें ई.कवच पोर्टल को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में एनसीडी के अंतर्गत तैनात स्टाफ नर्स, काउंसलर और डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात चिकित्सकों ने भी भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ई.कवच पोर्टल पर एनसीडी के अंतर्गत आने वाले मरीजों का डाटा तैयार करना है। जिससे एनसीडी के अंतर्गत आने वाली बीमारियों से ग्रसित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सके। प्रशिक्षण के दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने एनसीडी क्लीनिक में काम करने वाले डाटा एंट्री ऑपरेटर से उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य की जानकारी ली। इसके बाद काउंसलर्स से सवाल जवाब कियाए उनसे एनसीडी काउंसलिंग के बारे में पूंछा कुछ काउंसलर्स को सही जवाब नहीं दे सकेए जिसे लेकर सीएमओ द्वारा उनकी जमकर फ्टकार लगाई गई। साथ ही काउंसलर्स के लिए एक अलग कार्यशाला के आयोजन के निर्देश दिए गए। ई.कवच पोर्टल को लेकर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप इस पोर्टल पर 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी महिलाओं पर पुरुषों का डाटा तैयार किया जा रहा है। ग्रामीण स्तर पर आशा द्वारा परिवार के 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का सी बैक फॉर्म भरा जा रहा है। जिसमें एनसीडी से संबंधित जानकारी को इकट्ठा किया जा रहा है। इसी तरह एएनएम व सीएचओ द्वारा भी ई.कवच पोर्टल पर एनसीडी के अंतर्गत आने वाले मरीजों की जानकारी को भरा जाएगाए जिसमें शुगरए ब्लड प्रेशरए कॉमन कैंसरए सीओपीडी, सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर आदि की जानकारी को भरा जाना है। स्क्रीनिंग के साथ ऐसे मरीजों की जांचें काउंसलिंग और दवा भी ई.कवच के माध्यम से दी जा सकेगी और इनका फॉलोअप भी किया जा सकेगा। जिससे एक सही डाटा भी मिल सकेगा। प्रशिक्षण में एसीएमओ और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता, एपिडेमियोलॉजी डॉ राकेश गुप्ता, डबल्यूएचओ एनसीडी कंसलटेंट डॉ वैजेस, ट्रेनर डॉक्टर रामकिशोर आदि ने भी प्रशिक्षण दिया।

# दिनदहाड़े लूट की घटना अंजाम देने वाले तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, लूटा हुआ माल भी बरामद



**निघासन खीरी।** आर्यावर्त बैंक से दस हजार रुपए निकालकर घर जा रहे एक व्यक्ति को बंधक बनाकर दिनदहाड़े लूट की घटना अंजाम देने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को निघासन पुलिस बल द्वारा गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की गई है। नवागत पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद स्तर पर चलाए जा रहे वारंटी वांछित, चोरी, लूट तथा डकैती आदि समाज विरोधी घटनाओं में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी निघासन महक शर्मा के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन महेश चंद्र के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात में शामिल अभियुक्त गण जमाल पुत्र इकबाल निवासी ग्राम बैरिया, सद्दाम पुत्र कल्लू उर्फ रफीक तथा कुर्सील पुत्र डल्ला निवासी गण ग्राम डंडूरी थाना पढ़ुवा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गत 21 जनवरी को वादी प्यारेलाल पुत्र स्वर्गीय रामशरन निवासी ग्राम दुर्गा पुरवा मजरा लुधौरी कोतवाली निघासन बैंक से 10000 रुपए निकाल कर अपने घर जा रहा था कि पहले से घात लगाए मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाशों ने वादी को निघासन . पलिया रोड से कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में खींच ले गए और वादी के हाथ व पर एक प्लास्टिक के रस्सी से बांध दिए वह मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और वादी के पास रखे 10000 रुपए छीनकर भागे थे। इस दौरान वादी के हल्ला मचाने पर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने एक अभियुक्त को मौके पर दबोच कर पुलिस को सौंप दिया था जिस संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 015/2025 धारा 127 (2) 30 9 (6) 352, 351 (2) भारतीय न्याय संहिता में अभियोग पंजीकृत किया गया।

ग्रामीणों की सहायता से वादी द्वारा पकड़े गए अभियुक्त की निशानदेही पर सब इंस्पेक्टर आदित्य कुमार यादव ए उपनिरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा ए कांस्टेबल अतुल कुमार तथा कांस्टेबल सलमान खान ने मौके से भागे दो अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अभियुक्त गणों के पास एक अदद तमंचा 12 बोर व दो जिंदा कारतूस 12 बोर, एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक मोटर साइकिल हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर प्लास्टिक की रस्सी तथा 10000 रुपए बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्तों पर हत्या, चोरी और शस्त्र अधिनियम से संबंधित निघासन, सिंगाही तथा फूलबेहड़ थाने पर कई संगीन मामले दर्ज हैं।

# भाजपा सांसदों को दी गई राहत बरकरार झारखंड सरकार की याचिका खारिज

**देवघर हवाई अड्डा मामला**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को झारखंड सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें भाजपा के सांसदों निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ पुलिस की प्राथमिकी को रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि झारखंड पुलिस की प्राथमिकी के मामले में सांसदों पर मुकदमा नहीं चलाया जाएगा। इन सांसदों पर 2022 में सूर्यास्त के बाद अपने विमान को देवघर हवाई अड्डे से उड़ान भरने की अनुमति देने के लिए हवाई यातायात नियंत्रण पर दबाव डालने का आरोप है। न्यायमूर्ति ए. एस. ओका और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर यह फैसला सुनाया, जिसने सांसदों के खिलाफ दर्ज झारखंड पुलिस की प्राथमिकी को रद्द कर दिया था।

पीठ ने राज्य सरकार को जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री को चार सप्ताह के भीतर विमानन अधिनियम के तहत अधिकृत अधिकारी को भेजने की स्वतंत्रता दी। पीठ ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) का सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार निर्णय लेगा कि अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज करने की आवश्यकता है या नहीं। शीर्ष अदालत ने 18 दिसंबर को झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

उच्चतम न्यायालय ने दोनों सांसदों के खिलाफ झारखंड सीआईडी की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा था कि आरोपों की जांच करना डीजीसीए की जिम्मेदारी है। अदालत ने राज्य सरकार से कहा कि मामला विमान अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने योग्य है जिसने विमानन अपराधों से संबंधित पूरी जिम्मेदारी डीजीसीए को दी है। मामला झारखंड के देवघर जिले के कुंडा थाना में दुबे और तिवारी सहित नौ लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से संबंधित है।

सांसदों ने 31 अगस्त, 2022 को कथित रूप से हवाई अड्डा सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए देवघर हवाई अड्डे पर एटीसी कर्मियों पर निर्धारित समय के बाद अपने निजी विमान को उड़ान भरने की मंजूरी देने के लिए दबाव डाला था। शीर्ष अदालत का फैसला झारखंड सरकार की एक याचिका पर आया है, जिसमें 13 मार्च, 2023 के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने इस आधार पर प्राथमिकी को रद्द कर दिया था कि विमानन (संशोधन) अधिनियम, 2020 के अनुसार, प्राथमिकी दर्ज करने से पहले लोकसभा सचिवालय से कोई पूर्व मंजूरी नहीं ली गई थी।

कानून के तहत, किसी सांसद के खिलाफ कोई भी प्राथमिकी लोकसभा सचिवालय से अनुमोदित होनी चाहिए। उच्च न्यायालय की कार्यवाही के दौरान दुबे के वकील ने दलील दी कि 31 अगस्त, 2023 को उनकी विशेष उड़ान में देरी हुई थी, लेकिन विमानन नियमों के अनुसार सूर्यास्त के आधे घंटे बाद उड़ान भरी जा सकती थी। उन्होंने कहा, उस दिन सूरज शाम करीब 6.03 बजे अस्त हुआ, जबकि विमान ने 6.17 बजे उड़ान भरी, जो उड़ान के स्वीकृत मानदंडों के भीतर था। वकील ने दलील दी थी कि सांसदों को राजनीतिक प्रतिशोध के कारण निशाना बनाया गया और दुर्भावनापूर्ण तरीके से झूठे मामले में फंसाया गया।

## फैक्टरी में गैस रिसाव, दम घुटने से दो की मौत

**बुलंदशहर (उप्र)।** बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद क्षेत्र में मंगलवार को एक फैक्टरी में गैस रिसाव के कारण दम घुटने की वजह से दो लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर दु:ख व्यक्त किया है। जिलाधिकारी श्रुति ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी में गैस रिसाव से दो लोगों की मौत हो गई है और उनकी पहचान अंकुश और सत्एन्द्र के रूप में हुई है। जिलाधिकारी ने हादसे की जांच करने के निर्देश दिए हैं। एडीएम (प्रशासन) प्रशांत कुमार ने बताया कि सिकन्दराबाद औद्योगिक क्षेत्र में बैटरी पुनर्चक्रण संयंत्र में सुबह करीब साढ़े आठ बजे तीन व्यक्ति गैस के सम्पर्क में आने से बेहोश हुए। तीनों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया। डीएम और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## उच्च न्यायालयों में आपराधिक मामलों के लिए अस्थाई न्यायाधीशों की नियुक्ति की जा सकती है



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आपराधिक अपीलों की बड़ी संख्या से निपटने के लिए उच्च न्यायालयों में अस्थाई न्यायाधीशों की नियुक्ति का सुझाव दिया। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की विशेष पीठ ने कई उच्च न्यायालयों में लंबित आपराधिक मामलों के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि अकेले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 63,000 आपराधिक अपीलें लंबित हैं।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय में यह आंकड़ा 13,000 है, और इसी प्रकार कर्नाटक, पटना, राजस्थान और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालयों में क्रमश: 20,000, 21,000, 8,000 और 21,000 आपराधिक मामले लंबित हैं। वह 2021 के फैसले को आंशिक रूप से संशोधित कर सकती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली खंडपीठों द्वारा आपराधिक अपीलों पर फैसला करने के लिए अस्थाई न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाए।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यदि कोई उच्च न्यायालय न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या के 80 प्रतिशत के साथ काम कर रहा है तो वहां किसी भी अस्थाई न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए। पीठ ने कहा, हमें केवल इस शर्त पर विचार करना होगा कि अस्थाई न्यायाधीश उन पीठों में बैठेंगे जो आपराधिक मामलों की सुनवाई कर रही हैं तथा एक वर्तमान न्यायाधीश पीठासीन न्यायाधीश के रूप में होगा... इस सीमा तक हमें संशोधन की आवश्यकता है। पीठ ने अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को 28 जनवरी को इसमें सहायता करने को कहा। सर्वोच्च न्यायालय ने 20 अप्रैल, 2021 को एक महत्वपूर्ण फैसले में लंबित मामलों के निपटारे के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो से तीन साल की अवधि के लिए अस्थाई न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने का निर्देश दिया था। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने कुछ उच्च न्यायालयों में बड़ी संख्या में आपराधिक अपीलों के लंबित होने को ध्यान में रखते हुए मामले को सूचीबद्ध किया है। पीठ द्वारा लोक प्रहरी बनाम भारत संघ नामक 2019 के मामले की सुनवाई की जा रही है, जिस पर 2021 में निर्णय सुनाया गया था। पीठ 2021 के फैसले के सुचारू कार्यान्वयन से संबंधित मामले पर विचार कर रही है।

## मलिक के खिलाफ मामले में पुलिस सबूतों के अभाव में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करेगी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि उसने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े की ओर से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता नवाब मलिक के खिलाफ दायर किए गए अत्याचार अधिनियम के मामले की जांच की है और सबूतों के अभाव में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करने का फैसला किया है।

वानखेड़े ने 2022 में उपनगरीय गोरेगांव पुलिस में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मलिक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पिछले वर्ष वानखेड़े ने अपने वकील राजीव चव्हाण के माध्यम से उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी, जिसमें उनकी शिकायत पर पुलिस पर कोई कार्वाई न करने का आरोप लगाया गया था और मामला सीबीआई को सौंपे जाने का अनुरोध किया था। अतिरिक्त लोक अभियोजक एसएस कौशिक ने 14 जनवरी को न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ को सूचित किया कि पुलिस ने मामले की जांच की है और सी समरी रिपोर्ट दाखिल करने का फैसला किया है। सी-समरी रिपोर्ट उन मामलों में दायर की जाती है जहां जांच के बाद पुलिस इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि कोई सबूत नहीं है और मामला न तो सच है और न ही झूठ।

एक बार जब ऐसी रिपोर्ट संबंधित निचली अदालत के समक्ष दायर कर दी जाती है तो मामले में शिकायतकर्ता उसे चुनौती दे सकता है और सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार या अस्वीकार कर सकती है। करदाता सेवा महानिदेशालय (डीजीटीएस) में अतिरिक्त आयुक्त और महार अनुसूचित जाति के सदस्य वानखेड़े ने मामले को सीबीआई को सौंपे जाने का अनुरोध किया था।

## राजौरी में 17 मौतों के पीछे के रहस्य को जल्द उजागर किया जाएगा

**भाषा।** बधाल (जम्मू-कश्मीर)

**जम्मू-कश्मीर** के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि राजौरी जिले के बधाल गांव में 17 मौतों के पीछे के रहस्य को उजागर करने के लिए जांच चल रही है। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि सभी सवालों के जवाब जल्द ही दिए जाएंगे। अब्दुल्ला ने शोक संतप्त परिवारों से मिलने और उनके प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट करने के लिए मंगलवार को दूरराज के इस गांव का दौरा किया। उन्होंने मृतकों के परिवारों से मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा, हर जगह बड़े अस्पताल बनाना संभव नहीं है, लेकिन दूरदराज के इलाकों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कमियों को दूर किया जाएगा।



इस गांव में सात दिसंबर से 19 जनवरी के बीच तीन संबंधित परिवारों के 13 बच्चों सहित सत्रह लोगों की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उमर ने कहा, ऐसा क्यों हुआ? हमें इस सवाल का जवाब चाहिए। यह कोई बीमारी नहीं है, इसलिए पुलिस जांच चल रही है। एक विशेष जांच दल का गठन किया है और वह अपनी जांच पूरी करेगा। उन्होंने कहा, केंद्र ने एक टीम तैनात की है जो नमूने एकत्र कर रही है और वह अपना काम कर रही है। मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि नागरिक प्रशासन, पुलिस और भारत सरकार के संयुक्त प्रयासों से सभी सवालों के जवाब मिल जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने त्रासदी की जानकारी मिलते ही कार्वाई की। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य विभाग ने अपनी टीम को सक्रिय किया और अन्य विभागों को भी शामिल किया...जिला प्रशासन ने भी (मौतों के पीछे) कारणों को समझने की कोशिश की। मुख्यमंत्री ने कहा, सबसे पहले, ध्यान यह जानने पर था कि क्या यह किसी बीमारी की वजह से है और यदि यह एक बीमारी है तो हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना था कि यह न फैले। सभी परीक्षण किए गए और परिणामों से पता चला कि इसमें कोई जीवाणु या रोगाणु नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और अब तक तीन परिवारों में हुई दुर्भाग्यपूर्ण मौतों के बारे में कोई ठोस कारण नहीं पता चला है। मरने वालों में ज्यादातर बच्चे थे, विपक्षी दल स्थिति से निपटने को लेकर अब्दुल्ला सरकार की आलोचना कर रहे हैं। इस बारे में पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस तरह की घटना पर राजनीति नहीं करना चाहते। उमर ने कहा, अगर हमने जल्दबाजी में काम किया होता और कोई गलत कदम उठाया होता, तो आप हमें (मौतों के लिए) दोषी ठहराते। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने स्थिति पर सही तरीके से प्रतिक्रिया की और स्थानीय विधायक (जावेद इकबाल चौधरी) वहां मौजूद थे जिन्होंने लोगों को विश्वास में लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमें समय लगा क्योंकि हम मौतों का कारण स्थापित करने में विफल रहे। लेकिन हम सच्चाई सामने लाएंगे। इसमें दो. तीन दिन और लगेंगे। हमें इससे कोई दिक्कत नहीं है। हम सभी सवालों के जवाब लेकर आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने उपायुक्त और विधायक से बात की है जिन्होंने कुछ सुझाव दिए हैं जिन्हें जल्द ही लागू किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### भडकाऊगीत मामला : न्यायालय ने कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर एक भड़काऊगाने के साथ संपादित वीडियो साझा करने के आरोप में गुजरात के जामनगर में दर्ज मामले में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ कार्यवाही पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने प्रतापगढ़ी द्वारा दायर अपील पर गुजरात सरकार और शिकायतकर्ता किशनभाई दीपकभाई नंदा को नोटिस जारी किया। पीठ ने अगली सुनवाई की तारीख 10 फरवरी तय करते हुए कहा, नोटिस जारी करें। दर्ज की गई प्राथमिकी को लेकर कोई कार्वाई नही की जाएगी। प्रतापगढ़ी का पक्ष रखने के लिए पीठ के समक्ष पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि गुजरात उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी किए बिना ही उनके मुवक्किल की याचिका खारिज कर दी। कांग्रेस नेता ने गुजरात उच्च न्यायालय के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दी है, जिसने उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि जांच बहुत प्रारंभिक चरण में है। जामनगर में आयोजित एक सामूहिक विवाह समारोह की पृष्ठभूमि में कथित भड़काऊगीत के लिए तीन जनवरी को प्रतापगढ़ी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतापगढ़ी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (धर्म, नस्ल आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने) और धारा 197 (राष्ट्रीय एकता के लिए प्रतिकूल आरोप, दावे) सहित विभिन्न धाराओ के तहत कार्वाई की गई थी। प्रतापगढ़ी द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की गई 46 सेकंड की वीडियो क्लिप में दिखाया गया है कि जब वह हाथ हिलाते हुए चल रहे थे तो उन पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई जा रही थी और पृष्ठभूमि में एक गाना बज रहा था। प्रतापगढ़ी ने प्राथमिकी रद्द करने के लिए दाखिल याचिका मे दावा किया कि पृष्ठभूमि में पढ़ी जा रही कविता प्रेम और अहिंसा का संदेश देती है। उन्होंने दावा किया कि प्राथमिकी का इस्तेमाल उन्हें परेशान करने के लिए एक हथियार के रूप में किया गया था और इसे दुर्भावनापूर्ण इरादे और गलत मंशा के साथ दर्ज किया गया था। प्रतापगढ़ी ने दावा किया कि उनके सोशल मीडिया पोस्ट ने किसी भी तरह से समूहों के बीच द्वेष नही भड़काया और अंततः उनके खिलाफ कोई मामला नही बनता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से जुड़े होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है। याचिका मे दलील दी गई, प्राथमिकी हल्के और अप्रमाणित आधारो पर आधारित है। प्राथमिकी को देखने से पता चलता है कि कुछ शब्दों को संदर्भ से बाहर लिया जा रहा है।

### गणतंत्र दिवस परेड : ग्रामीण विकास मंत्रालय अपनी झांकी में प्रदर्शित करेगा लखपति दीदी योजना

**नई दिल्ली।** इस साल गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर होने वाली की परेड मे ग्रामीण विकास मंत्रालय अपनी झांकी मे लखपति दीदी योजना को प्रदर्शित करेगा। सूत्रो ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए न्यूनतम एक लाख रुपए की वार्षिक आय सुनिश्चित करना है। यह योजना इस वर्ष मंत्रालय की झांकी का विषय है और इसमे सशक्त महिलाएं, समृद्ध परिवार, मजबूत राष्ट्र लिखे बैनर के साथ-साथ उद्यमिता, आत्मनिर्भरता और शिक्षा हवाले से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि झांकी के अगले हिस्से मे पैसो की गठरी थामे लखपति दीदी की एक प्रतीकात्मक प्रतिमा होगी जो उनकी वित्तीय आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। विभिन्न आर्थिक गतिविधियों मे लगी विविध ग्रामीण क्षेत्रो की महिलाओं की मूर्तियां भी झांकी मे प्रदर्शित की जाएंगी। बुनाई, हस्तशिल्प और कृषि जैसे कौशल और व्यापार के साथ-साथ डिजिटल साक्षरता का प्रतिनिधित्व करने वाली कंप्यूटर का उपयोग करने वाली महिलाओं की प्रतिमा झांकी मे प्रदर्शित की जाएंगी। सूत्र के मुताबिक ग्रामीण भारत से संबंधित प्रतीकों जैसे मिट्टी के बर्तन, स्थानीय शिल्प और वनस्पतियों को भी झांकी मे प्रदर्शित किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, इस योजना के तहत 1.15 करोड़ से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह सदस्य लखपति दीदी बन गई है।

### अश्लील वीडियो के मामले में दो अध्यापक बर्खास्त किए गए

**जयपुर।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले मे एक सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य और एक शिक्षिका के कथित अश्लील वीडियो मामले में दोनो को बर्खास्त कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस आशय के आदेश जारी किए है। आदेश के अनुसार प्रकरण मे प्राथमिक जांच रिपोर्ट एवं अभिलेखो के गहन विश्लेषण मे आरोपी अध्यापक एवं अध्यापिका की नैतिक अधमता स्पष्ट रूप से पाई गई है। इसके अनुसार इस प्रकरण से शिक्षा विभाग एवं राजस्थान सरकार के सुशासन की छवि धूमिल हुई है। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के अनुसार इन अध्यापको को, राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 19 (दो) के प्रावधानो के तहत राज्य सेवा से पदच्युत किया जाता है। शाला प्रधान (तृतीय श्रेणी शिक्षक) अरविंद नाथ व्यास एवं शिक्षिका के कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शनिवार को निलंबित कर दिया गया था।

## एक्सप्रेस वे पर दो बसों के बीच हुई टक्कर, चार दर्जन यात्री घायल

**आगरा (उप्र)।** आगरा में मंगलवार तड़के यमुना एक्सप्रेस वे पर दो बसों के बीच टक्कर हो जाने से करीब चार दर्जन यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। खंदौली थानाक्षेत्र में तड़के साढ़े तीन बजे यमुना एक्सप्रेस वे पर दिल्ली से बनारस जा रही वोल्वो बस में पीछे से एक अन्य बस ने टक्कर मार दी। घायलों को उपचार के लिए पहुंचाने वाले एंबुलेंस चालक ने बताया कि इस हादसे में लगभग 50 यात्री यात्री घायल हो गए। दूसरी बस भी दिल्ली से बनारस जा रही थी। घायलों को खंदौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और नजदीकी एत्मादपुर सीएचसी ले जाया गया जहां से गंभीर मरीजों को डॉ सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ अमित अग्रवाल ने बताया कि घायलों का उपचार किया गया। उनमें कुछ की हालत गंभीर थी जिसकी वजह से उन्हें आपात चिकित्सा के लिए ले जाने का परामर्श दिया गया।

## एक नाबालिग से सामूहिक बलात्कार, उसकी, परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के जुर्म में पांच को मृत्युदंड

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की एक अदालत ने पहाड़ी कोरवा जनजाति की 16 वर्षीय एक बालिका से सामूहिक बलात्कार करने और उसके समेत परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर देने के जुर्म में पांच लोगों को फांसी की और एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश डॉक्टर ममता भोजवानी की अदालत ने 16 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म और उसकी हत्या तथा लगभग चार वर्षीय एक बच्ची और लगभग 60 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या के जुर्म में संतराम मंझवार (45), अनिल कुमार सारथी (20), आनंदराम पनिका (26), परदेशी राम (35) तथा अब्दुल जब्बार (21) को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने इस मामले के अन्य अभियुक्त उमाशंकर यादव (22) को आजीवन कारावास की सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए कहा है कि अभियुक्तों द्वारा अमानवीय एवं निर्दयता पूर्वक किया गया यह कृत्य अत्यधिक विकृत, वीभत्स, पाशविक एवं कायरतापूर्ण है। मिश्रा ने बताया कि 29 जनवरी 2021 को जिले में लेमरू थाना क्षेत्र के गढ़उपरोडा गांव में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह कोरवा के एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या का मामला सामने आया था। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपियों ने परिवार की 16 वर्षीय एक बालिका, उसके पिता और लगभग चार वर्षीय भतीजी को जंगल में ले जाकर पत्थरों से कुचलकर मार डाला था तथा इससे पहले उन्होंने 16 वर्षीय बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस की जांच में यह भी खुलासा हुआ था कि मुख्य आरोपी संतराम मंझवार ने 16 वर्षीय बालिका को अपनी दूसरी पत्नी बनाने के लिए दबाव डाल रहा था। संतराम ने पीड़ित परिवार को अपने यहां काम पर रखा था।

विशेष लोक अभियोजक के मुताबिक जब बालिका के परिवार ने मंझवार के प्रस्ताव का विरोध किया तब संतराम ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर तीन लोगों की हत्या कर दी तथा ऐसा करने से पहले उन्होंने 16 वर्षीय बालिका के साथ सामूहिक बलात्कार किया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था और यह मामला अदालत में पेश किया था। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि अभियुक्तों द्वारा अमानवीय एवं निर्दयता पूर्वक किया गया यह कृत्य अत्यधिक विकृत, वीभत्स, पाशविक एवं कायरतापूर्ण है, क्योंकि उन्होंने अपनी वासना को पूरा करने के लिए तीन निर्दोष और कमजोर व्यक्तियों की हत्या की है।

## कर्नाटक में गाय का सिर काटने के मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया

**उत्तर कन्नड (कर्नाटक)।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड जिले में एक गर्भवती गाय का सिर और पैर काटने, उसके बछड़े के अवशेष को क्षत-विक्षत करने के मामले में मंगलवार को पांच लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। कथित अपराधी गोवध के बाद उसका मांस ले गए और उसके सिर एवं पैर और बछड़े के अवशेष छोड़ गए। पुलिस ने कहा कि यह घटना उत्तर कन्नड़ जिले के होन्नवारा तालुक के साल्कोडु गांव के कोंडाकुली में हुई।

पुलिस अधीक्षक एम नारायण ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमने 10 संदिग्धों की पहचान की है और उनमें से पांच को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। छह विशेष टीम का गठन किया गया है। हमने मुख्य अपराधियों को पकड़ने के लिए सुराग जुटाए हैं। नारायण ने बताया कि अभी तक मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने स्वीकार किया कि घटना वीभत्स है और आश्वासन दिया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए वन विभाग के सहयोग से प्रयास किए जा रहे हैं।

यह घटना एक वन क्षेत्र में हुई जहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं था। उसने कहा कि जांच के तहत अपराध स्थल तक जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक नारायण सबूत इकट्ठा करने और जांच को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष जांच दल के साथ स्वयं होन्नावारा तालुक में डेरा डाले हुए हैं। गाय कृष्णा अचारी नामक एक व्यक्ति की थी जिसने उसे रविवार को वहां चरने के लिए छोड़ा था। सोमवार को, जब अचारी गाय की तलाश में निकला, तो उसे उसका कटा हुआ सिर, पैर और उसके बछड़े का क्षत-विक्षत अवशेष मिला। पुलिस ने पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम के तहत अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है और जांच जारी है। इससे पहले बेंगलुरू के चमराजपेट में तीन गायों के थन काटने तथा मैसुरु के नंजनगुड शहर में एक गाय की पूंछ को चोटिल करने की घटना सामने आई थी।

## पेज 1 का शेष

### नक्सल....

जारी मुठभेड़ में 10 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनकी बहादुरी को सलाम करते है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में निश्चित ही हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा। इस मुठभेड़ के साथ ही इस वर्ष अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 40 नक्सली मारे जा चुके हैं।

### तुर्किए...

केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वे इमारत से बाहर भागे। उन्होंने मीडिया को बताया कि इसके बाद उन्होंने होटल से करीब 20 मेहमानों को बाहर निकालने में मदद की। होटल धुएं से घिरा हुआ था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया। स्की प्रशिक्षक ने स्टेशन को बताया, मैं अपने कुछ छात्रों तक नहीं पहुंच पाया।

### डोनाल्ड...

तो अवैध या अस्थायी हो। इसमें छात्र, पर्यटक या कार्य वीजा पर आने वाले व्यक्ति शामिल हैं। इस कदम ने नागरिक अधिकार समूहों और आप्रवासी अधिवक्ताओं से कड़ा विरोध जताया है। अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन जैसे संगठनों ने आदेश की वैधता को चुनौती देते हुए मुकदमा दायर किया है। लेखक और शिक्षाविद विवेक वाधवा ने नीति की आलोचना करते हुए चेतावनी दी कि यह अत्यधिक कुशल अप्रवासियों के सामने आने वाली कठिनाइयों को बढ़ा देगा जो पहले से ही लंबे ग्रीन कार्ड बैकलॉग में फंसे हुए हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था और कार्यबल में कानूनी रूप से योगदान देने वालों को बाहर करने का व्यापक प्रभाव देश की प्रतिस्पर्धात्मकता को नुकसान पहुंचा सकता है। अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन की आदेश की व्याख्या, जिसे लंबे समय से जन्मजात नागरिकता की गारंटी के रूप में समझा जाता है, विवाद के केंद्र में है। इसमें कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्मे या प्राकृतिक रूप से बसे सभी व्यक्ति, और उसके अधिकार क्षेत्र के अधीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और उस राज्य के नागरिक हैं, जहाँ वे रहते हैं। ट्रम्प के कार्यकारी आदेश ने इस व्याख्या को सीमित कर दिया है, जिसमें जोर दिया गया है कि जन्मसिद्ध नागरिकता कभी भी उन लोगों तक विस्तारित नहीं हुई है जो अमेरिकी धरती पर पैदा हुए हैं, लेकिन देश के अधिकार क्षेत्र के अधीन नहीं हैं। आदेश का संभावित प्रभाव महत्वपूर्ण है, खासकर बड़ी अमेरिकी प्रवासी आबादी वाले देशों के अप्रवासियों के लिए। नीति विशेष रूप से अस्थायी वीजा पर या कानूनी स्थिति के बिना अप्रवासी माता-पिता से पैदा हुए बच्चों को प्रभावित करेगी। हालांकि कार्यकारी आदेश संघीय एजेंसियों को नागरिकता की अधिक प्रतिबंधात्मक व्याख्या अपनाने के लिए प्रेरित कर सकता है, लेकिन इसे महत्वपूर्ण कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का तर्क है कि इस तरह के बदलाव के लिए सिर्फ एक कार्यकारी आदेश की नहीं, बल्कि एक संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होगी। संविधान में संशोधन करने के लिए प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों से दो-तिहाई अनुमोदन की आवश्यकता होगी, इसके बाद अमेरिका के तीन-चौथाई राज्यों से अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। कांग्रेस में रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत के बावजूद, कानूनी और राजनीतिक बाधाएँ इस नीति के कार्यान्वयन में देरी या अवरोध पैदा कर सकती हैं। जन्मसिद्ध नागरिकता का मुद्दा ट्रम्प के लिए नया नहीं है।

### सैफ...

पहचान अब बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम शहजाद (30) के रूप में हुई है – फिलहाल मुंबई पुलिस की हिरासत में है। याद रहे कि चोरी के असफल प्रयास के बाद घुसपैठिए द्वारा बेरहमी से चाकू घोंपने के बाद, खून से लथपथ सैफ खुद ही ऑटोरिक्शा लेकर सुबह करीब 3 बजे लीलावती अस्पताल पहुंचे, उन पर हमले के आधे घंटे के भीतर। उनका आठ वर्षीय बेटा तैमूर ऑटोरिक्शा में सैफ के साथ अस्पताल गया था। लीलावती में सैफ का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने अभिनेता की खूब तारीफ की और उन्हें 'असली जिंदगी का हीरो' कहा, जो बहुत दर्द में होने और खून से लथपथ होने के बावजूद कल तड़के उन पर हुए हमले के बमुश्किल एक घंटे बाद ऑटोरिक्शा से खुद ही अस्पताल पहुंचने में कामयाब रहे। लीलावती अस्पताल में भर्ती होने के बाद, अभिनेता की रीढ़ की हड्डी में फंसे चाकू को निकालने और रीढ़ की हड्डी के तरल पदार्थ के रिसाव को रोकने के लिए सर्जरी की गई थी। इसके तुरंत बाद सैफ पर की गई सर्जरी के दौरान, सैफ का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने सैफ की रीढ़ से चाकू का 2.5 इंच का टुकड़ा निकाला। जब सैफ अस्पताल में थे, तब सोशल मीडिया पर अभिनेता का एक स्वास्थ्य बीमा दस्तावेज सामने आया था। निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, जिसके सैफ पॉलिसीधारक हैं, ने अस्पताल में भर्ती होने के दिन अभिनेता द्वारा किए गए स्वास्थ्य बीमा दावे की पुष्टि की। लीक हुए स्वास्थ्य बीमा दस्तावेज से पता चला कि सैफ ने हमले के दौरान अपने ऊपर लगे चाकू के घावों के इलाज के लिए 35.98 लाख रुपये का दावा किया था। इस राशि में से, बीमा कंपनी ने अस्पताल में उनके इलाज की शुरुआत में 25 लाख रुपये की मंजूरी दी थी। दिलचस्प बात यह है कि दस्तावेज में कहा गया था कि अभिनेता की अपेक्षित छुट्टी 21 जनवरी को होगी, जो संयोग से सही साबित हुई।

### गणतंत्र...

वाले एक यात्री ने कहा, आमतौर पर मैं समय पर ऑफिस पहुंचने के लिए सुबह जल्दी निकल जाता हूं। लेकिन आज स्थिति बिल्कुल अलग थी। मैं दो घंटे से अधिक समय तक ट्रैफिक में फंसा रहा। मुझे अपने सीनियर्स को बताना पड़ा कि मैं काम पर देर से पहुंचूंगा। उन्होंने आगे कहा कि गणतंत्र दिवस के कारण सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है और यातायात पुलिस हर चौकी पर वाहनों की जांच कर रही है, जिससे भीड़भाड़ बढ़ जाती है। यातायात पुलिस द्वारा 15 जनवरी को एक एडवाइजरी जारी करने के बावजूद जाम जारी रहा, जिसमें जनता को मध्य दिल्ली में सड़क बंद होने की सूचना दी गई थी। एडवाइजरी के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल की निर्बाध आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था की है। इसमें कहा गया है कि 17, 18, 20 और 21 जनवरी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। दक्षिणी दिल्ली के कई हिस्सों में भी भारी यातायात जाम की सूचना मिली। यात्रियों में से एक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि वे दो घंटे तक एमबी रोड पर ट्रैफिक जाम में फंसे रहे। मेट्रो का विकल्प चुनने वाले कुछ यात्रियों ने गणतंत्र दिवस से पहले कड़ी सुरक्षा जांच के कारण स्टेशनों पर लंबी कतारों की शिकायत की। एक यूजर ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें मेट्रो स्टेशन पर लंबी कतार दिखाई गई और कहा, दिल्ली मेट्रो कृपया हम उस पीक टाइम में इसका भार नहीं उठा पा रही। हम ट्रैफिक से बचने के लिए दिल्ली मेट्रो का इस्तेमाल कर रहे हैं। कॉरपोरेट लाइफ के लिए यह यात्रा करने का पीक ऑवर है। हम सभी जानते हैं कि 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) नजदीक है, लेकिन हम उस समय इसका खर्च नहीं उठा सकते। दिल्ली पुलिस ने पहले एक ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की थी और कहा था कि कर्तव्यपथ पर परेड की निर्बाध आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए चार दिनों के लिए विशेष ट्रैफिक व्यवस्था की गई थी।

### सेंसेक्स...

महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही। चौतरफा बिकवाली का इस कदर जोर देखने को मिला कि सेंसेक्स की कंपनियों में से सिर्फ अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक्नोलॉजीज ही लाभ की स्थिति में रहीं। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक में दो प्रतिशत और छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 1.94 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की एवं हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट एवं दक्षिण कोरिया का कॉस्पी अपरिवर्तित रहे। यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। सोमवार को मार्टिन लूथर किंग जूनियर दिवस के अवसर पर अमेरिकी बाजार बंद रहे थे। इस बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.76 प्रतिशत गिरकर 79.54 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# राहुल गांधी का अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक बातें हास्यास्पद : भाजपा

## आधी-अधूरी जानकारी देते हैं नेता प्रतिपक्ष

भाषा। नई दिल्ली





**भारतीय जनता** पार्टी ने अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि कांग्रेस नेता का भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में आधी-अधूरी नकारात्मक बातें करना हास्यास्पद है। दरअसल लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने अर्थव्यवस्था के विभिन्न आंकड़ों का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में सवाल किया कि क्या अर्थव्यवस्था में आम लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी मिल रही है? उन्होंने दावा किया कि विनिर्माण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 60 साल के सबसे निचले स्तर तक चली गई है तथा इस वजह से लोगों को रोजगार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने इसके जवाब में सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राहुल गांधी का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बार-बार आधी-अधूरी नकारात्मक बातें करना हास्यास्पद है, खासकर जब वह अपनी ही पार्टी की विफलताओं को नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसी स्पष्ट नीतियों ने नवंबर 2023 तक 1.03 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश आकर्षित किए हैं। इससे 8.61 लाख करोड़ रुपए का उत्पादन हुआ और 6.78 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुईं हैं। मालवीय ने कहा कि यह दावा निराधार है कि विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट है। उन्होंने कहा कि भारत अब मोबाइल फोन विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बन गया है, जहां वार्षिक उत्पादन लगभग 33 करोड़ इकाई तक पहुंच गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि दूरसंचार उपकरण क्षेत्र में भी पीएलआई योजना के तहत 50,000 करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री हुई है। दिसंबर 2024 में विनिर्माण पीएमआई 56.4 पर था, जो संप्रग शासन के दौरान अक्सर गिरावट के विपरीत विस्तार को दर्शाता है। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी की कृषि नीतियों पर आलोचना के बावजूद, कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय बैंक (नाबार्ड) के आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण परिवारों की आय 9.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जो मुद्रास्फीति से अधिक है।

## अमिताभ बच्चन ने 83 करोड़ रुपए में बेचा डुप्लेक्स अपार्टमेंट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मुंबई के ओशिवरा में अपना डुप्लेक्स अपार्टमेंट 83 करोड़ रुपए में बेच दिया है। स्क्वायर यार्ड्स ने यह जानकारी दी।सोमवार को जारी एक बयान के मुताबिक, रियल एस्टेट परामर्श कंपनी स्क्वायर यार्ड्स ने बताया कि उसने संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों की समीक्षा की है। स्क्वायर यार्ड्स के मुताबिक, बच्चन ने मुंबई के ओशिवरा में अपना डुप्लेक्स अपार्टमेंट 83 करोड़ रुपए में बेच दिया है। इस खरीद-बिक्री का जनवरी 2025 में पंजीकरण किया गया।स्क्वायर यार्ड्स ने बताया, बच्चन ने अप्रैल 2021 में 31 करोड़ रुपए में डुप्लेक्स अपार्टमेंट खरीदा था और वर्तमान में इसे 83 करोड़ रुपए में बेचा दिया, जो मूल्य में उल्लेखनीय 168 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह संपत्ति ओशिवरा में क्रिस्टल ग्रुप की आवासीय परियोजना द अटलांटिस में स्थित है।

# ट्रंप ने सीमा शुल्क बढ़ाया तो भारत को भी जवाबी कदम उठाने चाहिए: व्यापार विशेषज्ञ

भाषा। नई दिल्ली

**व्यापार विशेषज्ञों का** कहना है कि अगर अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारतीय उत्पादों पर उच्च सीमा शुल्क लगाने का फैसला करते हैं तो उसके जवाब में भारत को भी उसी तरह के कदम उठाने चाहिए। विशेषज्ञों ने कहा कि भारत ने पहले भी अमेरिका द्वारा कुछ इस्पात एवं एल्युमीनियम उत्पादों पर लगाए गए गैरकानूनी शुल्कों के जवाब में सेब जैसे कई अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी सीमा शुल्क लगाए हैं। ट्रंप ने दिसंबर में कहा था कि भारत बहुत शुल्क लगाता है। इसके साथ ही उन्होंने कुछ अमेरिकी उत्पादों के आयात पर भारत द्वारा लगाए जाने वाले शुल्कों के जवाब में पारस्परिक शुल्क लगाने के अपने इरादे को भी दोहराया था। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, "भारत को दृढ़ता से और समान उपायों के साथ जवाब देना चाहिए। इसके पहले 2018 में जब अमेरिका ने भारतीय इस्पात और एल्युमीनियम पर कर लगाया था तो भारत ने भी 29 अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क बढ़ाकर जवाबी कार्वाई की थी। श्रीवास्तव ने कहा कि अगर नया अमेरिकी प्रशासन अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने का फैसला करता है, तो भारतीय निर्यातकों को वाहन, कपड़ा और औषधि उत्पादों के लिए उच्च सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा एच- 1बी वीजा नियमों को सख्त करने पर भारतीय आईटी फर्मों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ अभिजीत दास ने कहा, "अगर अमेरिका अतिरिक्त शुल्क लगाता है तो भारतीय वस्तुओं के लिए बाजार बंद हो जाएगा। ऐसी स्थिति में भारत को भी समान उपायों के साथ जवाबी कार्वाई करनी चाहिए। इससे गैरकानूनी शुल्क हटाने पर भविष्य में होने वाली बातचीत में भारत की स्थिति मजबूत होगी व्यापार विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि भारत पर आयात शुल्क के दुरुपयोग करने का ट्रंप का आरोप अनुचित है क्योंकि अमेरिका सहित कई देश कुछ उत्पादों पर उच्च सीमा शुल्क लगाकर अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा करते हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ बिस्वजीत धर ने कहा कि ट्रंप विभिन्न क्षेत्रों में शुल्क बढ़ाएंगे क्योंकि उन्हें अमेरिका को फिर से महान बनाओ (एमएजीए) के अपने नारे को पूरा करने की दिशा में कदम उठाना है। धर ने कहा, "ट्रंप पहले भी भारत के साथ व्यापार अधिशेष का मुद्दा उठा चुके हैं।

## गडकरी ने मुंबई के उपनगरों को नए हवाई अड्डे से जोड़ने के लिए वाटर टैक्सी का प्रस्ताव रखा

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई के दूरदराज उपनगरों से लोगों को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक पहुंचाने के लिए 10,000 वाटर टैक्सी का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने यहां आईसीईआरपी 2025 प्रदर्शनी में यह जानकारी दी। गडकरी ने सुझाव दिया कि उन्होंने पहले ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ इस प्रस्ताव पर चर्चा की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वाटर टैक्सी वित्तीय राजधानी के उत्तर में अरब सागर के किनारे स्थित विरार जैसे उपनगरों और ठाणे क्रीक के साथ उत्तर पूर्व में कल्याण-डोंबिवली जैसे उपनगरों से लोगों को 70 मिनट में नए हवाई अड्डे तक पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा, वसई-विरार से कल्याण-डोंबिवली तक मुंबई के सभी हिस्से से वॉटर टैक्सी 70 मिनट में नए हवाई अड्डे से जुड़ सकती है। मैंने पहले ही मुख्यमंत्री के साथ इस प्रस्ताव पर चर्चा की है। हमें मुंबई में 10,000 वॉटर टैक्सियों की जरूरत है। नए हवाई अड्डे से यात्री उड़ाने अगले साल अप्रैल से शुरू होने वाली है। यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए नए हवाई अड्डे को मेट्रो रेल से जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है।

## एनएचसी फूड्स लिमिटेड ने वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** विभिन्न कृषि उत्पादों, वस्तुओं और मसालों के अग्रणी निर्यातक एनएचसी फूड्स लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ महीने के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का पीएटी 384 प्रतिशत बढ़कर 208.33 लाख रुपए दर्ज किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 43.03 लाख रुपए था। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन से आय 58 प्रतिशत बढ़कर 7352.97 लाख रुपए हुई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के में 4649.69 लाख रुपए थी। इन परिणामों पर बोलते हुए कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक सत्यम जोशी ने कहा कि तिमाही और नौ महीने की अवधि के दौरान एनएचसी फूड्स का प्रदर्शन चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद मजबूत टॉपलाइन और बॉटमलाइन विकास हासिल करने की असाधारण क्षमता को दर्शाता है। उत्पाद और बाजार विस्तार पर कंपनी का ध्यान वास्तव में उत्पादन, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एवं विकास में रणनीतिक निवेश की ओर केंद्रित है जो एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है।

## एलएंडटी फाइनेंस को 2,007 करोड़ का प्रॉफिट

मुंबई। देश की प्रमुख गैर.बैंकिंग वित्तीय कंपनियों एनबीएफसी में से एक एलएंडटी फाइनेंस लि् एलटीएफका समेकित पैट चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने में बढ़कर 2,007 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह एक साल पहले की तुलना में 14 फीसदी अधिक है। वहीं दिसंबर 2024 तिमाही में कंपनी का समेकित पैट 626 करोड़ रुपये रहा। वित्तीय नतीजों पर टिप्पणी करते हुए एलटीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सुदीप्ता रॉय ने कहा माइक्रो फाइनेंस क्षेत्र में कुछ मैक्रो वृहद चुनौतियों के बावजूद हमने स्थिति को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया है। हमें उम्मीद है कि अगली कुछ तिमाहियों में माहौल का फ्री बेहतर होगा।विश्वस्तरीय क्रेडिट अंडरराइटिंग और मॉनिटरिंग इंफ्र ास्ट्रक्चर के निर्माण की दिशा में हमारे निवेश एवं प्रयास निरंतर जारी हैं। इसी के अनुरूप हमारी नेक्स्ट जेनरेशन के थ्री डायमेंशनल क्रेडिट अंडरराइटिंग इंजन प्रोजेक्ट साइक्लॉप्सश् को टू.व्हीलर फ ाइनेंस में 100 फ ीसदी डीलरशिप तक बढ़ाया गया और फार्म इक्विपमेंट फाइनेंस व्यवसाय के लिए भी इसे चालू किया गया।

## यूथ4पनुन कश्मीर ने कश्मीरी हिंदुओं के लिए अलग केंद्रशासित प्रदेश की मांग दोहराई

**जम्मू।** यूथ 4 पनुन कश्मीर (वाई4पीके) ने मंगलवार को घाटी में कश्मीरी हिंदुओं के स्थाई पुनर्वास के लिए एक अलग केंद्र शासित प्रदेश के निर्माण की मांग करने वाले मार्गदर्शन प्रस्ताव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि यह उनकी विरासत के संरक्षण और समुदाय के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का एक प्रारूप है। संगठन ने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू स्थित जगती प्रवासी शिविर (विस्थापित कश्मीरी पंडितों का सबसे बड़ा निवास स्थान) वर्ष 2025 में सभी प्रमुख सामुदायिक कार्यक्रमों का केंद्र होगा, जो समुदाय की एकता का प्रतीक होगा। वाई4पीके के शीर्ष निकाय के सदस्य राहुल कौल ने यहां संवाददाताओं से कहा, जगती घोषणापत्र 1991 के मार्गदर्शन प्रस्ताव के प्रति एक नई प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह हमारी विरासत के संरक्षण और हमारे समुदाय के लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए एक प्रारूप की रूपरेखा तैयार करता है। वाई4पीके ने जगती घोषणापत्र-2025 का अनावरण किया, जो कश्मीरी पंडितों के लिए न्याय, सांस्कृतिक संरक्षण और मातृभूमि में वापसी के लिए संघर्ष को फिर से शुरू करने की एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने 19 जनवरी को जगती टाउनशिप में समुदाय का विस्थापन दिवस मनाया। कौल ने कहा, विस्थापन के 35 साल बाद संबंधित सरकारों द्वारा कुछ भी नहीं किया गया है। हम मार्गदर्शन प्रस्ताव का कार्यान्वयन चाहते हैं।

# भाजपा की नीतियों में दिखाई देती है आंबेडकर की विचारधारा की झलक: अनुराग ठाकुर

भाषा। भुवनेश्वर



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ सांसद अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि पार्टी की नीतियां डॉ बीआर आंबेडकर की विचारधाराओं को प्रतिबिंबित करती हैं और नरेन्द्र मोदी सरकार संविधान निर्माता के सिद्धांतों के आधार पर राष्ट्र निर्माण कर रही है। विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए ठाकुर ने कहा कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार डॉ. आंबेडकर की विचारधारा से प्रभावित होकर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सोमवार को कहा, यूसीसी सभी समुदायों के लिए समानता सुनिश्चित करती है। यूसीसी विवाह, तलाक, गोद लेने और उत्तराधिकार के नियमों पर धर्म-केन्द्रित कानूनों को समाप्त करेगी और सभी को समान कानून प्रदान करेगी। भाजपा नेता ने यह बात भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने और आंबेडकर के सम्मान में पार्टी के दो सप्ताह के कार्यक्रम संविधान गौरव अभियान में भाग लेते हुए कही। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए संविधान में कई बार संशोधन किया, जबकि भाजपा और गैर-कांग्रेसी दलों ने ऐसा कम ही किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने संविधान में 75 बार संशोधन किया है, जबकि अन्य सरकारों ने 31 बार इसी तरह के कदम उठाए। उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी सहित पूरी कांग्रेस पार्टी पर जीवन भर आदिवासियों, दलितों और अन्य पिछड़ी जातियों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने वाले डॉ. आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने राहुल गांधी पर संविधान के नाम पर लोगों को गुमराह करने का भी आरोप लगाया।

## संसदीय समिति की बैठक में मांग: एनआरआई लोगों को भी संसद में मिले प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली।** विदेश मामलों की संसदीय समिति की बैठक में मंगलवार को सुझाव दिया गया कि संसद में अनिवासी भारतीय (एनआरआई) लोगों को प्रतिनिधित्व दिया जाए, क्योंकि उनकी संख्या बढ़ रही है और प्रवासी भारतीयों के हितों से जुड़े कई मुद्दे भी हैं। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस मांग के समर्थन में इटली जैसे कुछ देशों का उदाहरण दिया, जहां विदेश में रहने वाले उसके नागरिकों के लिए विधायिका में आरक्षण है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली संसद की स्थाई समिति ने भारतीय प्रवासियों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के बाद थरूर ने कहा, हमने प्रवासी भारतीय लोगों को लेकर काम करने वाले चार संगठनों के साथ बहुत विस्तृत और गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह बहुत सारे सवालों और जवाबों के साथ एक जीवंत और व्यापक चर्चा थी।

## न्यायाधीश ने आंबेडकर का जिक्र किया, संविधान निर्माण में ब्राह्मणों के योगदान पर पकाश डाला

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने संविधान निर्माता डॉ बी आर आंबेडकर के एक कथन जिक्र किया और संविधान निर्माण में ब्राह्मणों के योगदान पर प्रकाश डाला। न्यायमूर्ति दीक्षित ने अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा की स्वर्ण जयंती के अवसर पर 18-19 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय ब्राह्मण सम्मेलन विश्वामित्र में अपने संबोधन में कहा, डॉ. आंबेडकर ने एक बार भंडारकर इंस्टीट्यूट में कहा था कि यदि बी एन राव ने संविधान का मसौदा तैयार नहीं किया होता तो इसे तैयार होने में 25 साल और लग जाते। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि संविधान की मसौदा समिति के सात सदस्यों में से तीन - अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर, एन गोपालस्वामी अयंगर और बी एन राव ब्राह्मण थे। ब्राह्मणों पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि इस शब्द को जाति के बजाय वर्ण से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वेदों का वर्गीकरण करने वाले वेदव्यास मछुआरे के पुत्र थे और रामायण लिखने वाले महर्षि वाल्मीकि या तो अनुसूचित जाति से या अनुसूचित जनजाति से थे। उन्होंने कहा, क्या हमने (ब्राह्मणों ने) उन्हें नीची नजर से देखा है? हम सदियों से भगवान राम की पूजा करते आए हैं और उनके मूल्यों को संविधान में सम्मलित किया गया है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने पूर्व में खुद के गैर-ब्राह्मण राष्ट्रवादी आंदोलनों के साथ जुड़े होने का भी उल्लेख किया और कहा कि न्यायाधीश बनने के बाद उन्होंने अन्य सभी गतिविधियों से खुद को अलग कर लिया है और वह न्यायिक दायरे के भीतर ही ए बातें कर रहे हैं।

## रामायण सांस्कृतिक केंद्र में मनाया गया राम मन्दिर निर्माण का प्रथम उत्सव

मुंबई। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनरुद्धार की शुरुआत करने वाले अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को बने ऐतिहासक राम मन्दिर के शुभारम्भ के एक वर्ष पूर्ण होने पर चंद्रशेखर बावनकुले की पहल से स्थापित नागपुर के कोराडी मंदिर परिसर में स्थित रामायण सांस्कृतिक केंद्र में विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय भजन मंडलियों ने प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तिमय वातावरण बनाया। भजन संध्या में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मंदिर के विश्वस्त मंडळ की उपस्थिति रहीए जिन्होंने भक्तों को राम मंदिर के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। दर्शनार्थियों के लिए कोराडी मंदिर परिसर में स्थित रामायण सांस्कृतिक केंद्र इमर्सिव प्रदर्शनियोंए इंटरैक्टिव प्रतिष्ठानों और शैक्षिक कार्यशालाओं के माध्यम से रामायण की कालातीत शिक्षाओं को जीवंत करता है। यह केंद्र क्षेत्रीय विकास और भारत के नए पर्यटन स्थल का एक अभिन्न अंग भी बन गया है जो दुनिया भर से पर्यटकों और विद्वानों को आकर्षित कर रहा है। सांस्कृतिक संरक्षण और शिक्षा के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में उभर कर भगवान राम के मूल्यों और आदर्शों को सम्मान देने के लिए तैयार रामायण सांस्कृतिक केंद्र का अनुभव करने और आधुनिक प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं के माध्यम से रामायण की शिक्षाओं को जानने के लिए पर्यटक जा रहे हैं। चंद्रशेखर बावनकुले की पहल से बना यह केंद्र रामायण को नई पीढ़ी के लिए जीवंत बनाते हुए सभी क्षेत्रों से आने वाले आगंतुकोंए विशेष रूप से युवा पीढ़ी को रामायण में निहित शिक्षाओं और मूल्यों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

## ग्रामीण महिला उद्यमियों को मिलेगा सहयोग

**मुंबई।** ग्रामीण महिला उद्यमियों को लेकर आजकल बहुत सारी उम्मीदें और मौके बढ़ रहे हैं। महिलाएं जब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होती हैं, तो न सिर्फ उनके जीवन में बदलाव आता है, बल्कि समाज में भी विकास होता है। अगर भारत में महिलाओं के उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाए, तो इससे 30 मिलियन नए महिला-स्वामित्व वाले बिजनेस शुरू हो सकते हैं और लाखों नई नौकरियों का अवसर मिलेगा। यह अवसर विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों को लाभ पहुंचा सकता है, जहाँ स्त्री-स्वामित्व वाले उद्यमों का हिस्सा (22.24 प्रतिशत) है, जो कि शहरी क्षेत्रों (18.42प्रतिशत ) की तुलना में अधिक है। ये आंकड़े ग्रामीण महिला उद्यमियों की छिपी हुई क्षमताओं को तो उजागर करते हैं।

# ट्रंप प्रशासन में भारत को अमेरिका से अधिक ईंधन आने की संभावना: पुरी

भाषा। नई दिल्ली



**पेट्रोलियम एवं** प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई वाले नए प्रशासन की तेल एवं गैस उत्पादन अधिकतम करने की योजनाओं को देखते हुए भारत में अधिक अमेरिकी ईंधन आने की संभावना है। पुरी ने यहां वाहन उद्योग निकाय सियाम के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को तेल की आपूर्ति करने वालों की संख्या पहले ही 27 से बढ़कर 39 हो गई है और अगर इससे अधिक तेल आता है, तो भारत इसका स्वागत करेगा। पुरी ने तेल उत्खनन और गैस उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ट्रंप प्रशासन के कदमों के बारे में पूछे जाने पर कहा, "अगर आप मुझसे पूछें कि क्या बाजार में और अधिक अमेरिकी ईंधन आने वाला है, तो मेरा जवाब हां है। अगर आप कहते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच ईंधन की अधिक खरीद की प्रबल संभावना है, तो इसका जवाब हां है। हालांकि पुरी ने यह कहा कि सरकार नए अमेरिकी प्रशासन की घोषणाओं पर बहुत सावधानी से नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लिए गए कुछ निर्णय प्रत्याशित थे और इन पर प्रतिक्रिया देने से पहले इंतजार करने की जरूरत है। हालांकि पुरी ने 2015 के पेरिस जलवायु समझौते से बाहर होने के नए अमेरिकी सरकार के फैसले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पेट्रोलियम मंत्री ने अमेरिका, ब्राजील, गुयाना, सूरीनाम और कनाडा से अधिक तेल आने का जिक्र करने के साथ कीमतों में गिरावट का संकेत भी दिया। उन्होंने वाहन विनिर्माताओं से भारतीय बाजार में अधिक एथनॉल मिश्रण वाले फ्लेक्स ईंधन वाहनों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कहा।

## इंडिया असिस्ट ने उप्र सरकार के साथ की साझेदारी

**प्रयाग।** यात्रा में सहायता प्रदान करने वाले टेक-इनेबल्ड लीडर इंडिया असिस्ट ने महाकुम्भ 2025 के दौरान और इसके बाद भी लाखों यात्रियों को यात्रा का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत इंडिया असिस्ट प्रयागराज में महाकुम्भ क्षेत्र में टूरिस्ट इन्फोर्मेशन सेंटर (पर्यटन जानकारी केन्द्र) संचालित कर रहा है, साथ ही इस तरह के टूरिस्ट इन्फोर्मेशन सेंटर रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे पर भी स्थापित किए गए हैं।हरीश खत्री, संस्थापक, इंडिया असिस्ट ने इस साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''भारत विभिन्न अनुभवों और संस्कृति के खजाने का देश है और महाकुम्भ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक एकता का अविश्वसनीय संगम है।

## सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की प्रेरक कहानी से प्रभावित

मुंबई। शार्क टैंक इंडिया में शांतिलाल जे सावनी अपने परिवार के सदस्यों, राम और जगरूत के साथ अपनी पारिवारिक विरासत सावनी हेरिटेज कंजर्वेशन को पेश करने के लिए तैयार हैं। इस पिच में परंपरा और दृढ़ता की झलक मिलेगी। मुंबई में स्थित यह व्यवसाय तीन पीढ़ियों से भारत के सांस्कृतिक धरोहर स्मारकों के संरक्षण में जुटा है। इस ऐतिहासिक सफर की शुरुआत शांतिलाल ने एक साधारण राजमिस्त्री के रूप में की थी। उनके विज़न और कारीगरी को परिवार ने आगे बढ़ाया और आज सावनी परिवार हेरिटेज रेस्टोरेशन समुदाय में सबसे सम्मानित नामों में से एक बन चुका है। क्या शार्क्स सावनी हेरिटेज कंजर्वेशन की विरासत को संरक्षित रखने में मदद करेंगे, जानने के लिए देखिये शार्क टैंक इंडिया आज रात 8 बज, सिर्फ सोनी लिव पर। सावनी परिवार की महत्वाकांक्षा उनकी विरासत जितनी भव्य है वर्ष 2030 तक 1,000 स्मारकों को संरक्षित करने का लक्ष्य। पारंपरिक तकनीकों और टिकाऊ सामग्रियों में अपनी महारत के बल पर, उन्होंने अब तक 300 स्थलों का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण किया है जिनमें मुंबई का प्रतिष्ठित ओपेरा हाउस भी शामिल है।

# राहुल से डरती है सरकार, भाजपा-संघ की विचाराधारा कायरों की : प्रियंका

भाषा। बेलगावी (कर्नाटक)



**कांग्रेस महासचिव** प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्यंवसेक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि दोनों की विचारधारा कायरों की है, जबकि मुख्य विपक्षी दल देश के लिए मर-मिटने का विचार रखता है। उन्होंने यहां जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि केंद्र सरकार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से डरती है क्योंकि वह संविधान की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद थे। राहुल गांधी अस्वस्थ होने के कारण इस रैली में शामिल नहीं हो सके। प्रियंका गांधी ने रैली में कहा, यह संविधान कोई पुस्तक नहीं है, बल्कि आपका (जनता) सुरक्षा कवच है...बाबासाहेब ने इसमें लोकतंत्र की सुरक्षा समाहित की है। प्रियंका गांधी ने कहा कि बाबासाहेब सामाजिक न्याय और अधिकार का प्रतीक हैं।कांग्रेस नेता ने संसद में गृह मंत्री अमित शाह के बयान का हवाला देते हुए कहा, बहुत सरकारें आईं और बहुत सरकारें गईं, अनेक पार्टियों की सरकारें बनी, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई जिसके गृह मंत्री ने संसद में खड़े होकर बाबासाहेब का अपमान किया हो। आज तक कोई सरकार (सत्ता में) नहीं रही जिसके मंत्रियों ने चुनाव में घूम-घूम कर संविधान बदलने का ऐलान किया हो। उन्होंने कहा, क्या कोई सोच सकता था कि आजादी के इतने वर्षों बाद कहा जाएगा कि देश को 1947 में स्वतंत्रता नहीं मिली। किसी ने नहीं सोचा था कि इस तरह का अपमान सरकार की तरफ से किया जाएगा। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि देश के गृह मंत्री ने बाबासाहेब का अपमान करके लोकतंत्र का अपमान किया है और स्वतंत्रता सेनानियों तथा आजादी के लिए शहीद होने वाले लोगों का अपमान किया है। उन्होंने दावा किया कि आरएसएस की विचारधारा ने संविधान के निर्माण के समय भी अपमान किया और संविधान के खिलाफ अभियान चलाया था। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि जब बाबासाहेब ने महिला अधिकार की बात की थी तो आरएसएस के लोगों ने उनके पुतले जलाए थे। उन्होंने कहा, भाजपा इसी विचार से उपजी है और इसलिए आज उसके लोग हमारे संविधान का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि आज की सरकार संविधान पर प्रतिदिन हमला करती है। प्रियंका गांधी के अनुसार, देश की जनता ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाया। उन्होंने कहा, मोदी जी घबरा गए और जब

## प्रियंका गांधी स्त्री शक्ति, राहुल युवा शक्ति : खरगे



बेलगावी (कर्नाटक)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाद्रा की तुलना अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाली विभूतियों - कित्तूर रानी चेन्नम्मा और झांसी की रानी लक्ष्मी बाई से की और कहा कि वह स्त्री शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राहुल गांधी को युवा शक्ति का प्रतीक बताया।यहां गांधी भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने 1924 में महात्मा गांधी की अध्यक्षता में बेलगावी में हुए कांग्रेस के एक मात्र अधिवेशन के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया है। उन्होंने कहा, अगर कोई कित्तूर की चेनम्मा है तो प्रियंका गांधी है। अगर कोई झांसी की रानी है तो प्रियंका गांधी है। वह बहुत मजबूत है। राजीव गांधी की हत्या के बाद उन्होंने ही परिवार को संभाला। हमारे पास स्त्री शक्ति (प्रियंका गांधी में) और युवा शक्ति राहुल गांधी है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा गया और उन पर हाल ही में राज्यसभा में भारतीय संविधान और इसके निर्माता बी.आर. आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया गया।केंद्रीय मंत्री शाह ने आरोपों को झूठ बताकर खारिज कर दिया था।खरगे ने बेलगावी में दिए गए महात्मा गांधी के प्रसिद्ध बयान को भी याद किया, मैं जिंदा रहना चाहता हूं भारत के लिए, मरना चाहता हूं भारत के लिए। उन्होंने दावा किया कि गांधी की हत्या करने वाला नाथूराम गोडसे हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर का शिष्य था।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह हालांकि गांधी के प्रति सम्मान दिखाते हैं, लेकिन वास्तव में वे गोडसे की पूजा करते हैं।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भाजपा पर जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल तथा गांधी और आंबेडकर के बीच मतभेद का आरोप लगाकर खेल खेलने का भी आरोप लगाया।

## राहुल गांधी अस्वस्थ, गांधी भारत कार्यक्रम में भाग लेने की संभावना नही

बेंगलुरु। अस्वस्थ होने के कारण कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मंगलवार को बेलगावी में आयोजित गांधी भारत कार्यक्रम में भाग लेने की संभावना नहीं है। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस के सूत्रों ने यह जानकारी दी। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बेलगावी में पीटीआई-वीडियोज को बताया कि कांग्रेस पार्टी का पूरा नेतृत्व समारोह में भाग लेगा, जो जल्द शुरू होने वाला है। यहां सूत्रों ने कहा कि राहुल गांधी अस्वस्थ हैं, इसलिए उनके समारोह में शामिल होने की संभावना कम है। महाराष्ट्र की सीमा से लगे बेलगावी जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी और अन्य वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, सुवर्ण विधान सौध में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

## सिंधु जल संधि पर भारत-पाकिस्तान में विवाद: तटस्थ विशेष ने भारत के रुख का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक द्वारा नियुक्त एक तटस्थ विशेषज्ञ ने किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ विवादों को सुलझाने के लिए रूपरेखा पर नई दिल्ली के रुख का समर्थन किया है।भारत जहां मुद्दों का समाधान तटस्थ विशेषज्ञ द्वारा किए जाने पर दबाव डाल रहा है, जैसा कि दोनों देशों के बीच सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत अधिदेशित है, पाकिस्तान इनके समाधान के लिए हेग में स्थाई मध्यस्थता न्यायालय पर जोर दे रहा है। भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की वार्ता के बाद 19 सितंबर, 1960 को आईडब्ल्यूटी पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका एकमात्र उद्देश्य सीमापार नदियों से संबंधित मुद्दों का प्रबंधन करना था। भारत ने तटस्थ विशेषज्ञ, इंटरनेशनल कमीशन आफ लार्ज डैम्स अध्यक्ष माइकल लीनो के फैसले का स्वागत किया है।सोमवार को लीनो ने निर्णय दिया था कि वह दो जलविद्युत परियोजनाओं पर भारत और पाकिस्तान के बीच मतभेदों के गुण-दोष पर निर्णय देने के लिए सक्षम हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा, भारत सिंधु जल संधि, 1960 के अनुलग्नक एफ के पैराग्राफ 7 के तहत तटस्थ विशेषज्ञ द्वारा दिए गए निर्णय का स्वागत करता है। मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, यह निर्णय भारत के इस रुख का समर्थन और पुष्टि करता है कि किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं के संबंध में तटस्थ विशेषज्ञ को भेजे गए सभी सात प्रश्न संधि के तहत उसकी क्षमता के अंतर्गत आते हैं। वर्ष 2015 में पाकिस्तान ने दोनों परियोजनाओं पर अपनी आपत्तियों से निपटने के लिए एक तटस्थ विशेषज्ञ की नियुक्ति की मांग की थी।

# ट्रंप की ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत शुल्क की चेतावनी

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से चेतावनी दी कि अगर ब्रिक्स समूह के देश अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अमेरिकी डॉलर की जगह किसी दूसरी मुद्रा को लाने के लिए कोई कदम उठाते हैं तो वह उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। ब्रिक्स देशों में भारत भी शामिल है। ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। उन्होंने कहा, अगर ब्रिक्स देश ऐसा करना चाहते हैं तो ठीक है, लेकिन हम उनके अमेरिका के साथ व्यापार पर कम से कम 100 प्रतिशत शुल्क लगाने जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर ए देश वैश्विक व्यापार में डॉलर के इस्तेमाल को कम करने के बारे में सोचते भी हैं तो उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाया जा सकता है। ब्रिक्स दस देशों – रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात – का एक अंतर-सरकारी संगठन है। दिसंबर में भी ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को इस तरह के कदम के खिलाफ चेतावनी दी थी। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा था, हमें इन देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे। वर्ना उन्हें 100 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ेगा और उन्हें शानदार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अपनी बिक्री को अलविदा कहना पड़ेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दिसंबर में कहा था कि भारत कभी भी डॉलर को हटाने के पक्ष में नहीं रहा है और ब्रिक्स मुद्रा लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। आव्रजन पर एक सवाल का जवाब देते हुए ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्हें कानूनी आव्रजन से कोई दिक्कत नहीं है। ट्रंप ने कहा कि देश को और अधिक कानूनी आव्रजन की जरूरत होगी, क्योंकि उनकी शुल्क नीतियों के कारण विनिर्माण का विस्तार होने जा रहा है।

## ट्रंप ने ट्रांसजेंडर संरक्षण वापस लेने के वादे को पूरा करते हुए शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कुछ शासकीय आदेशों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें ट्रांसजेंडर लोगों के लिए सुरक्षा वापस ले ली गई और संघीय सरकार के भीतर विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों को समाप्त कर दिया गया। ट्रंप ने अपने उद्घाटन भाषण में इसे सार्वजनिक और निजी जीवन के हर पहलू में जाति और लिंग को सामाजिक रूप से नियोजित करने के प्रयासों को समाप्त करने के कदम के रूप में वर्णित किया। संघीय नीति के लिए दोनों बड़े बदलाव है और ट्रंप के प्रचार अभियान के दौरान किए गए वादों के अनुरूप है। एक आदेश में घोषणा की गई है कि संघीय सरकार केवल दो अपरिवर्तनीय लिंगों को मान्यता देगी: पुरुष और महिला। यह परिभाषा इस बात पर आधारित होगी कि लोग अंडे या शुक्राणु के साथ पैदा हुए है, न कि उनके गुणसूत्रों पर। इस बदलाव को महिलाओं को लैंगिक अतिवाद से बचाने के तरीके के रूप में पेश किया जा रहा है। अमेरिकन फेमिली एसोसिएशन जैसे रूढ़िवादी समूह इस बदलाव की प्रशंसा कर रहे है और उनका कहना है कि यह सच्चाई को स्वीकार करता है। लेकिन अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन और अमेरिकन साइक्यिाट्रिक एसोसिएशन सहित विशेषज्ञों का मानना है कि लिंग एक स्पेक्ट्रम है, न कि केवल पुरुषों और महिलाओं को बताने वाली बाइनरी संरचना। आदेश के तहत, प्रवासियों और बलात्कार पीड़ितो के लिए संघीय जेलों और आश्रयों को आदेश में परिभाषित लिंग के आधार पर अलग किया जाना है। संघीय करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल परिवर्तन सेवाओं के लिए नहीं किया जा सकता था। संघीय जेल के कुछ कैदियों ने लिंग परिवर्तन की सर्जरी करवाई है और कई ने संघीय निधियों से हार्मोन थेरेपी जैसे उपचार करवाए है

# ट्रंप ने की उप राष्ट्रपति वेंस की पत्नी उषा की प्रशंसा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी वेंस बेहद बुद्धिमान हैं और वह उन्हें ही उप राष्ट्रपति चुनते लेकिन उत्तराधिकारी का चुनाव अलग प्रकार से किया जाता है।उषा (39) के पति जेडी वेंस ने सोमवार को अमेरिका के 50वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।सोमवार को गुलाबी कोट पहने उषा ने एक हाथ में बाइबिल ली हुई थी और दूसरे हाथ में बेटी मीराबेल रोज़ को थामा हुआ था, वहीं वेंस ने अपना बायां हाथ धर्म ग्रंथ पर रखकर और दायां हाथ उठाकर पद की शपथ ली। ट्रंप के अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने और जेडी वेंस के उप राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया।ट्रंप ने कहा, मैं जेडी को काफी समय से जानता हूं। मैंने ओहायो में उनका समर्थन किया था। वह बेहतरीन सांसद रहे और बहुत ही होशियार थे, लेकिन उनसे ज्यादा होशियार उनकी पत्नी हैं। ट्रंप के ए कहने पर हॉल ठहाकों से गूंज उठा। ट्रंप ने फिर जेडी की ओर देखा और कहा, मैं उन्हें चुनता लेकिन उत्तराधिकार का नियम इस प्रकार से काम नहीं करता। उषा हिंदू हैं और कैलिफोर्निया में रहने वाले भारतीय प्रवासी दंपति के यहां जन्मीं।

## ग्वादर हवाई अड्डा चीन का उपहार, इससे पूरे देश को फायदा होगा: शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल ही में शुरू हुए ग्वादर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को चीन की ओर से एक उपहार करार दिया।उन्होंने मंगलवार को कहा कि इससे न केवल बलूचिस्तान प्रांत की अर्थव्यवस्था बल्कि पूरे देश को लाभ होगा। ग्वादर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बलूचिस्तान में स्थित है।चीन द्वारा वित्तपोषित और निर्मित यह हवाई अड्डा पाकिस्तान का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है।सोमवार को कराची से 46 यात्रियों को लेकर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन के विमान के उतरने के साथ ही इस हवाई अड्डे पर परिचालन शुरू हो गया। शरीफ ने संघीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह टिप्पणी की। 23 करोड़ अमेरिकी डॉलर के चीनी अनुदान से निर्मित ग्वादर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा चीन की ओर से पाकिस्तान के लिए एक उपहार है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए।

## वेस्ट बैंक में इजराइली सैनिकों के अभियान में छह लोगों की मौत, 35 घायल

**रामल्ला (वेस्ट बैंक)।** इजराइल ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक के शहर जेनिन में मंगलवार को बड़े सैन्य अभियान में कम से कम छह लोगों को मार गिराया, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल ने शहर में फलस्तीनी चरमपंथियो के खिलाफ एक महत्वपूर्ण और व्यापक सैन्य अभियान की घोषणा की है। हमास के सात अक्टूबर, 2023 के हमले से गाजा में युद्ध छिड़ने से पहले भी जेनिन में इजराइल ने कई बार सैन्य कार्वाई की और चरमपंथियो के साथ गोलीबारी भी हुई थी। इजराइल की यह नवीनतम कार्वाई गाजा में हमास के साथ युद्धविराम के कुछ ही दिनो बाद हुई है। छह सप्ताह के लिए युद्धविराम की घोषणा की गई है। इस दौरान इजराइल द्वारा कैद किए गए सैकड़ों फलस्तीनियों के बदले में हमास द्वारा बंधक बनाए गए 33 लोगो को रिहा किया जाएगा। इजराइल ने 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में वेस्ट बैंक, गाजा और पूर्वी यरुशलम पर कब्जा कर लिया था। फलस्तीनी इन तीनों क्षेत्रों को मिलाकर एक अलग राष्ट्र चाहते है।

## इज़राइल के शीर्ष जनरल ने हमास के हमले को रोकने में नाकाम रहने पर इस्तीफा दिया

रामल्ला(पश्चिम तट)। इजराइली सेना के शीर्ष जनरल ने सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान सुरक्षा विफलताओं का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी हमास के हमले को लेकर इस्तीफा देने वाले सबसे प्रमुख इजराइली सैन्य अधिकारी है। गाजा पट्टी में हमास के साथ युद्धविराम लागू होने के कुछ ही दिन बाद उन्होंने मंगलवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की।युद्धविराम के साथ ही हमास की गाजा की सड़को पर उपस्थिति नजर आने लगी है, जिससे संकेत मिलता है कि 15 महीने के युद्ध के बावजूद क्षेत्र पर उसका दृढ़ नियंत्रण बना हुआ है।

## ट्रंप ने कार्यवाहक रक्षा मंत्री की घोषणा की

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यवाहक रक्षा मंत्री की नियुक्ति कर दी है। हालांकि पेंटागन का नेतृत्व करने के लिए उनकी पसंद पीट हेगसेथ हैं जिनके नाम पर अब तक सीनेट ने मुहर नही लगाई है। पेंटागन के वाशिंगटन मुख्यालय सेवा के उपनिदेशक रॉबर्ट सेल्सेस फिलहाल कार्यवाहक रक्षा मंत्री होंगे। रक्षा विभाग के तीन अन्य असैन्य अधिकारी सेना, नौसेना व वायु सेना के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे।ट्रंप प्रशासन को इन पदो पर काम करने के लिए पेंटागन में वरिष्ठ अधिकारियों की आवश्यकता थी, जिनपर सीनेट पहले ही मुहर लगा चुका हो।सेल्सेस एक सेवानिवृत्त मरीन है, जिन्होने खाड़ी युद्ध में सेवा प्रदान की और उन्हें कांस्य पदक से नवाजा गया था।

## द सीक्रेट ऑफशिलेदार्स का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। द सीक्रेट्स ऑफ शिलेदार्सकी अनसुनी और रोमांचक कहानी अब डिज़्नी हॉटस्टार पर दिखाई जाएगी। इसका ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जिसमें एक अद्भुत यात्रा की झलक मिलती है। इस कहानी में हर सुराग एक नया राज़ खोलता है और हर खोज एक और रहस्य की ओर ले जाती है। कहानी के मुख्य किरदार रवि ;राजीव खंडेलवाल अपनी असली पहचान और छिपे हुए राज़ों को तलाशने के सफर पर निकलते हैं, जहां उनका सामना कई मुश्किलों से होता है। यह रोमांचक शो 31 जनवरी, 2025 से डिज़्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगाए जिसे मिस करना वाकई मुश्किल होगा! नितिन वैद्य के दशमी क्रिएशंस एलएलपी के बैनर तले निर्मित और आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित द सीक्रेट ऑफ शिलेदार्सष् एक रोमांचक सीरीज है जो मराठी उपन्यास प्रतिपा चंद्र पर आधारित है।

# मादक पदार्थ गिरोह विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित होंगे

**मैक्सिको सिटी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह कहते हुए एक कार्यकारी आदेश पर दस्तखत किए हैं कि अमेरिका मादक पदार्थ गिरोहों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करेगा। अमेरिका का यह कदम सीमा एवं लातिन अमेरिका के लिए सैन्य एजेंडे को आगे बढ़ाएगा। यह आदेश वेनेजुएला गिरोह ट्रेन डी अरागुआ और साल्वाडोर गिरोह मारा साल्वाट्रुचा (एमएस-13) जैसे मैक्सिको के मादक पदार्थ गिरोहों और अन्य लातिन अमेरिकी आपराधिक समूहों पर केंद्रित है। आदेश के अनुसार मादक पदार्थ गिरोह अमेरिकी लोगों की सुरक्षा, अमेरिका की सुरक्षा और पश्चिमी गोलार्ध में अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की स्थिरता के लिए खतरा हैं। वैसे तो इस आदेश में ऐसे समूहों के नाम नहीं हैं लेकिन कैबिनेट सेक्रेटरी अगले 14 दिनों में इस बात की सिफारिश करेंगे कि किन-किन समूहोंगिरोहों को आतंकवादी संगठन घोषित किया जाए। सोमवार को अपना प्रशासन संभालने के बाद ट्रंप द्वारा जिन कुछ आदेशों पर हस्ताक्षर किए गए, यह उनमें एक है। आदेश में कहा गया है, ए गिरोह पूरे पश्चिमी गोलार्ध में हिंसा और आतंक के अभियान चला रहे हैं, जिसने न केवल हमारे राष्ट्रीय हितों के लिए अहम देशों को अस्थिर कर दिया है, बल्कि अमेरिका में घातक नशीले पदार्थों, हिंसक अपराधियों और खतरनाक गिरोहों की बाढ़ ला दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इस आदेश का इन गिरोहों से लड़ने पर क्या प्रभाव होगा, लेकिन ऐसी चिंता है कि दूसरे तरीके से यह उन देशों के लोगों के लिए अमेरिका में आना कठिन बना देगा जहां ए समूह काम करते हैं। यह अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल की घोषणा के अतिरिक्त है।

## कार्मिक मामला: ट्रंप द्वारा मांगे गए इस्तीफों से विदेश विभाग के नेतृत्व पर असर पड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में विदेश विभाग में राजनीतिक रूप से नियुक्त नेतृत्व पदों पर बड़ी संख्या में कार्यरत वरिष्ठ अनुभवी राजनयिकों ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की मांग पर अपने पद छोड़ दिया है। वर्तमान और निवर्तमान अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ट्रंप की योजना उन पदों पर अपने लोगों को नियुक्त करने की है।राष्ट्रपति चुनाव के बाद विभाग के वरिष्ठ पदों पर कार्मिक परिवर्तन, जैसा कि सभी संघीय एजेंसियों में होता है, असामान्य नहीं है। उन पदों पर कार्यरत अनुभवी अधिकारियों को नए प्रशासन के कार्यभार संभालने से पहले त्यागपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होता है।अतीत में, इनमें से कुछ इस्तीफों को स्वीकार नहीं किया गया था, जिससे अनुभवी अधिकारियों को कम से कम अस्थाई रूप से अपने पदों पर बने रहने की अनुमति मिल गई थी, जब तक कि नया प्रभारी अपनी टीम का नामांकन नहीं कर देता।

## ट्रंप ने संसद भवन परिसर पर हुए हमले के आरोपी समर्थकों को क्षमादान दिया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन परिसर (यूएस कैपिटल) पर हुए हमले के आरोपियों एवं अपने लगभग।,500 समर्थकों को क्षमादान दे रहे है। ट्रंप ने पदभार संभालने के पहले ही दिन अपनी व्यापक क्षमादान शक्तियों का उपयोग किया और इस प्रकार से अमेरिकी न्याय विभाग के इतिहास में किसी मामले से जुड़ी ससे बड़ी जांच और अभियोजन को समाप्त कर दिया।

## अमेरिका के डब्ल्यूएचओ से हटने के फैसले के बाद चीन ने वैश्विक स्वास्थ्य संस्था को समर्थन जताया

**बीजिंग।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका के हटने की घोषणा के बाद चीन ने मंगलवार को इस वैश्विक संस्था के प्रति अपना समर्थन जताया। अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ पर कोविड-19 महामारी के संकट से सही से नहीं निपटने का आरोप लगाते हुए इससे हटने की घोषणा की है। ट्रंप ने सोमवार को अपने शपथ ग्रहण के बाद डब्ल्यूएचओ से अमेरिका की वापसी की प्रक्रिया शुरू करने संबंधी शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका ने पांच साल से भी कम अवधि में दूसरी बार इस वैश्विक स्वास्थ्य संस्था से वापसी का आदेश जारी किया है। ट्रंप के इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मंगलवार को कहा कि चीन विश्व स्वास्थ्य संगठन को उसकी जिम्मेदारियां निभाने में सहयोग प्रदान करता रहेगा।

## चुनाव लड़ने पर विचार कर रहे रामास्वामी, एफिशिएंसी आयोग में नहीं करेंगे काम

वाशिंगटन। अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) का जिम्मा अब सिर्फ एक व्यक्ति के हाथो में होगा। विवेक रामास्वामी, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अध्यक्षता वाले इस आयोग का हिस्सा नही होगे जिसके बाद लागत पर लगाम लगाने वाले इस अभियान की सारी की सारी जिम्मेदारी खरबपति एलन मस्क के हाथों में आ गई है।ट्रंप के सोमवार को शपथ ग्रहण किए जाने के कुछ घंटों बाद ही अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की।वर्ष 2024 में राष्ट्रपति पद के इच्छुक रहे रिपब्लिकन पार्टी के बायोटेक उद्यमी रामास्वामी ने अगले वर्ष ओहायो के गवर्नर पद के लिए होने वाले चुनाव में उतरने का संकेत दिया है।सिनसिनाटी के रहने वाले 39 वर्षीय रामास्वामी ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की हाल ही में खाली हुई सीनेट सीट में रुचि दिखाई थी। दरअसल ओहायो के गवर्नर माइक डेविन ने वेंस के उत्तराधिकारी के रूप में लेफ्टिनेंट गवर्नर जॉन हस्टेड को चुना है जिस कारण अगले वर्ष यह सीट रिक्त हो रही है।आयोग की एक प्रवक्ता एना कैली ने एक बयान में बताया, विवेक रामास्वामी ने डीओजीई को बनाने के लिए हमारी मदद करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होने बताया, उनकी (रामास्वामी) जल्द ही चुनाव मैदान में उतरने की इच्छा है, जिसके लिए उन्हे आयोग से बाहर रहना होगा। यह आयोग की संरचना है, जिसे आज (मंगलवार) घोषित किया गया है।

## बेकहम को पुरस्कार, अंटार्कटिका के संकट पर संगीत प्रस्तुति के साथ डब्ल्यूईएफ की बैठक की शुरुआत

**दावोस।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक की शुरुआत दिग्गज फुटबॉलर डेविड बेकहम और दो अन्य को प्रतिष्ठित क्रिस्टल पुरस्कार से सम्मानित करने के साथ हुई। इसके अलावा उद्घाटन समारोह में शास्त्रीय संगीत तथा एआई-जनरेटेड (कृत्रिम मेधा से बने) विजुअल्स के जरिए अंटार्कटिका के समक्ष मौजूद पर्यावरणीय संकट पर प्रकाश डाला गया। सरकार से लेकर कारोबार, नागरिक समाज, शिक्षा, कला व संस्कृति आदि क्षेत्रों के शीर्ष वैश्विक नेताओं की इस सबसे बड़ी बैठक में हिस्सा लेने कई भारतीय नेता भी इस स्की रिसॉर्ट शहर पहुंचे हैं। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बोर्गे ब्रेंडे ने कहा कि यह बैठक इस पीढ़ी के सबसे अनिश्चित समय में हो रही है, क्योंकि नई भू-आर्थिक, भू-राजनीतिक और प्रौद्योगिकी ताकतें हमारे समाजों को नया आकार दे रही हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा गतिशील परिवर्तन, महत्वपूर्ण चुनौतियों के साथ-साथ महत्वपूर्ण अवसर भी उत्पन्न कर रहे है, खासकर तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों के संबंध में। बोर्गे ने 24 जनवरी तक चलने वाली पांच दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे विश्व भर के करीब 3,000 नेताओं के लिए अपने स्वागत संदेश में कहा कि दुनिया भर के सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों के 3,000 नेताओं को बुलाने का मकसद इस अनूठे समय के लिए आवश्यक सहयोग को मजबूत बनाने में मदद करना है। बोर्गे ने 55वीं डब्ल्यूईएफ वार्षिक बैठक के बारे में कहा, मैं इस सप्ताह दावोस में होने वाली रचनात्मक वार्ता के लिए उत्साहित हूं। मुझे विश्वास है कि इसका आने वाले वर्ष और उससे आगे भी महत्वपूर्ण प्रभाव होगा। इस बैठक का विषय बुद्धिमान युग में सहयोग है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें राज्यों का मजबूत प्रतिनिधित्व शामिल है। उन्होंने कहा कि वह दावोस में भारत के विकास मॉडल और समावेशी विकास तथा डिजिटल बदलाव के लिए देश के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालेंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि उनका राज्य इस बैठक में विश्व से अवगत होगा। साथ ही वह वैश्विक मंच पर नई जमीन तैयार करने की आकांक्षा रखते है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि वह अपने दल के साथ मिलकर आंध्र प्रदेश को वैश्विक निवेश के मानचित्र पर वापस लाने के लिए तैयार है।

## ट्रंप को गाजा में संघर्ष विराम कायम रहने पर संदेह

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि हमास कमजोर हो गया है लेकिन उन्हें संदेह है कि इजराइल और हमास के बीच हुआ संघर्ष विराम ज्यादा समय तक कायम रहेगा। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, मैं इसको (संघर्ष विराम को) लेकर आश्वस्त नहीं हूं। यह हमारा युद्ध नहीं है, उनका युद्ध है। गाजा को भीषण तबाही वाला स्थान बताते हुए ट्रंप ने कहा कि उनका प्रशासन गाजा के पुनर्निर्माण में मदद कर सकता है। गाजा के खूबसूरत मौसम, तटरेखा और भौगोलिक स्थिति का उल्लेख करते हुए ट्रंप ने कहा, इसमें (गाजा) कुछ बेहतरीन किया जा सकता है।

## सीरीज़ दिखाएगा दुनिया को जलवा

**मुंबई।** जीईसी की दुनिया में ज़ी टीवी ने एक नई पहल करते हुए ज़ी मिनी सीरीज़ पेश की है। यह अनोखा और पहली बार देखा गया प्रोग्रामिंग फॉर्मेट है जो आज के दर्शकों के लिए खास तौर पर तैयार की गई छोटी लेकिन असरदार कहानियां लेकर आता है। हर नई कहानी में सिर्फ7 एपिसोड्स हैं जो टेलीविजन की पारंपरिक कहानियों को आज के तेज़ रफ्तार वाले कंटेंट के साथ जोड़ती है। ज़ी मिनी सीरीज़ में दर्शकों के दिलों को छूने वाली कई दिलचस्प कहानियां पेश की जा रही हैं। हर कहानी अलग.अलग खास विषयों को छूती है। पैठणी- यह शो पैठणी साड़ी की समृद्ध धरोहर और एक मां.बेटी के रिश्ते को दर्शाता हैए जो हर चुनौती से लड़ते हैं। विट्रोमेट्स- यह सीरीज़ महिलाओं के हौसले और दोस्ती की एक सच्ची कहानी हैए जो प्रजनन के संघर्षों से जूझते हुए एक.दूसरे का साथ देती हैं। बेइंतेहा चाहतें- यह एक भटके हुए परिवार के मोह और पछतावे की कहानी है जिसमें एक परिवार की मुश्किलों को दिखाया गया है। डिवोर्स के लिए कुछ भी करेगा एक मजेदार और दिल को छूने वाली रोमांटिक कॉमेडीए जिसमें दो अंडरकवर जर्नलिस्ट्स अचानक नए.नए शादीशुदा जोड़े बन जाते हैं। प्यार टेस्टिंग- आधुनिक रिश्तों की ताज़ा कहानीए जिसमें शादी से पहले लिव.इन का अनुभव दिखाया गया है। खोज-एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर जो पहचान वास्तविकता और धोखे के रहस्यों को सुलझाती है। माएरी- एक मां की साहसी लड़ाई की कहानी जो न्याय के लिए संघर्ष करती है और सामाजिक असमानता से जूझती है।


## दुनिया में पसंदीदा है भारत के कार्यबल

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में जानामाना नौकरी मिलान और भर्ती प्लेटफॉर्म है, उसने वर्ष 2024 के ख़त्म होते-होते भारत के नौकरी बाजार को परिभाषित करने वाली जो सबसे ज़्यादा मांग वाली नौकरिया और खोज प्रवृत्तिया है, उस पर गहराई से विश्लेषण किया। इस विश्लेषण से पता चलता है कि कैसे बदलती कार्यबल गतिशीलता,उन्नत होती टेक्नोलॉजी और विकसित हो रही करियर आकांक्षाएं रोजगार परिदृश्य को नए आयाम पर पहुंचा रही हैं। टैक्निकल भूमिकाओ की बढ़ती मांग और कस्टमर केंद्रित नौकरियां दर्शाती है। वर्ष 2024 में भारत के नौकरी बाजार ने एक महत्वपूर्ण दोहरी प्रवृत्ति को उजागर किया। कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव और ड्राइवर जैसी ज़रूरी सेवा भूमिकाएं खोज में सबसे ऊपर रहींए जिससे यह साफनजर आता है कि अर्थव्यवस्था में इस क्षेत्र की अहमियत लगातार बढ़ रही है। बीपीओ क्षेत्र के निरंतर विस्तार ने कस्टमर सपोर्ट भूमिकाओं को आकर्षक बना दिया हैए जो स्थिर आय और कौशल विकास के स्पष्ट रास्ते खोलती है। इसी तरह ड्राइवर की बढ़ती मांग तेजी से वाणिज्य, ई.कॉमर्स,लॉजिस्टिक्स, और मोबिलिटी सेवाओं के निरंतर विकास को दिखाती है। ये सभी उद्योग आज के भारत की आर्थिक संरचना में बहुत बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। यह बदलाव औपचारिकताए बढ़ती मांगए और स्थिर रोजगार के वादे से प्रेरित होकर नीले.कॉलर कार्य की बढ़ती स्वीकृति की ओर संकेत करता है। साथ ही टेक्नोलॉजी भूमिकाएं भी भर्ती में हावी रहेए जो भारत की आर्थिक दिशा को आकार देने में टेक्नोलॉजी क्षेत्र की अहम भूमिका को एक बार फिर से बयां करती हैं।

# भारत को प्रधानमंत्री मोदी के रूप में सही समय पर सही नेता मिला : नायडू

**भाषा।** दावोस

**आंध्र प्रदेश के** मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को कहा कि भारत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में सही समय पर सही नेता मिला है और वह देश को विभिन्न आर्थिक तथा सामाजिक मानदंडों पर शीर्ष पर ले जाएंगे। नायडू ने 2047 तक स्वर्ण आंध्र पर एक आर्थिक कार्यबल की शुरुआत के मौके पर कहा कि उनके राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं और वह सही रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा, भारतीय विश्व स्तर पर सर्वाधिक स्वीकार्य समुदाय हैं और यह भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नेन्द्र मोदी के रूप में हमें सही समय पर सही नेता मिला है। देश के लिए सुधारों तथा नीतिगत रूपरेखा के बारे में उनके पास पूर्ण स्पष्टता है। नायडू ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा और विभिन्न क्षेत्रों में पहले या दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। उन्होंने गरीबी तथा भुखमरी जैसे मुद्दों से निपटने और सभी के जीवन में सुधार लाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल से पी4 मॉडल या सार्वजनिक, निजी तथा जन भागीदारी की ओर आगे बढ़ने की वकालत की। नायडू ने सीआईआई के साथ साझेदारी में प्रतिस्पर्धा पर वैश्विक नेतृत्व केंद्र की स्थापना की भी घोषणा की। इस कार्यक्रम में उपस्थित टाटा समूह के प्रमुख एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि 2047 तक स्वर्ण आंध्र पर आर्थिक कार्यबल का सह-अध्यक्ष बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने तत्कालीन एकीकृत आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में नायडू की आर्थिक दूरदर्शिता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, हम 2047 के लिए यह योजना विकसित कर रहे हैं, लेकिन साथ ही इसकी ओर बढ़ने के लिए तत्काल क्रियान्वित किए जाने वाली योजनाएं भी होंगी। चंद्रशेखरन ने कहा, योजना के कई घटक होंगे, शुरुआत में कुछ क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जबकि हम अन्य क्षेत्रों को भी लक्ष्य बनाएंगे। उन्होंने कहा, हम वैश्विक स्तर के शैक्षणिक संस्थान भी स्थापित करेंगे।




## वैश्विक बाजार में प्रसंस्कृत भारतीय खाद्य पदार्थों के लिए अपार संभावनाएं: चिराग पासवान

**दावोस।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक स्तर पर ले जाने की वकालत करते हुए कहा कि भारतीय प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं।विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के लिए यहां पहुंचे पासवान ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें आवंटित खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर आया है।पासवान ने सोमवार शाम दावोस पहुंचने के बाद कहा, हमारा मकसद किसानों की अधिक मदद करना और साथ ही देश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को और मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग हमारे किसानों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## रघुराम ने की मोदी सरकार की प्रशंसा

### बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर अच्छा काम किया है

दावोस। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को भारत में बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर बहुत अच्छा काम करने के लिए मोदी सरकार की सराहना की। उन्होंने साथ ही उम्मीद जताई कि रोजगार बाजार को बढ़ावा देने के लिए आगामी बजट में कुछ ठोस कदम उठाए जाएंगे। राजन ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में अमेरिकी डॉलर पर आयोजित एक सत्र में कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में 85 रुपए के स्तर तक गिरावट किसी घरेलू कारक के बजाय अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने की वजह से है। मोदी सरकार ने बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर बहुत अच्छा काम किया है, लेकिन उपभोग को बढ़ावा देने के लिए दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ रोजगार बाजार है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। भारत छह प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जो वास्तव में बहुत अच्छा है, लेकिन जब हम प्रति व्यक्ति आंकड़ों को देखते हैं, तो इसे और अधिक तेजी से बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा, रोजगार बाजार को तत्काल बढ़ावा देने की जरूरत है। अगले कुछ दिनों में आम बजट आने वाला है और उम्मीद है कि हम इसमें कुछ देखेंगे। जब लोग अगले 25 वर्षों में अमेरिकी डॉलर के सर्वोच्च बने रहने की बात करते हैं, तो यह निश्चित रूप से इस उम्मीद पर आधारित है कि दुनिया एकजुट रहेगी। उन्होंने कहा कि कई उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंकों को डॉलर के मुकाबले अपनी मुद्राओं में गिरावट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने को मजबूर किया जा रहा है, लेकिन मुद्दा यह है कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसमें उनकी गलती नहीं है।

# पैतृक स्थान लौट रहे फलस्तीनी, हर ओर तबाही का मंजर



**रफह ( गाजा पट्टी )।** इजराइल और हमास के बीच 15 महीने से अधिक समय से जारी युद्ध पर विराम लगने के बाद फलस्तीनी अपने पैतृक स्थानों की ओर लौट रहे हैं जहां उनका सामना बर्बादी के भयानक मंजर से हो रहा है। खंडहर में तब्दील इमारतों से शहर भुतहा नजर आ रहे हैं। भूमध्य सागर के तट पर छोटे से इलाके में सीमित गाजा शरणार्थी शिविर शहरों में बंटा हुआ है। एसोसिएटेड प्रेस द्वारा ड्रोन से ली गई तस्वीरों में जहां तक नजर जाती है वहां तक मलबे के ढेर दिखाई देते हैं। यह मंजर इजराइल और हमास के बीच चले सबसे लंबे और सबसे घातक युद्ध के रक्तरंजित इतिहास का गवाह है। रफह के रहने वाले 38 वर्षीय हुसैन बरकत मलबे की ओर इशारा करते हुए कहते हैं, जैसा कि आप देख सकते हैं, यह एक भुतहा शहर में तब्दील हो गया है। कुछ भी नहीं बचा है। बरकत का घर भी हमले में तबाह हो गया है। आलोचकों का कहना है कि इजराइल ने गाजा में जीवन के ताने-बाने को नष्ट करने के लिए भीषण अभियान चलाया है और इन आरोपों पर दो अंतरराष्ट्रीय अदालतों में विचार किया जा रहा है। इजराइल पर लगाए गए इन आरोपों में जनसंहार के आरोप भी शामिल हैं। इजराइल ने इन आरोपों का खंडन किया है। इजराइल की दलील है कि उसकी सेना घने शहरी इलाकों में एक जटिल लड़ाई लड़ रही है और वह नागरिकों और उनके बुनियादी ढांचे को अनुचित नुकसान पहुंचाने से बचने की कोशिश करती है।

## आश्रय स्थलों में रह रहे कई फलस्तीनी मलबे में बदल चुके घरों में लौटने के इच्छुक नहीं

रफह (गाजा पट्टी)। कई फलस्तीनियो का कहना है कि वे युद्ध की वजह से विस्थापित होने के बाद अपने आश्रय स्थलों में रह रहे है जिनको छोड़कर गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफह में अपने पुराने घरों के मलबे में लौटने की उनकी इच्छा नही है। विस्थापित हुए हुसैन बरकत ने कहा, हम युद्ध विराम के दौरान एक तंबू लगाने के लिए वापस आना चाहते थे। जैसा कि आप देख सकते है, यह एक भुतहा शहर बन गया है। यहां पानी नही है। कुछ भी नहीं है। यहां तक कि कोई समतल जमीन भी नही है, जहां आप रह सकें। एसोसिएटेड प्रेस द्वारा शूट किए गए फुटेज में विस्थापित निवासी हाथों से मलबे में खुदाई करते नजर आ रहे है। यूसुफ अल-शरकावी ने अपने पांच बच्चों के लिए कपड़े निकालने के लिए अपने नष्ट हो चुके घर के खंडहरों को छान मारा। बच्चो में उनका नवजात शिशु भी है, जो रात में सर्दियों की ठंड से संघर्ष कर रहा है। रफह के एक अन्य विस्थापित मोहम्मद अल-बल्लास ने कहा कि पानी और बिजली सहित बुनियादी आवश्यकताओं के बिना रफह में घर वापस लौटना मुश्किल होगा। ढही हुई इमारतो, मलबे के ढेर और नष्ट हो चुकी सड़कों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि वे अभी अपने आश्रय स्थल में ही रहेंगे क्योंकि उनके पुराने ठिकाने के खंडहरों में तंबू लगाने के लिए भी जगह नही है। उन्होंने कहा, अगर आप यहां किसी जानवर को बांधने की कोशिश भी करेंगे तो वह भी जिंदा नही बचेगा।

## भारतीय प्रतिभाएं हर जगह अपना लोहा मनवा रही हैं : जयंत

**दावोस।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि भारतीय कामगार नेतृत्व की भूमिका सहित हर जगह अपनी क्षमता साबित करते हैं और सफलता की यह कहानी वैश्विक मंच पर और आगे बढ़ेगी। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर इस स्की रिसॉर्ट शहर में पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में मंत्री ने कहा कि पूरा विश्व देख रहा है कि भारत कौशल विकास तथा शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह काम कर रहा है। उन्होंने विश्व के समक्ष भारत की विकास गाथा पर और अधिक जोर दिए जाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा, दावोस में होने वाली विश्व आर्थिक मंच की बैठक एक बहुत बड़ा कार्यक्रम है। इसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े लोग, विभिन्न देशों के नेता, सरकारी तथा गैर-सरकारी संगठन और कॉरपोरेट घरानों के लोग शामिल होते हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ नई शुरुआत करने उतरेगा भारत

● टीम इंडिया में शमी की वापसी पर फोकस

भाषा। कोलकाता




**फिट होकर टीम में** लौटे मोहम्मद शमी की वापसी पर सभी की नजरें होंगी जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टी20 टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य आस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर शर्मनाक हार से मिले जख्मों पर मरहम लगाने का भी होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे जो अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले दोनों टीमों के लिए खुद को आंकने का सुनहरा मौका है। शमी वनडे विश्व कप 2023 में चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 विकेट लिए थे। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 57 रन देकर सात विकेट चटकाए थे। वह टी20 क्रिकेट में कुल 24 विकेट ले चुके हैं और इसमें अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को फाइनल में मिली हार के बाद से टखने की चोट के कारण शमी टीम से बाहर हैं। इसके बाद उनके बाएं घुटने में सूजन आ गई थी। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमर में चोट होने से चैम्पियंस ट्रॉफी में उनका खेलना तय नहीं है जिससे शमी पर काफी दारोमदार होगा। शमी ने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में वापसी की और सात विकेट लेकर सत्र की पहली जीत दिलाई। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 और विजय हजारे ट्रॉफी में पांच विकेट लिए। शमी ने टी20 कैरियर में 2014 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 23 मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार को अभी तक भुला नहीं पाई है जिसके बाद टीम में अनुशासन बहाल करने के लिए बीसीसीआई ने कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं। हरफनमौला अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया है जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अक्षर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 31 गेंद में 47 रन बनाए और आठ मैचों में नौ विकेट भी लिए थे। भारत की चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव होगा। मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी मैच में उन्हें केरल टीम में जगह नहीं मिली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में लगातार दो टी20 शतक जड़ने वाले सैमसन कई बार खुद को साबित कर चुके हैं। वहीं आस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में दिसंबर में बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक जमाने वाले नीतिश रेड्डी को भी टीम में जगह मिली है। वह हार्दिक पंड्या के साथ तेज गेंदबाजी का एक और विकल्प दे सकते हैं। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम के लिए मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ यह नए सत्र की शुरूआत है। टी20 विश्व कप से इंग्लैंड के बाहर होने के बाद मैथ्यू मोट ने इस्तीफा दे दिया जिसके बाद मैकुलम ने तीन साल का करार किया। टेस्ट क्रिकेट को आक्रामक खेल (बैजबॉल) की नई परिभाषा देने वाले मैकुलम सीमित ओवरों के प्रारूप में भी उसे दोहराना चाहेंगे। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल चुके मैकुलम के लिए ईडन गार्डन नया नहीं है। इंग्लैंड को रीसे टॉपली , सैम कुरेन और विल जैक की कमी खलेगी लेकिन 21 वर्ष के जैकब बेथेल अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। उन्होंने अब तक सात टी20 मैचों में 167 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। शमी की ही तरह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं। वैसे भारत में शाम को पड़ने वाली ओस से तेज गेंदबाजों को दिक्कत हो सकती है। इसके बाद 25 जनवरी को दूसरा टी20 चेन्नई में, 28 जनवरी को राजकोट, 31 जनवरी को पुणे और दो फरवरी को मुंबई में खेला जाएगा।

# हमारी टीम में कई कप्तान है, हार्दिक नेतृत्व समूह का हिस्सा है: सूर्यकुमार

भाषा। कोलकाता



**भारतीय टी20 टीम** के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाए जाने के बावजूद हार्दिक पंड्या नेतृत्व समूह का हिस्सा बने हुए हैं।पिछले साल टी20 से रोहित शर्मा के संन्यास के बाद हार्दिक को टीम की कप्तानी सौंपी गई थी लेकिन नए कोच गौतम गंभीर के आने के बाद सूर्यकुमार को यह जिम्मेदारी दी गई। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले हार्दिक को उप-कप्तान पद से हटा दिया गया और अक्षर को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हार्दिक मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हैं जबकि सूर्यकुमार उस टीम के अहम सदस्य हैं।सूर्यकुमार ने जोर देकर कहा कि वह अपने आईपीएल कप्तान के साथ मजबूत रिश्ता साझा करना जारी रखेंगे और हार्दिक भारतीय टी20 टीम के नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं। सूर्यकुमार ने ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती मैच की पूर्व संध्या पर कहा, उनके साथ मेरा रिश्ता वास्तव में बहुत अच्छा रहा है। हम बहुत लंबे समय से खेल रहे हैं। भारतीय टी20 कप्तान ने कहा, मुझे अभी भी 2018 याद है जब मैं मुंबई इंडियंस से जुड़ा था और आज तक उस टीम का हिस्सा हूं। यह (भारतीय टीम की कप्तानी) सिर्फ अतिरिक्त जिम्मेदारी है जो मुझे मिली है। उन्होंने कहा, हम मैदान के बाहर और अंदर अच्छे दोस्त है। जब हम फ्रेंचाइजी क्रिकेट में वापस जाते हैं, तो यह (कप्तानी) उसके पास आ जाती है, इसलिए मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। हम जानते हैं कि हम टीम के साथ आगे क्या चाहते हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी टीम में नहीं होने का मलाल नहीं

**कोलकाता।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान और आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने चैंपियंस ट्रॉफी टीम मे जगह नही मिलने को स्वीकार करते हुए मंगलवार को कहा कि उन्हे सबसे ज्यादा निराशा इस बात की है कि वह वनडे प्रारूप मे अच्छा प्रदर्शन नही कर सके और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए चुने गए खिलाड़ी टीम मे शामिल होने के हकदार है। चयनकर्ताओं ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्ईय भारतीय टीम के लिए सूर्यकुमार को नजरअंदाज किया है। वह हालांकि बुधवार से यहां जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला मे टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। सूर्यकुमार को मैदान के चारों ओर शॉट सहजता से बड़े शॉट खेलने की क्षमता के कारण मौजूदा समय मे टी20 प्रारूप के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों मे से एक माना जाता है।

### हिमा दास ने महाकुंभ में गंगा में डुबकी लगाई

महाकुंभ नगर (उत्तर प्रदेश)। स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास ने महाकुंभ नगर आकर गंगा में डुबकी लगाई। धिंग एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हिमा यहां अपने दोस्तों के साथ आई थी और अपने अध्यात्मिक गुरू केशव दास जी महाराज से आशीर्वाद लिया। महाराज ने कहा , जब हिमा को महाकुंभ मे पूर्वोत्तर शिविर के बारे मे पता चला तो वह आए बिना रह नही सकी। वह अपने दोस्तों के साथ आई, गंगा मे डुबकी लगाई और रविवार को चली गई। उन्होंने कहा , वह इस अनुभव को लेकर काफी रोमांचित थी और नामघर देखने भी आई। जकार्ता एशियाई खेल 2018 की स्वर्ण पदक विजेता हिमा 16 महीने का निलंबन खत्म होने के बाद वापसी की तैयारी में है। उनका निलंबर 22 जुलाई 2023 से 21 नवंबर 2024 तक था।

### मांडविया ने एनएसएफ के प्रतिनिधियों से मुलाकात की

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को प्रमुख राष्ट्रीय खेल महासंघो (एनएसएफ) के प्रतिनिधियों से मुलाकात करके 2028 मे लॉस एंजिल्स होने वाले ओलंपिक खेलो के लिए भारत की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की। मंत्रालय ने पिछले सप्ताह खेल प्रशासकों को इस बैठक के लिए निमंत्रण दिया था। मांडविया ने बैठक के बाद एक्स पर लिखा, आज देश के प्रमुख राष्ट्रीय खेल महासंघों के साथ बैठक करके 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के मंत्र के साथ हमें देश को खेलों के क्षेत्र में मजबूत बनाना है और प्रतिभा को बढ़ावा देना है। मांडविया ने हाल ही मे एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि उनका लक्ष्य भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलो मे शीर्ष 10 देशो मे शामिल करना है।

### नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे गुकेश और अर्जुन

स्टवान्गर (नॉर्वे)। विश्व चैंपियन डी गुकेश और भारत के शीर्ष खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी इस साल 26 मई से छह जून तक यहां होने वाले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट मे मैग्नस कार्लसन और फैबियानो कारूआना जैसे दिग्गजो का सामना करेंगे। नॉर्वे शतरंज ने मंगलवार को घोषणा की कि विश्व मे तीसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा और चीन के विश्व में नौवे नंबर के खिलाड़ी वेई ई भी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मे चुनौती पेश करेंगे।इस प्रतियोगिता मे विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन, विश्व में नंबर दो कारूआना, नंबर तीन नाकामुरा, नंबर चार एरिगैसी, नंबर पांच और सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और नंबर नौ वेई ई भाग लेंगे।

### बीसीसीआई के खिलाड़ियों के लिए नए दिशा निर्देश के बाद हीली ने कहा , सतर्क रहें

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान हीली ने कहा कि बीसीसीआई द्वारा खिलाड़ियों के लिए जारी किए गए दस बिदुओं के दिशा निर्देश भारतीय टीम मे अनुशासन की कमी को दर्शाते है और उन्होंने बाकी क्रिकेट टीमों से इस तरह की स्थिति से बचने के लिए सतर्क रहने का आग्रह किया। आस्ट्रेलिया मे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी मे। . 3 से हार के बाद बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को अभ्यास सत्रो के दौरान पूरे समय मौजूद रहने और टीम के साथ ही स्टेडियम जाने और आने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दौरे पर परिवार के साथ समय को लेकर भी पाबंदियां लगाई गई है। हीली ने सेन रेडियो से कहा , भारतीय क्रिकेट नए सांचे मे ढल रहा है। क्रिकेट अधिकारियो के सख्त और मजबूत रूख से पता चलता है कि टीम मे कही न कही अनुशासन की कमी दिख रही थी।

# जोकोविच ने अल्काराज को हराया, 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर

● ऑस्ट्रेलियाई ओपन : सबालेंका लगातार तीसरे खिताब से दो जीत दूर

● टॉमी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव

भाषा। मेलबर्न



**नोवाक जोकोविच** ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को यहां कार्लोस अल्काराज को हराकर रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाया।सैंतीस साल के जोकोविच में बाएं पैर में खिंचाव के दर्द से पार पाते हुए विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज अपने से 16 साल छोटे खिलाड़ी को 4-6, 6-4, 6-3, 6-4 से हराकर 12वीं बार इस प्रतियोगिता के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। स्पेन के 21 साल के तीसरी रैंकिंग वाले अल्काराज ने पूर्व विश्व नंबर एक के खिलाफ पहला सेट 6-4 से जीतकर मजबूत शुरुआत की थी लेकिन जोकोविच ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करते हुए अगले तीन सेट में अपना दबदबा दिखाया। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज जोकोविच सामने ग्रैंड स्लैम के अपने 50वें सेमीफाइनल मैच में दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव की चुनौती होगी। ज्वेरेव ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिल अमेरिका के टॉमी पॉल को 7-6 (1), 7-6 (0), 2-6, 6-। हराया। वहीं विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को यहां पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए।सबालेंका ने क्वार्टरफाइनल में अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 2-6, 6-2, 6-3 से हराया। इस तरह से वह मेलबर्न पार्क में लगातार 19 मैच जीत चुकी हैं। गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल में उनका मुकाबला अपनी अच्छी सहेली और 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा से होगा। सबालेंका को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा। तीसरे और निर्णायक सेट में भी एक समय स्कोर 33 से बराबरी पर था। इसके बाद सबालेंका ने लगातार तीन गेम जीतकर मैच अपने नाम किया। उधर दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को यहां टॉमी पॉल को हराकर अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे। जर्मनी के इस खिलाड़ी ने रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज अमेरिका के पॉल के खिलाफ तीन घंटे 28 मिनट तक चले मुकाबले को 7-6 , 7-6, 2-6, 6-। से अपने नाम किया। मैच के दूसरे सेट में जब ज्वेरेव 4-2 से पीछे चल रहे थे।

### बोपन्ना- झांग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारी

मेलबर्न। रोहन बोपन्ना और शुआई झांग मिश्रित जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम आठ मुकाबले मे मंगलवार को यहां स्थानीय वाइल्ड कार्ड जॉन पीयर्स और ओलिविया गैडेकी की जोड़ी के खिलाफ सुपर टाई-ब्रेक मे मैच प्वाइंट भुनाने मे नाकाम रहने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई।ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी से भारत और चीन के खिलाड़ियों की जोड़ी यहां किआ एरेना मे एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले मे 6-2, 4-6, 9-11 से हार गई।इस हार के साथ ही साल के पहले ग्रैंड स्लैम मे भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। बोपन्ना पहले ही पुरुष युगल से बाहर हो गए थे। एकल मे सुमित नागल और युगल विशेषज्ञ युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी सहित भारत के अन्य दावेदार भी इस हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट के विभिन्न चरणों मे हार के साथ बाहर हो चुके है।बोपन्ना और झांग शुरुआती सेट आसानी से जीत गए थे लेकिन ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड-कार्ड जोड़ी ने दूसरे सेट मे जोरदार वापसी की।

# अंडर 19 विश्व कप : वैष्णावी के हैट्रिक समेत रिकॉर्ड पांच विकेट

● भारत ने मलेशिया को दस विकेट से हराया

भाषा। कुआलालंपुर




**पदार्पण** कर रही बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने आईसीसी अंडर 19 महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाते हुए हैट्रिक समेत पांच रन देकर पांच विकेट लिए जिसकी मदद से भारत ने मलेशिया को मंगलवार को दस विकेट से हराया। वैष्णवी और बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन देकर तीन विकेट) ने मलेशियाई बल्लेबाजी की रीढ तोड़ दी और पूरी टीम 14 . 3 ओवर में 31 रन पर आउट हो गई। भारत ने 2 . 5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। जी तृषा ने 12 गेंद में पांच चौकों की मदद से नाबाद 27 रन बनाए। भारत अब चार अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है। श्रीलंका के भी चार अंक है लेकिन भारत का रन औसत (प्लस 9.1) श्रीलंका (प्लस 5.5) से बेहतर है। पिच से मिल रहे टर्न और उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए वैष्णवी ने मलेशिया को एक के बाद एक झटके दिए। उन्होंने नूरिन बिन्ती रोसलान, नूर इस्मा दानिया और सिति नाजवान को लगातार तीन गेंदों पर आउट किया।

# जय शाह ने आईओसी प्रमुख थॉमस बाक से मुलाकात की

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के 30 जनवरी से लुसाने में होने वाले विशेष सत्र से पहले आइओसी के प्रमुख थॉमस बाक से मुलाकात की।क्रिकेट को लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है और इस दृष्टि से यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आईसीसी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर दोनों प्रमुख प्रशासकों की बैठक की तस्वीरें पोस्ट की। लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के बाद भी क्रिकेट को ओलंपिक खेल के रूप में शामिल करने को लेकर प्रयास जारी हैं। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने इस सप्ताह स्विट्जरलैंड के लुसाने में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की। वह क्रिकेट को ओलंपिक में नियमित खेल के रूप में शामिल करने को लेकर प्रयासरत हैं।शाह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ब्रिस्बेन में थे जहां उन्होंने 2032 में ब्रिस्बेन में होने वाले ओलंपिक खेलों की आयोजन समिति के प्रमुख सिंडी हुक और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले से मुलाकात की, ताकि उन्हें ओलंपिक 2032 में क्रिकेट को शामिल करने के लिए राजी किया जा सके।

# सात्विक-चिराग इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

● आयुष और तान्या मुख्य दौर में पहुंचे



भाषा। जकार्ता

**सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी** और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों की चैम्पियन भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16 21-15 से हराया। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी पिछले दो सप्ताह में दो सेमीफाइनल (मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750) खेल चुकी है। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकित्ता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6 21-14 से हराया। सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा की जोड़ी का अगला मुकाबला मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स के उपविजेता आयुष शेट्टी ने क्वालीफाइंग चरण में हमवतन किदांबी श्रीकांत को 21-7, 21-15 से हराया, जबकि तान्या हेमंत ने महिला एकल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को कड़े संघर्ष में 16-21, 21-17, 21-15 से मात दी।

# 38वें राष्ट्रीय खेल में उप्र के खिलाड़ी 31 खेलों में पेश करेंगे चुनौती

● 38वें राष्ट्रीय खेल 434 सदस्यीय दल तैयार

● एके त्रिपाठी होंगे उत्तर मुख्य दलनायक




**लखनऊ।** उत्तराखंड में आयोजित होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश की टीम पूरी तरह से तैयार है। इन खेलों का आयोजन 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी 31 खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। राष्ट्रीय खेलों के लिए एके त्रिपाठी उपाध्यक्ष यूपी हॉकी को उत्तर प्रदेश टीम का मुख्य दलनायक चीफ डि मिशन नियुक्त किया गया है। आज केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश के दल को उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन का ध्वज सौंपा गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि इस बार उत्तर प्रदेश का 434 सदस्यीय दल राष्ट्रीय खेलों में भाग लेगा, जिसमें 340 खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों में 195 पुरुष एवं 145 महिला खिलाड़ी हैं। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन ने खिलाड़ियों व आफिशियल की सूची जारी कर दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों के सुचारू प्रतिभाग एवं प्रतियोगिता स्थल पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने के लिए मुख्य दलनायक एके त्रिपाठी के साथ सुधीर शर्मा ,सुधर्मा और विनय सिंह को उपदलनायक डिप्टी चीफ डि मिशन के तौर पर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कंटिजेंट असिस्टेंट की भूमिका में एसके तिवारी व मो.तौहीद होंगे। महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी पिछली बार के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करेंगे और राज्य के गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। खेल निदेशक डाण्आरपी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेल में प्रतिभाग करने वाले उत्तर प्रदेश के दल के सभी सदस्यों को ट्रेन का थ्री टीयर का किराया और किट दी जा रही है। इसके साथ इन खेलों में उत्तर प्रदेश के पदक विजेताओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसमें व्यक्तिगत खेलों में स्वर्ण विजेता को 6 लाख रुपएए रजत विजेता को 4 लाख रुपए व कांस्य पदक विजेता को 2 लाख रुपए का नगद पुरस्कार मिलेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफ त जुबैर रिजवी, उत्तर प्रदेश वुशू एसोसिएशन के सचिव मनीष कक्कड़ व लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिमेश सक्सेना भी मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### प्रज्ञानानंदा ने अर्जुन को हराया, संयुक्त बढ़त पर

विज्क आन जी (नीदरलैंड)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन अर्जुन एरिगेसी पर जीत दर्ज करके टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ संयुक्त बढत बना ली है। प्रज्ञानानंदा और अब्दुसत्तोरोव के 2 . 5 अंक है। प्रज्ञानानंदा ने 60 चालों के बाद जीत दर्ज की। एरिगेसी की तीन दिन मे यह दूसरी हार है जो पहले दिन पी हरिकृष्णा से पराजित हुए थे। विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना को ड्रॉ पर रोका। उनके तीन मे से दो अंक है। हरिकृष्णा को पदार्पण कर रहे भारत के ही लियोन ल्यूक मेंडोसा ने ड्रॉ पर रोका। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट के अभी नौ दौर बाकी है। गुकेश, कारूआना और जर्मनी के विसेंट केमेर तीसरे स्थान पर है जबकि हरिकृष्णा। . 5 अंक लेकर चार खिलाड़ियों के साथ अगले स्थान पर है। चैलेंजर वर्ग मे भारत की आर वैशाली को कजाखस्तान की नोजेरबेक काजिबेक ने हराया जबकि दिव्या देशमुख को अजरबैजान की ऐदिन सुलेमानी ने मात दी।

### इंदिरा यूथ यात्रा एवं लीडरशिप अवॉर्ड्स का आयोजन

वाराणसी। इंदिरा यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित इंदिरा यूथ यात्रा एवं लीडरशिप अवॉर्ड्स का भव्य आयोजन द एलिगेंस होटल, वाराणसी में सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने युवा सशक्तिकरण, नेतृत्वए नवाचार और उपस्थित लोगों को एक उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कई सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति ने इसे और भी गरिमामय बना दिया। डॉ,रवि कुमार सिंहए मुख्य वन संरक्षण आईएफएस अधिकारी, वाराणसी प्रोफेसर चेतन वाकलकर, अकादमिक सलाहकार, इंदिरा ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूट्स, पुणे की उपस्थिति ने कार्यक्रम को समृद्ध बनाया। युवाओं को सशक्तिकरण, नेतृत्व और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए विचारोत्तेजक अंतर्दृष्टि और प्रेरणा प्रदान की। सम्मानित अतिथियों ने नेतृत्व और नवाचार पर अपने विचार साझा किए। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों को विशेषज्ञोंए पेशेवरों और साथियों के साथ संवाद और सहयोग करने का अवसर मिला। 300 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति में इंदिरा यूथ यात्रा एवं लीडरशिप अवॉर्ड्स ने शिक्षा और नेतृत्व की शक्ति को उजागर किया । इंदिरा यूनिवर्सिटी ने यह दिखाया कि कैसे वह अपने अद्वितीय शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से अगली पीढ़ी के विद्यार्थियों को तैयार कर रही है । इंदिरा यूनिवर्सिटी इस सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और साझेदारों का आभार व्यक्त करती है । आइएए मिलकर एक उज्जवल भविष्य का निर्माण करें ।

### गिल को उपकप्तान बनाना दूरदर्शी कदमः अश्विन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर रविचंद्र अश्विन ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए शुभमन गिल को उपकप्तान बनने के फैसले को दूरदर्शी कदम करार देते हुए कहा कि शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज की टीम मे जगह लगभग पक्की है और उन्हे भविष्य के कप्तान के तौर पर तैयार किया जा सकता है। हाल ही मे संपन्न ऑस्ट्रेलिया दौरे पर राष्ट्रीय टीम से संन्यास की घोषणा करने वाले अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर रविवार को कहा, इस बारे मे सोचे कि मौजूदा टीम मे उप-कप्तान की भूमिका के लिए और किस पर विचार किया जा सकता है। मै यह नही कह रहा हूं कि शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाने का निर्णय सही है या गलत, लेकिन यह सही दिशा मे उठाया गया कदम है, खासकर तब जब वह पिछली श्रृंखला मे भी उपकप्तान थे। उन्होने कहा, मै गलत हो सकता हूं, लेकिन वह शायद टेस्ट क्रिकेट मे उप-कप्तान रह चुके है।

### टी20 से इंग्लैंड की तैयारी बाधित नहीं होंगी : बटलर

**कोलकाता।** इंग्लैड के कप्तान जोस बटलर को यकीन है कि भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला से आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी की उनकी तैयारियो पर असर नही पड़ेगा और उन्होने नए मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ भी इस दौरे पर तालमेल बनाने की उम्मीद जताई। वनडे प्रारूप मे चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। इंग्लैड की टीम टूर्नामेंट से पहले भारत के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगी। बटलर ने ईडन गार्डन पर होने वाले पहले वनडे से पूर्व कहा , यह एक बेहतरीन टीम के खिलाफ शानदार श्रृंखला होगी। मै इस समय शेड्यूल को लेकर चिंतित नही हूं। मै बस खेलना चाहता हूं। उन्होने कहा , यह रोमांचक टी20 श्रृंखला होगी। कुछ वनडे भी खेलने है तो मुझे इन मैचों का इंतजार है। मैथ्यू मोट के इस्तीफे के बाद इंग्लैड की सीमित ओवरों की टीम के कोच बने मैकुलम के साथ भी बटलर अच्छा तालमेल कायम करना चाहते है। उन्होने कहा , बैज (मैकुलम) काफी समय से यहां है तो यह उनके लिए नया नही है।

### मंधाना आईसीसी रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंची

दुबई। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आयरलैड के खिलाफ तीन मैचो की श्रृंखला मे शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग मे एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। बाएं हाथ की यह सलामी बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय है। उन्होंने आयरलैड के खिलाफ तीसरे वनडे मे 135 रन बनाने से पहले शुरुआती दो मैचो मे 41 और 73 रन की उपयोगी पारियां खेली थी। इस 28 साल की खिलाड़ी के नाम 738 रेटिंग अंक है। रैकिंग मे दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट (773 अंक) शीर्ष पर है। श्रीलंका की दिग्गज खिलाड़ी चमारी अटापट्टू (733) तीसरे स्थान पर है। आयरलैड के खिलाफ दूसरे वनडे मे अपना पहला शतक लगाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स दो स्थान की सुधार के साथ 17वे स्थान पर है जबकि चोट के कारण इस श्रृंखला से बाहर रही कप्तान हरमनप्रीत कौर 15वे स्थान पर है। दीप्ति शर्मा 344 रेटिंग अंको के साथ हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची मे छठे स्थान पर है।

### किआ ईवी में नवचार व रफ्तार पर देगा जोर

**नई दिल्ली।** भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में किआ इंडिया ने अपनी नई ईवी-6 का अनावरण किया। कंपनी ने घोषणा की है कि इस इलेक्ट्रिक वाहन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। यह वाहन किआ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा का एक और महत्वपूर्ण कदम है। नई किआईवी-6 सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। यह वाहन कंपनी के एडीएस 2.0 पैकेज से लैस है, जिसमें 27 उन्नत सुरक्षा और ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स शामिल हैं। पिछले मॉडल की तुलना में इसमें 5 नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो इसे और भी बेहतर बनाती हैं। नई कि आईवी- 6 में ये उन्नत सुरक्षा फीचर्स दिए गए हैं, इनमें फ्रंट कोलिजन अवॉइडेंस असिस्ट ः शहर, पैदल यात्री, साइकिल चालक और जंक्शन टर्निंग के लिए; फॉरवर्ड कोलिजन अवॉइडेंस जंक्शन क्रॉसिंग और लेन चेंज असिस्ट के साथ, लेन फॉलो असिस्ट )ः वाहन को लेन में बनाए रखने के लिए, इवेसिव स्टीयरिंग असिस्टः टक्कर से बचने के लिए शामिल हैं। किआ इंडिया के एमडी और सीईओ, ग्वांगू ली ने अनावरण के अवसर पर कहा, किआ इंडिया ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान सम्पादक : शोबोरी गाँगुली।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001